राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 108
लखनऊ, गुरुवार 05 दिसंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





विधायक खेल स्पर्धा को प्रोत्साहित करेगी सरकार : योगी 03

पर्थ टेस्ट में जीत से बढ़ा टीम का आत्मविश्वास : लोकेश राहुल 12


सीएम योगी ने महाराणा प्रताप (एमपी) शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा

# भारत के प्रति दुनिया का बढ़ा विश्वास

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत के प्रति पूरी दुनिया का विश्वास तेजी से बढ़ा है। एक समय था जब भारत दुनिया के किसी भी गुट में नहीं था। देश के सामने असमंजस की स्थिति थी कि उसकी दिशा क्या होगी, उसे क्या करना है। पर, आज का नया भारत दुनिया के ध्रुवीकरण की दिशा तय करता है। दुनिया का ध्रुवीकरण उधर होता है, जिधर भारत होता है।



### आज का नया भारत दुनिया के ध्रुवीकरण की दिशा करता है तय

सीएम योगी बुधवार को महाराणा प्रताप (एमपी) शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज परिसर में समारोह के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दुनिया उसी का अनुसरण करती है जो खुद को उसके अनुरूप तैयार करने का माद्दा रखता है। जो स्वयं खड़ा नहीं हो सकता, वह दूसरों को खड़ा होने की प्रेरणा कैसे दे सकता है। मोदी के नेतृत्व में नए भारत को खुद को उसी अनुरूप तैयार किया गया।

### देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं

सीएम योगी ने देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं होती है। संस्थाओं और व्यक्तियों को भी इसकी जिम्मेदारी उठानी होती है। अब जिम्मेदारी से बचने का नहीं बल्कि जिम्मेदारी समझने और खुद को उसके अनुरूप तैयार करने का समय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए अगले 25 वर्ष का रोडमैप तय किया है, देश जब आजादी का शताब्दी महोत्सव मन रहा होगा तब तक देश को विकसित भारत बनाने का। इसमें हर नागरिक, हर संस्था की भूमिका होनी चाहिए कि हमारा देश आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बने और स्वाभिमान के साथ इस विकास यात्रा में हमारा भी योगदान हो। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के दोनों प्रणेताओं ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी का भी पूरे जीवन यही भाव रहा।

### शिक्षा परिषद की 92 वर्ष की यात्रा समग्र मूल्यांकन का अवसर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की परिस्थितियों और इसकी अबतक की यात्रा को याद करते हुए कहा कि परिषद की 92 वर्ष की यात्रा इस बात के समग्र मूल्यांकन का अवसर है कि नए भारत के लिए संस्था किस दृष्टि से तैयार हो। उन्होंने कहा कि 1932 में जब ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ ने जब इस परिषद रूपी छोटे बीज को रोपित किया था तब साधन और संसाधन नहीं थे। देश तब गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था। एक ओर आजादी की लड़ाई हिलोरें ले रही थीं तो दूसरी ओर आजादी हासिल करने के विश्वास भाव के साथ आजाद भारत के नेतृत्व के लिए योग्य नागरिक तैयार करने की चुनौती थी। ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की और उसी के अनुरूप उनके बाद ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ ने आगे बढ़ाया।

### सफलता के लिए एकाग्रता परिश्रम व टीम भावना जरूरी

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह के उद्घाटन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का दिन अनुशासन पर्व है। जीवन मे सर्वांगीण विकास के लिए अनुशासन अपरिहार्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता हासिल करने का मंत्र देते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा के एकल क्षेत्र में एकाग्रता और कठिन परिश्रम जरूरी है तो समूह में व्यक्तिगत एकाग्रता व कठिन परिश्रम के साथ टीम भावना का होना अहम है। एकाग्र भाव, कठिन परिश्रम और टीम भावना ही सफलता का मूलमंत्र है। यदि यह तीनों एकसाथ हों तो कुछ भी असंभव नहीं रह जाता।

## सीबीआई ने की 117 करोड़ की साइबर धोखाधड़ी मामले में छापेमारी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 117 करोड़ रुपये की साइबर धोखाधड़ी के मामले में बुधवार को दिल्ली और आसपास के 10 स्थानों पर छापेमारी की। अपराधी म्यूल बैंक अकाउंट के माध्यम से पीड़ितों से हासिल पैसे की दुबई और यूएई में निकासी करते थे। सीबीआई ने बताया कि आज एक अंतरराष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी मामले में जारी जांच के तहत कार्रवाई की गई है। मामले में अपराधी डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे वेबसाइट व्हाट्सएप और टेलीग्राम का उपयोग कर भारतीय लोगों को निशाना बना रहे थे। यह लोगों से पार्ट टाइम जॉब, किसी तरह का काम करने या फिर हाई रिटर्न का वादा कर निवेश कराने के नाम पर ठगी करते थे। जांच में 3295 भारतीय बैंक अकाउंट की पहचान की गई है। इन अकाउंट्स के जरिए क्रिप्टोकरंसी की भी खरीद की गई है। सीबीआई ने भारतीय दंड संहिता की धारा 403 और 420 और भारतीय प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66डी के तहत केस दर्ज किया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र को इस संबंध में लिखित शिकायतें मिली थीं।

## गैंगस्टर अधिनियम पर यूपी सरकार को सुप्रीम नोटिस

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को यूपी सरकार को नोटिस जारी करके उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स व असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम पर जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने कहा, यह अधिनियम 'कठोर' प्रतीत होता है।शीर्ष न्यायालय ने यह टिप्पणी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मई 2023 के उस आदेश को चुनौती देने वाले व्यक्ति की अपील पर की, जिसमें इस अधिनियम को लागू किया गया था। उच्च न्यायालय ने कासगंज की जिला अदालत में लंबित अधिनियम के तहत उसके खिलाफ कार्यवाही को रद्द करने की मांग करने वाली उसकी याचिका को खारिज कर दिया था। पिछले साल नवंबर में सुनवाई के दौरान शीर्ष न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य से याचिका पर जवाब मांगा था। न्यायालय ने एक अंतरिम आदेश भी जारी किया जिसमें कहा गया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ गैंगस्टर अधिनियम के तहत कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जायेगा। याचिकाकर्ता के वकील ने आज तर्क दिया कि उनके मुवक्किल पर गंगा नदी में अवैध खनन के आरोपों पर 1986 अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसी तरह के आरोपों पर पहले भी प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है, जिसमें याचिकाकर्ता पर एक ही अपराध के लिए दो बार आरोप लगाये गये हैं। उन्होंने 1986 अधिनियम के विशिष्ट प्रावधानों का हवाला दिया। शीर्ष न्यायालय ने कहा, इस पर विचार करने की आवश्यकता है। न्यायालय ने यह भी रेखांकित किया कि अधिनियम के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली एक अलग याचिका पर निर्णय लंबित है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुरनकोट में आतंकियों ने सेना की चौकी पर फेंके दो ग्रेनेड

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के सुरनकोट इलाके में बुधवार सुबह आतंकवादियों ने सेना की एक चौकी पर दो ग्रेनेड फेंके, जिसमें से केवल एक ग्रेनेड फटा। हालांकि, इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों की धर-पकड़ के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। सेना के अनुसार सुरनकोट इलाके में सेना के एक शिविर के पीछे एक सेना की चौकी पर आतंकवादियों ने आज दो ग्रेनेड फेंके। उनमें से एक में विस्फोट हो गया जबकि दूसरे में नहीं हुआ। इसके बाद चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने दूसरे ग्रेनेड को खोजा और विशेषज्ञों ने उसे निष्क्रिय कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट हुए ग्रेनेड का सेफ्टी पिन सेना के शिविर की परिधि की दीवार के पास मिला।

### बसपा नेता रामचंद्र गौतम के बेटे की सड़क हादसे में मौत

**जौनपुर।** मल्हनी क्षेत्र के चितौडी गांव निवासी बसपा के वरिष्ठ नेता रामचंद्र गौतम के पुत्र धर्मेंद्र गौतम (27) की एक सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी। बता दें कि बसपा के वरिष्ठ नेता व वाराणसी मंडल के कोऑर्डिनेटर राम चन्द्र गौतम के पुत्र धर्मेंद गौतम नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या का छात्र था और पीएचडी की पढ़ाई कर रहा था। बुधवार की शाम करीब 6 बजे मीडिया को जानकारी दी गई कि सुबह 9.30 बजे धर्मेंद्र गौतम अपने विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक के बाहर खड़े थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गयी।

### असम : रेस्टोरेंट, सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस प्रतिबंधित

**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि अब असम में होटल, रेस्टोरेंट तथा सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस खाना प्रतिबंधित है। उन्होंने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहले मंदिरों के पांच किलोमीटर के दायरे में गोमांस खाना प्रतिबंध था। अब इस डायरे को और भी बढ़ा दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन वर्ष पहले असम में गौ हत्या पर प्रतिबंध के कानून लागू किए गए थे, जिसमें सरकार को काफी सफलता मिली है। इसी सफलता के मद्देनजर सरकार ने एक कदम आगे बढ़ते हुए सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस खाना प्रतिबंधित कर दिया है।

### नवम्बर माह के आईजीआरएस निस्तारण में प्रयागराज प्रथम

**प्रयागराज।** जन समस्याओं की त्वरित एवं समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्व निस्तारण मामले में बीते नवम्बर माह में प्रयागराज जनपद उत्तर प्रदेश में पहले स्थान आया है। यह जानकारी बुधवार को पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा ने दी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनता की समस्याओं का त्वरित, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं समाधान के लिए एकीकृत शिकायत प्रणाली आईजीआरएस पोर्टल का संचालन कर रही है।

## देवेंद्र फडनवीस आज लेंगे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ

**मुंबई।** महाराष्ट्र शासन की बागडोर एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र सरिता गंगाधरराव फडनवीस के हाथ में सौंपने की तैयारी पूरी हो चुकी है। शपथग्रहण समारोह यहां ऐतिहासिक आजाद मैदान में होगा। राज्य के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन श्री फडनवीस को गुरुवार शाम को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाएंगे। श्री फडनवीस का यह मुख्यमंत्री पद के लिए तीसरा शपथ-ग्रहण होगा, लेकिन यह उनकी वास्तविक अर्थों में पूर्ण बहुमत वाली दूसरी सरकार होगी। वह पहली बार 2014-19 तक मुख्यमंत्री रहे। वर्ष 2019 के विस चुनावों के बाद तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने उन्हें आनन-फानन में मुख्यमंत्री की शपथ दिलाई थी।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से एक करोड़ घर होंगे रोशन : नाईक

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त योजना के तहत सरकार 2027 तक 1 करोड़ घरों में सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। इस योजना का उद्देश्य कार्बन रहित बिजली उत्पादन को बढ़ावा देना और घरों को रोशन करना है।

संसद में जानकारी देते हुए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और बिजली राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने बताया कि अब तक राष्ट्रीय पोर्टल पर 1.45 करोड़ पंजीकरण हुए हैं, जिनमें से 6.34 लाख घरों में सोलर इंस्टॉलेशन पूरा हो चुका है। 26.38 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं और 3.66 लाख आवेदकों को सब्सिडी जारी की गई है। इस योजना के तहत 1 करोड़ रूफ्टॉप सोलर सिस्टम के लिए वित्त वर्ष 2027 तक 75,021 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। सब्सिडी का वितरण 15-21 दिनों के भीतर नियमित रूप से किया जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, गुजरात में योजना के तहत सबसे अधिक 2,86,545 सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए गए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र (1,26,344 संयंत्र) और उत्तर प्रदेश (53,423 संयंत्र) का स्थान है।

## बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी के खिलाफ एक और केस

**ढाका।** बांग्लादेश में देशद्रोह व अन्य गंभीर आरोपों में जेल की सलाखों के पीछे कैद हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी व अन्य के खिलाफ चट्टोग्राम में हुई हिंसा के संबंध में एक और मामला दर्ज किया गया है। ब्रह्मचारी को कल अदालत से जमानत नहीं मिल सकी। अदालत उनकी जमानत याचिका पर अगले साल दो जनवरी को सुनवाई करेगी। 38 वर्षीय चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी के खिलाफ व्यापारी मोहम्मद उल्लाह ने मंगलवार को बंदरगाह शहर के कोतवाली पुलिस स्टेशन में मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी अब्दुल करीम ने कहा कि मोहम्मद उल्लाह ने शिकायत में गंभीर आरोप लगाए हैं।

## सदन में प्रदर्शित करें अनुकरणीय आचरण

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को सदस्यों से आग्रह किया कि सुरक्षा और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सदन में अनुकरणीय आचरण प्रदर्शित करें। सभापति का बयान विपक्षी सदस्यों के विदेश मंत्री के वक्तव्य के बाद प्रश्न पूछे जाने की मांग ठुकराए जाने पर किए गए बहिर्गमन के बाद आया।

सभापति ने कहा कि वे बार-बार सदस्यों से कहते आये हैं कि पूरा देश हमें देख रहा है। हर बार अशोभनीय आचरण पर वे सदस्यों से इस बात का आग्रह करते हैं। उनका मकसद केवल सदस्यों की गरिमा को बहाल रखना है। वे चाहते हैं कि सदस्य नियमों पर विश्वास रखते हुए सदन की कार्यवाही में योगदान दें। राज्यसभा में आज विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन और भारत के संबंधों पर एक वक्तव्य दिया। कल उन्होंने यही वक्तव्य लोकसभा में दिया था। वक्तव्य के बाद विपक्ष की ओर से प्रश्न पूछे जाने की मांग की गई, जिसे सभापति जगदीप धनखड़ ने ठुकरा दिया। सभापति ने कहा कि सदन की नियमावली के अनुसार किसी विषय पर किसी मंत्री के सदन में दिए गए बयान पर प्रश्नोत्तर नहीं होता। इसके बावजूद भी विपक्षी दल के नेता अपनी मांग पर रेडी रहे और बाद में सदन से बाहर गमन किया। दूसरी ओर आज लोकसभा में भी अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों को विधेयक पर चर्चा के दौरान मर्यादित चर्चा करने का आग्रह किया।

### बायलर विधेयक को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की फौजिया खान और मार्क्सवादी वी शिवदासन के संशोधन प्रस्तावों को खारिज करते हुए बायलर विधेयक 2024 को बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने विधेयक पर दो घंटे से अधिक समय तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि कहा कि केन्द्र सरकार पुरानी सोच छोड़कर दस वर्षों से नयी सोच और दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है और यह विधेयक भी उसी का प्रतीक है। इसके माध्यम से गुलामी की मानसिकता को भी समाप्त किया जा रहा है क्योंकि यह विधेयक बहुत पुराना है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक देश में कार्यस्थलों को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक कदम है।

## पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह पर चली गोली, आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी




**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल (बादल) के पूर्व अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल आज सुबह बाल-बाल बच गए। अमृतसर में दरबार साहिब के बाहर धार्मिक सजा भुगत रहे सुखबीर बादल पर गोली चलाने वाले व्यक्ति को सेवादारों ने दबोच लिया। इस घटना से दरबार साहिब में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद अमृतसर में दरबार साहिब की तरफ जाने वाले सभी रास्तों पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह ने दो दिसंबर को सुखबीर समेत पूर्व अकाली मंत्रियों को धार्मिक सजा सुनाई थी। आज सुखबीर बादल व्हील चेयर पर सेवादार का चोला पहनकर, हाथ मे बरछा लेकर दरबार साहिब के मुख्य दरबार के बाहर दरबान बनकर बैठे थे। इसी दौरान संगत के साथ दल खालसा के नारायण सिंह चौड़ा पहुंचे। उन्होंने रिवाल्वर निकाली और सुखबीर की तरफ तान दी। यह देख अन्य सेवादार चौड़ा की तरफ लपके। इस क्रम में गोली चल गई। सुखबीर के सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें अपने घेरे में ले लिया। अमृतसर के एडीसीपी हरपाल सिंह के अनुसार आरोपी दल खालसा से संबंधित बताया जा रहा है।

## कृषि क्षेत्र में भारत-एस्टोनिया संबंध होंगे मजबूत

एजेंसी



डीएएंडएफडब्ल्यू के सचिव डॉ देवेश चतुर्वेदी ने की एस्टोनिया की क्षेत्रीय मामलों व कृषि मंत्री पिरेट हार्टमैन के साथ बैठक

**नई दिल्ली।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू) के सचिव डॉ देवेश चतुर्वेदी ने बुधवार को नई दिल्ली के कृषि भवन में एस्टोनिया की क्षेत्रीय मामलों एवं कृषि मंत्री पिरेट हार्टमैन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक में भारत और एस्टोनिया के बीच कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

एस्टोनियाई मंत्री का स्वागत करते हुए डॉ चतुर्वेदी ने कृषि क्षेत्र में भारत सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं को रेखांकित किया। इनमें खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, किसानों को सेवा वितरण बढ़ाने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना, किसानों की आय बढ़ाने के लिए फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना और बागवानी उत्पादों में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देना शामिल है। उन्होंने जलवायु-लचीले और जैविक खेती के महत्व के साथ-साथ कृषि निर्यात का विस्तार करने पर भी जोर दिया। सचिव ने देश के कृषि परिदृश्य में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए छोटे किसानों का समर्थन करने के लिए भारत की रणनीतियों पर विस्तार से बताया। उन्होंने किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), अनुबंध खेती, फसल विविधीकरण और पशुधन, मत्स्य पालन और अन्य कृषि क्षेत्रों में विविधीकरण जैसी पहलों पर चर्चा की। डॉ चतुर्वेदी ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का समाधान करने वाली सरकारी नीतियों को भी रेखांकित किया, जिसमें बेहतर बीजों को बढ़ावा देना, जल-उपयोग दक्षता, टिकाऊ मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और पारंपरिक प्राकृतिक कृषि पद्धतियों का उपयोग शामिल है।

## महाकुंभ में शॉर्ट-सर्किट से नहीं लगेगी आग, पूर्वांचल डिस्कॉम ने की तैयारी

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** प्रयागराज महाकुंभ 2025 में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए पूर्वांचल डिस्कॉम ने भी व्यापक तैयारी की है। आस्था व संस्कृति के प्रतीक महापर्व में वैश्विक स्तर पर अपनी छाप छोड़ने के लिए पूर्वांचल डिस्काम ने खास रणनीति को मूर्त रूप दे दिया है। मेला क्षेत्र में शॉर्ट-सर्किट के कारण आग लगने की घटना पर रोक लगाने की व्यापक तैयारी की गई है।

कैम्प में कंड्यूक्ट पाइप के माध्यम से ही वायरिंग कराई जा रही है। विद्युत सुरक्षा संबंधी सावधानियों के दिशा-निर्देश पम्पलेट का भी वितरण कराया जा रहा है। निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए खास तौर पर 182 किलोमीटर एचटी लाइन का निर्माण, 1405 किलोमीटर एलटी लाइन का निर्माण, 170 नग 11/0.4 केवी 400 केवीए उपकेन्द्र का निर्माण, 14 नग 11/04 केवी 250 केवीए उपकेन्द्र का निर्माण किया गया है। 128 नग 11 / 0.4 केवी 100 केवीए उपकेन्द्र का निर्माण, 30 नग पान्टून ब्रिज पर विद्युतीकरण एवं एलईडी स्थापना का कार्य उपकेन्द्र का निर्माण, 67000 एलईडी स्ट्रीट लाइट की स्थापना एवं 425000 नग कैम्प कनेक्शन के कार्य भी हो रहे है। 45 दिवसीय सांस्कृतिक महापर्व में विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए सभी स्थानों पर वैकल्पिक स्रोत भी बनाए गए है।

**विद्युत व्यावधान होने पर स्वचलित आरएमयू से 30 सेकण्ड में आपूर्ति होगी सामान्य**

## संभल हिंसा की सीबीआई से जांच कराने की मांग इलाहाबाद हाईकोर्ट ने की खारिज

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** संभल जिले की चंदौसी जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान भड़की हिंसा, आगजनी व फायरिंग में पांच लोगों की मौत के मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बुधवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र तथा न्यायमूर्ति गौतम चौधरी की खंडपीठ ने यहा आदेश दिया।

अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने कोर्ट को सरकार द्वारा हाई कोर्ट जज की न्यायिक आयोग गठित करने की जानकारी दी। इसके बाद याची अधिवक्ता ने पुलिस के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग पर बल दिया। इस पर कोर्ट ने कहा कि आयोग की जांच हो रही है। याची चाहे तो उचित फोरम पर बात रख सकता है। इस पर याची अधिवक्ता ने याचिका वापस लेने की प्रार्थना की जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए याचिका खारिज कर दी। याचिका पर सीबीआई के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं डिप्टी सालिसिटर जनरल ने भी पक्ष रखा।

याचिका में हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज के नेतृत्व में एसआईटी गठित कर आयुक्त मुरादाबाद, डीएम, एसपी संभल, एसडीएम चंदौसी, सीओ संभल एवं एडवोकेट कमिश्नर टीम के सदस्यों की फसाद में भूमिका की जांच कर रिपोर्ट पेश करने का समादेश जारी करने की मांग की गई थी। साथ ही स्वतंत्र जांच एजेंसी से संभल घटना में राज्य सरकार व प्रशासन की भूमिका की भी जांच कराने की मांग की गई थी। यह याचिका वाराणसी के सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार आनंद प्रकाश तिवारी ने दाखिल की थी। याचिका में कहा गया था कि 19 नवंबर 2024 को सिविल जज सीनियर डिवीजन संभल की अदालत में आठ लोगों ने सिविल वाद दायर की और कहा कि जामा मस्जिद मंदिर तोड़कर बनाई गई है। इसका सर्वे कराया जाय। इसी दिन अदालत ने एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त कर सर्वे

### कार्रवाई : मुरादाबाद जेल के जेलर व डिप्टी जेलर निलंबित

**लखनऊ।** मुरादाबाद जेल के जेलर और डिप्टी जेलर के खिलाफ योगी सरकार ने सख्त एक्शन लिया है। डीजी जेल ने संभल हिंसा के आरोपियों से जेल में सपा नेताओं के अवैध मुलाकात पर मुरादाबाद के जेलर विक्रम सिंह यादव और डिप्टी जेलर प्रवीण सिंह को सस्पेंड कर दिया है। जेल अधीक्षक पीपी सिंह के खिलाफकार्यवाही की सिफारिश शासन को भेजी है। विगत सोमवार को सपा विधायक नवाबजान, चौधरी समरपाल सिंह, पूर्व सांसद एसटी हसन के साथ कई सपा नेताओं ने जेल में संभल दंगे के आरोपियों से मुलाकात की थी। आरोप है कि पूर्व सांसद और विधायकों के साथ कुछ सपा नेताओं ने बगैर पर्ची लिए मुलाकात की थी। सांसद विधायकों को अपने जिले की जेल में बंदियों से मुलाकात के विशेष अधिकार मिलते हैं। शासन के निर्देश पर डीजी जेल ने डीआईजी जेल कुंतल किशोर को मामले की जांच सौंपी थी।

### संभल जाते समय बॉर्डर पर रोके जाने के बाद राहुल लौटे दिल्ली



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के हिंसा प्रभावित संभल जाते समय बुधवार को गाजीपुर बॉर्डर पर रोके जाने के बाद राहुल गांधी दिल्ली लौट आए। उनके साथ सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल भी था। राहुल गांधी ने कहा कि वे पुलिस के साथ अकेले संभल जाने को तैयार हैं, लेकिन उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी जा रही है, जो असंवैधानिक है। लोकसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर यह उनका संवैधानिक अधिकार है। इसकी अनुमति मिलनी चाहिए थी। हालांकि राहुल गांधी को रोकने के क्रम में पुलिस ने जो बंदोबस्त किए थे, उसके कारण सड़क पर वाहनों का काफी लम्बा जाम लग गया और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि राहुल संवैधानिक पद पर हैं और उन्हें संवैधानिक अधिकार है।

### कांग्रेस एमएलसी आराधना मिश्रा लखनऊ में हाउस अरेस्ट



राहुल गांधी के संभल दौरे को देखते हुए लखनऊ में कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना को एक बार फिर हाउस अरेस्ट कर लिया गया है। पुलिस ने उनके घर का गेट बंद कर दिया है, ताकि वह बाहर न जा सकें। आराधना मिश्रा ने सुबह से ही संभल जाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया।

# 'प्राकृतिक आपदा से फसलों को होने वाले नुकसान से बचाव को कराएं फसल बीमा'

- फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर, उठाएं लाभ
- पीएम फसल बीमा योजनाः छोटा प्रीमियम देकर बड़ी सुरक्षा पाएं किसान
- डीएम ने कलेक्ट्रेट में पीएम फसल बीमा योजना की समीक्षा बैठक की



लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

रबी 2024- 25 के लिए जिले के कृषकों का पीएम फसल बीमा योजना से आच्छादन कराने के उद्देश्य से बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट में पीएम फसल बीमा योजना की समीक्षा बैठक ली। बैठक का संचालन डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र, जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि फसल की सुरक्षा और आपदा में नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए जनपद खीरी के लिए फसली वर्ष- रबी 2024-25 के लिए अधिसूचित फसल (मसूर, रेपसीड सरसों, गेहूं ) का पीएम फसल बीमा योजना के तहत किसान भाई अपनी फसल का बीमा कराएं। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। कहा कि किसानों को क्षति से बचाने के लिए पीएम फसल बीमा का सुरक्षा कवच किसानों को प्रदान किया है। किसान रबी फसलों का बीमा 31 दिसंबर से पहले करा लें, ताकि किसी भी दशा में फसल क्षति होने पर उन्हें मायूस न होना पड़े। सीडीओ अभिषेक कुमार योजना का उद्देश्य बताते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से अनुसूचित क्षेत्र में कोई बोई गई अधिसूचित फसल को बीमा कवर प्रदान करना, कृषि में उन्नति तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा देना और आपदा वर्षों में कृषि आय को स्थिर रखता है।प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना फसल की बुवाई से लेकर कटाई के बाद तक की पूरे फसल चक्र से जुड़ी गतिविधियों के दौरान फसल के नुकसान के खिलाफ किसानों को सुरक्षा चक्र प्रदान करती है। समीक्षा के दौरान डीएम ने पाया कि योजना के तहत रबी-2024-25 में 468 हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए 2077 किसानों ने बीमित है। डीएम ने डीडी कृषि, जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि माइक्रो प्लानिंग बनाकर गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाएं और सीएससी के जरिए किसानों का योजना में पंजीयन करवाएं। एआर कॉपरेटिव को पैक्स सोसाइटी के जुड़े किसानों को जोड़ने के लिए निर्देशित किया। मॉनिटरिंग कर के गठित टीमों द्वारा कितने आवेदन कराए जा रहे। साप्ताहिक प्रगति से उन्हें भी अवगत कराए।

**इन अधिसूचित फसल में मिलेगा योजना का लाभ, फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसंबर, उठाएं लाभः** जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि फसल की सुरक्षा और आपदा में नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए जनपद खीरी के लिए फसली वर्ष- रबी 2024-25 में जिले के लिए अधिसूचित फसल (मसूर, रेपसीड सरसों, गेहूं ) का पीएम फसल बीमा योजना के तहत किसान भाई अपनी फसल का बीमा कराएं। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है।

**आवेदन में इन दस्तावेज की होगी जरूरतः** बीमा कराने के लिए किसान भाइयों के लिए आधार कार्ड, बैंक खाता सम्बन्धी प्रपत्र, भूमि स्वामित्व सम्बन्धी प्रपत्र, बटाई प्रमाण-पत्र, फसल बुआई का प्रमाण-पत्र (स्व-सत्यापित) एवं मोबाइल नम्बर जरूरी दस्तावेज है। कृषक द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का 1.5 प्रतिशत जमा करना होगा। कृषकों द्वारा देय प्रीमियम राशि के अलावा अन्य कोई शुल्क बीमा के लिए देय नहीं है। किसान भाई बीमा करवाने के लिए अपनी नजदीकी बैंक शाखा, जन-सेवा केन्द्र (सीएससी), भारत सरकार PMFBY Portal (www.pmfby.gov.in), क्रियान्वयन अभिकरण के अधिकृत बीमा मध्यस्थ / कार्यालय, अधिकृत डाकखाना में संपर्क स्थापित कर सकता है।

## नगर उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव में नामांकन वापसी व चुनाव चिन्ह आवंटन कार्यक्रम सम्पन्न

**सिंगाही खीरी।** नगर उद्योग व्यापार मंडल सिंगाही के चुनाव में नामांकन वापसी व चुनाव चिन्ह आवंटन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। चुनाव चिन्ह आवंटन में अध्यक्ष पद पर मसरूर खान, को चुनाव चिन्ह कुर्सी व राजीव गुप्ता को चुनाव चिन्ह कार आर्वटित किया गया वही महामंत्री पद पर रतनेश सिंह को चुनाव चिन्ह छाता, अमन साहनी को चुनाव चिन्ह ऑटो , चुनाव चिन्ह आर्वटित किया गया कोषाध्यक्ष पद पर ऋषभ जैन को चुनाव चिन्ह हेण्ड पम्प(नल) रवि गुप्ता को घड़ी चुनाव चिन्ह आर्वटित किया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी अशोक जैन ने बताया कि मतदान 8 दिसंबर को नगर मैरिज हाल में सुबह 10 बजे से 3 बजे तक उसके उपरांत मतगणना व परिणामों की घोषणा की जायेगी। इस अवसर पर तहसील मंत्री अखिलेश गुप्ता, शिखर पंचोली आदेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## चीनी मिल संघर्ष समिति ने एक सप्ताह में मांग पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन की दी चेतावनी

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

चीनी में संघर्ष समिति ने कर्मचारियों की 17 सूत्रीय मांगों को लेकर मिल के कारखाना प्रबंधक व जोनल एचआर को ज्ञापन देकर एक सप्ताह में मांग पत्र पर निर्णय लेने की मांग की है। कार्रवाई न होने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। चीनी मिल संघर्ष समिति ने कारखाना प्रबंधन को दिए गए ज्ञापन में कहा है 5 और 7 नवंबर को कर्मचारियों की मांगों को संबंधित ज्ञापन दिया गया था। कई चरणों में वार्ता हुई कोई जवाब नहीं दिया गया। उसके बाद संघर्ष समिति ने मिल प्रबंधन को एक रिमाइंडर दिया। जिस पर 25 नवंबर को वार्ता हुई, लेकिन सहमत नहीं बनी। 2 दिसंबर की शाम संघर्ष समिति ने मांग पत्र देकर वार्ता के लिए कहा, पर चीनी मिल द्वारा बताया गया कि वह 3 दिसंबर की शाम वार्ता करेंगे। पदाधिकारियों का कहना है कि इस वार्ता में भी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। चेतावनी दी गई है कि यदि 7 दिनों में मांग पत्र उचित निर्णय नहीं लिया गया तो वह विवश होकर चीनी मिल के सदर गेट पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर देगे। ज्ञापन सौंपने वालों में गन्ना मजदूर यूनियन के शैलेंद्र शाह, भारतीय चीनी मिल मजदूर संघ के जाकिर अली, मजदूर यूनियन शुगर फैक्ट्री के दामोदर नाथ तिवारी और शकर मजदूर यूनियन के राजकुमार अवस्थी शामिल हैं। ज्ञापन की प्रतियां श्रम मंत्री, श्रम आयुक्त, डीएम, एसडीएम, सीओ,श्रम परवर्तन अधिकारी समेत तमाम जगह भेजी गई हैं।

# जमीनी विवाद में फायर झोंकने वाले चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

- घायल का ओयल ट्रामा सेंटर में चल रहा इलाज, पुलिस आरोपियों की कर रही तलाश

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।

भीरा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत शाहपुर के मजरा नरायनपुर में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मंगल वार को जमकर विवाद हुआ था।विवाद के दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फायर झोंक दिया जिसमें नारद पुत्र नोखेलाल घायल हो गया, जिसे बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्रथम उपचार के बाद डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया घायल का इलाज ओयल ट्रामा सेंटर में चल रहा है ।

घटना के बाद परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार नामजद रामस्वरूप, शेरसिंह, चरन सिंह और मालिक राम पर मुकदमा पंजीकृत किया है। घटना में घायल युवक नारद के भाई ने बताया कि नारद का चेहरा व गर्दन बारूद से बुरी तरह झुलस चुका है।

वहीं पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है । घायल की पत्नी उषा देवी के अनुसार मंगलवार की दोपहर शारदा नदी पार नारद खेत जोतने गए थे । वही पर उनके पति से गाँव के ही रामरूप, मालिकराम और उसका पुत्र शेर सिंह व चरन सिंह द्वारा नारद से मेड पलट जाने से नाराज होकर गाली-गलौज हुई नारद ने जब गाली देने से मना किया तो रामरूप ने तमंचे से मेरे पति पर फायर कर दिया । जिससे हमारे पति घायल हैं जिनका इलाज जिला अस्पताल ओयल में चल रहा है।



> गोली कांड मामले में 4 लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ है । हालांकि, उसमें से फायर एक ने की है लेकिन उसका मारने का इरादा नहीं था । शायद डराने के लिए उसने ऐसा किया हो । वह लोग नदी के उस पार से ही फरार हो गये थे , जिनकी तलाश जारी है।
>
> -पुष्पराज कुशवाहा भीरा थानाध्यक्ष



## गांधी स्मारक विद्यालय में हुआ तंबाकू सेवन पर जागरूकता कार्यक्रम

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तंबाकू जागरूकता अभियान में तंबाकू से होने वाली शारीरिक हानियों पर जागरुकता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ विवेक वर्मा ने बच्चों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में बच्चों को बताया। कहा कि इसके सेवन से व्यक्ति का जीवन नष्ट हो सकता है। शरीर व समाज पर होने वाले दुष्प्रभावों के दृष्टिगत तंबाकू सेवन से लोगों को बचाना चाहिए। मुख, दांत, लिवर, किडनी, ग्रीवा, अग्नाशय आदि के कैंसर होने की प्रबल संभावना रहती है। प्रधानाचार्य डॉ सौरभ दीक्षित ने बताया कि तंबाकू सेवन से प्रतिवर्ष एक करोड़ से ज्यादा लोगों की मृत्यु होती है। 1987 से विश्व स्वास्थ्य संगठन तंबाकू जागरूकता के संदर्भ में कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इस अवसर पर सभी छात्र छात्राओं को तंबाकू से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर रामसनेही, डॉ राजेश कुमार, आमिर हुसैन, नागेश वर्मा, तेजराम गंगवार, पुष्पेंद्र शुक्ला, श्रीश गुप्ता, संजय त्रिपाठी नीलम कुमार,राजकुमारी मौजूद रहे।

# खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।



न्याय पंचायत स्तरीय परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी मितौली के निर्देशन में प्राथमिक विद्यालय बैबहा में किया गया। खेल प्रतियोगिताएं प्राथमिक वर्ग तथा उच्च प्राथमिक वर्ग में आयोजित की गई। प्राथमिक वर्ग की खेल प्रतियोगिताओं मे बालक वर्ग में 100 मी. की रेस में आयुष कुमार निवासी जम्हौरा, 200 मी. दौड़ में असहाद प्रार्थमिक विद्यालय इब्राहिम पुर नवीन, 400 मीटर दौड़ में सनी प्रा.वि. जमहौरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में सोनम सं.वि. बहेरा, 200मी. दौड़ में खुशबू बहेरा, 400मी. दौड़ में रोली सं.वि. शिरसा तथा लम्बी कूद में कोमल देवी सं.वि. सुतेहरा ने प्रथम स्थान प्रात किया उच्चप्रार्थमिक स्तर बालिका वर्ग में 100मी. दौड़ में शिवानी यादव तथा 200मी. की दौड़ पायल राठौर सं.वि. सुतेहरा तथा लम्बी कूद में लक्ष्मी देवी सुतेहरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्रार्थमिक स्तर बालक वर्ग में 100मी. की दौड़ में फैजल सं.वि. रहमत पुर, 200मी. की दौड़ में अभिनेन्द्र कुमार सं.वि. सुतेहरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी तथा खो खो में सं.वि. सिरसा की टीम प्रथम स्थान पर रही। समस्त प्रतियोगिताओं को आयोजित करने में योगेश शुक्ला, विमल वर्मा, रंजीत वर्मा, महेंद्र प्रसाद यादव शर्तेंद्र पाठक में अपनी निर्णायक भूमिका निभाई। विजयी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कामता प्रसाद वर्मा, खेल अनुदेशक आमोद द्विवेदी, अमित कनौंजिया सहित आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गौतमबुद्ध नगर में किसानों पर लाठीचार्ज को लेकर किसान आंदोलित

- भारतीय किसान यूनियन के दिलबाग सिंह की अगुवाई में कोतवाली में धरना

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।



गौतमबुद्ध नगर में अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों पर लाठीचार्ज किए जाने को लेकर किसान संगठनों में उबाल आ गया। राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर बुधवार के प्रदेश के समस्त जनपदों के थानों पर किसान संगठनों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पुलिस के रवैए के खिलाफ सडकों पर उतर आए। भारतीय किसान यूनियन के दर्जनों पदाधिकारियों ने बुधवार को गोला कोतवाली परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन देकर धरना समाप्त किया।

उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर में अपनी मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के किसान शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन कर रहे थे। जहां तीन दिसंबर को प्रशासन द्वारा प्रदर्शन कर रहे निर्दोष व निहत्थे किसानों व महिलाओं पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज कर सैकडों की तादात में किसानों को गिरफतार कर लिया गया। घटना की सूचना के बाद उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी व किसान राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर जब नोएडा के लिए निकले। तो उन किसानों को भी रास्तें में गिरफतार किया जा रहा है। तथा तमाम किसान नेताओं को घर में ही नजरबंद किया जा रहा है। जिसके विरोध में शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर स्थानीय संगठन ने गोला कोतवाली में अनिश्चितकालीन धरना करने की चेतावनी दी। जब तक कि गौतमबुद्ध नगर में गिरफतार किए गए किसानों को रिहा नहीं कर दिया जाता। साथ ही जिन किसान साथियों, नेताओं को रास्तें मे रोका व घरों में नजरबंद किया गया। उन्हें तत्काल रिहा किया जाए। किसानों का आंदोलन प्रदेश के समस्त जनपदों के थानों पर किया जा रहा है। इस मौके पर किसान नेता दिलबाग सिंह, संग्राम सिंह, अचल यादव, मुख्तयार सिंह, गुरनाम सिंह, वलबीर सिंह, त्रिभुवन लाल, श्यामू शुक्ला, विमलेश, आदेश सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## सिविल बार एसो. ने आयोजित किया कार्यक्रम

**निघासन-खीरी।** सिविल बार एसोसिएशन द्वारा सिविल बार कार्यालय बाह्य न्यायालय निघासन में नव वर्ष 2025 की डायरी वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल जज बाह्य न्यायालय निघासन दिव्यांशु सैनी व विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम निघासन राजीव निगम व तहसीलदार भीमचंद मौजूद रहे। इस कार्यक्रम मे अधिवक्ताओं को नव वर्ष 2025 की डायरी अतिथियों द्वारा अधिवक्ताओ को प्रदान की गयी। साथ ही बार संघ द्वारा अपने सभी सदस्यों को यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कम्पनी से जारी 500000 रूपये की दुर्घटना बीमा योजना की पालिसी भी प्रदान की गयी। इसके अंतर्गत प्रत्येक अधिवक्ता का 500000 का लाइफ कवर होगा। इस कार्यक्रम में संघ की कार्यकारिणी

- कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिविल जज दिव्यांशु सैनी रहे मौजूद

के अध्यक्ष द्वारा कल्याण निधि योजना की घोषणा की गयी जो जनवरी 2025 से लागू होंगी जिसकी धनराशि 100000 रूपये होंगी। इससे पूर्व संघ के मंत्री हरिनंदन यादव द्वारा अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया गया तथा संघ के अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता द्वारा अतिथियों को साल ओढाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता ध्रुव कुमार सिंह, ब्रम्हप्रकाश श्रीवास्तव, सुबोध पाण्डेय, रामकृष्ण चतुर्वेदी, रुपेश श्रीवास्तव, राहुल गुप्ता, अटल दीक्षित, सुमित सिंह, बच्चालाल कश्यप, मो. अमीन, रवि गुप्ता, हरिओम गुप्ता, टीएल यादव, संजीव भाटिया, छोटेलाल वर्मा, मो.नईम, रमेश भारती, मायाराम चौधरी, रमेश भार्गव, जगमोहन यादव, आत्मा कुमार, प्रमोद यादव आदि सभी सदस्य मौजूद रहे।

# बंधे पर रात में धूल से लथपथ मिली अबोध बच्ची

**बिजुआ खीरी।** फूलबेहड़ थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात करीब 10 बजे पूजा गांव बंधे पर एक 10 माह की बच्ची वहां पर रह रहे लोगों को मिली जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने फूलबेहड़ पुलिस को दी पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बच्ची को बुधवार को सकुशल परिजनों को सौंप दिया ।

ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत पूजा गांव निवासी बच्ची की मां पारो देवी ने बताया कि बंधे पर उसका उसके पति से विवाद हो गया था, इसके बाद धोखे से बच्ची वहां छूट गई। पारो देवी ने सोचा की बच्ची को उसका पिता ले गया होगा लेकिन वो भी बच्ची को वही छोड़कर चला गया। बच्ची वहीं बंधे पर रात में रोती रही जब पास पड़ोस में रह रहे लोगों को आवाज सुनाई दी तब सभी बच्ची के पास पहुंचे और स्थानीय पुलिस को सूचना दी वही कुछ लोगों ने बच्ची का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

- थानाध्यक्ष व ग्रामीणों की प्रयास से अबोध बच्ची परिजनों की मिली



सोशल मीडिया व ग्रामीणों की मदद से बुधवार सुबह पुलिस को जानकारी हुई कि उक्त बच्ची पूजागांव की है। थाना प्रभारी ने पूजागांव जाकर बच्ची की मां पारो देवी व नाना कामता तथा मामा मिहीलाल को बच्ची को सौंप दिया।

पूजा गांव निवासी ग्रामीण शिशुपाल सिंह, वीरपाल सिंह व निगम सिंह सहित सभी ग्रामीणों की प्रशंसा की सभी की मदद से बच्ची अपनी मां के पास पहुंच गई।

> मंगलवार रात में ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली थी कि एक बच्ची लावारिस हालत में पूजा गांव बंधे के पास मिली है इसके बाद बच्चों के परिजनों का पता लगाने के लिए आसपास के ग्रामीणों तथा सोशल मीडिया पर मैसेज वायरल करने के बाद बच्ची के परिजनों के बारे में पता चला बच्ची सकुशल उसकी मां को सौंप दी गई है।पति पत्नी की लड़ाई में गलती से बच्ची बंधे पर छूट गई थी।
>
> -आलोक धीमान, थाना अध्यक्ष फूलबेहड़

# झंडी राजा ने भूमि पूजन कर गायत्री महायज्ञ के साथ किया निघासन मेला का शुभारंभ

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।

नगर पंचायत निघासन के झंडी रोड नंदीश्वर बाबा के पास लगने वाला श्री रामलीला मेला का भूमि पूजन खीरी के वरिष्ठ भाजपा नेता राजा राज राजेश्वर सिंह ने गायत्री महायज्ञ कर सम्पन्न किया। भूमि पूजन के बाद राम भक्त हनुमान जी की भी पूजा अर्चना की गई।



लगभग एक दशक से चले आ रहे श्री राम लीला मेला निघासन का भूमि पूजन झंडी स्टेट के राजा राज राजेश्वर सिंह के द्वारा ही किया जाता रहा है। अभी कुछ दिन पूर्व संपन्न हुए श्रीरामलीला मेला झंडी का भूमि पूजन व शुभारंभ भी राजा राज राजेश्वर सिंह ने ही किया था। कार्यक्रम को संबंधित करते हुए राजेश्वर सिंह ने कहा कि ये बड़ी बात है कि बीते काफी समय से निघासन मेला को पूर्णविराम लगा था मगर निघासन के कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं व पत्रकारों की मेहनत के बल पर व क्षेत्रवासियों के सहयोग से एक बार फिर मेले का आयोजन शुरू किया गया जो विगत कुछ वर्षो से लगता चला आ रहा है। राजेश्वर सिंह ने यह भी कहा कि इस मेले की सबसे बड़ी बात यह है कि यहां सीता स्वयंवर वाले दिन कई गरीब निर्धन कन्याओं का आदर्श विवाह किया जाता है और उन्हें घर गृहस्थी चलाने हेतु उपहार भी दिए जाते है जिससे इस मेले को चार चांद लग जाते है। 15 दिसंबर तक चलने वाले इस मेले में प्रतिदिन सुबह व सांय विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंने है। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि उत्तराखण्ड सेंचुरी पल्प एण्ड पेपर (अदित्य बिरला समूह) के संयुक्त अध्यक्ष अरुण पाण्डेय ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान इंस्पेक्टर महेश चंद, विनोद सिंह, जगननाथ मौर्य, अशोक चौबिया, मोनू दीक्षित, आनंद चतुर्वेदी, विवेक मिश्रा, त्रिजुगी नारायण, दयाशंकर मौर्य, रविन्द्र यादव के साथ क्षेत्र के कई संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# रकम को दोगुनी करने का झांसा देकर सैकड़ों निवेशकों के करोड़ों रुपए लेकर कंपनी फरार

**निघासन-खीरी।** द लोनी अर्बन मल्टीस्टेट क्रेडिट थ्रिफ्ट-कंपनी निवेशकों के करोड़ों रुपये लेकर फरार हो गई। कंपनी के शाखा संचालक और एजेंटों ने रकम दोगुना करने का झांसा देकर बड़ी संख्या में लोगों से निवेश करवाया था।

स्थानीय कारोबारियों के अनुसार पिछले काफी समय कस्बे की झंडी रोड पर कंपनी का ब्रांच ऑफिस चल रहा था। एक निश्चित समय में रकम दोगुना करने का झांसा देकर लोगों से निवेश करवाया जा रहा था लेकिन जब निवेशकों को ये जानकारी हुई कंपनी उनका रुपया लेकर फरार हो गई है तो मानो उनके नीचे से जमीन खिसक गई हो। निवेशकों ने बताया की कंपनी के एजेंटों ने बहला फुसलाकर रकम दोगुनी करने का लालच दिया था व पूरी गारेंटी ली थी की उनका रुपया सुरक्षित रहेगा मगर जब कंपनी निवेशकों को चुना लगाकर चंपत हो गई तो वही एजेंट अब निवेशकों को कोई जवाब नही दे पा रहे है। निवेशकों को जानकारी तो तब हुई जब कंपनी के ऑफिस में ताला लटका मिला। इस कंपनी ने अपना जलवा दिखाने के लिए कई बड़े एजेंटों को काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी भी गिफ्ट की थी और जब कहीं बड़ी मीटिंग होती थी तो लंबी कतारों में यही काले रंग की स्कॉर्पियो ही नजर आती थी जिन्हे देखकर लोग प्रभावित होते थे और कंपनी के झांसे में आकर अपना रुपया निवेश करते थे। बात करें यदि सिर्फ निघासन कस्बे की तो यहीं से ही कई व्यापारियों ने करोड़ों रुपए निवेश किए है। जब कंपनी के भाग जाने की खबर क्षेत्र में फैली तो लोग सदमे में आ गए। निघासन के सैकड़ों व्यापारी संगठित होकर कंपनी के एजेंटों व कंपनी के खिलाफ शिकायत की योजना बना रहे है।

# अब विकास भवन के कार्मिक बचा सकते हैं किसी की जान

- सीडीओ की पहल पर दी गई सीपीआर ट्रेनिंग
- दिल की धड़कन रुके तो सीपीआर से बच सकती है जान
- सीडीओ ने कार्मिकों संग स्वयं भी सीपीआर ट्रेनिंग

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

बीते कुछ सालों में कार्डियक अरेस्ट के मामले बढ़े हैं। कुछ केस तो इतने अचानक से हुए हैं कि किसी को भी चिकित्सक को बुलाने या कुछ संभालने का मौका ही नहीं मिला। हार्टअटैक की स्थिति में व्यक्ति को तुरंत सीपीआर देकर उसकी जान बचाई जा सकती है। कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में मरीज की जान बचाने के लिए सीडीओ अभिषेक कुमार ने अनूठी पहल शुरू की है। इस पहल में विकास भवन में संचालित सभी दफ्तरों के अधिकारी-कर्मचारियों को सीपीआर यानी कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) की ट्रेनिंग प्रदान की गई।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने अधिकारियों कर्मचारियों के साथ स्वयं भी सीपीआर ट्रेनिंग ली। सीडीओ ने अधिकारी, कर्मचारियों से अपील की कि सभी को यह ट्रेनिंग लेनी चाहिए, ताकि आप किसी के मुसीबत में काम आ सके। सीपीआर एक इमरजेंसी लाइफ सेवर प्रक्रिया है,



जिसे तब किया जाता है जब दिल धड़कना बंद कर देता है। सीपीआर देने का तरीका सभी को मालूम होना चाहिए, क्योंकि हृदय गति कहीं भी रुक सकती है। कहीं भी दुर्घटना या कार्डियक अरेस्ट के चलते मृत्यु हो सकती है। ऐसे में सीपीआर जीवन बचाने में एक बड़ा प्रयास हो सकता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि हृदय गति रुकने जैसी कंडीशन में सीपीआर देकर लोगों की जान बचाई जा सकती है।

## सीडीओ की पहल पर अधिकारी-कर्मचारियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**सीडीओ** अभिषेक कुमार ने अनूठी पहल करते हुए विकास भवन में हेल्थ चेकअप कैंप लगवाया। सभी अधिकारी, कर्मचारियों का मेडिकल चेकअप एवं महत्वपूर्ण जांच (बीपी, शुगर सहित स्वास्थ्य से जुड़ी अन्य जरूरी जांचे)भी करवाई। इसके बाद चिकित्सकों ने उचित परामर्श एवं औषधीय भी प्रदान की। कार्मिकों को तनाव मुक्त रखने के लिए योग प्रशिक्षण भी दिया गया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि कार्मिकों को कामकाज के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कार्यस्थल पर अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने के अनेक लाभ भी बताए।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने विकास भवन में कुशल चिकित्सक बुलवाया, जिन्होंने विकास भवन के प्रांगण में सीडीओ अभिषेक कुमार की मौजूदगी में हार्ट अटैक आने पर चंद मिनट के अंदर सीपीआर के जरिए किसी की जान बचाने का तरीका बताया। उन्होंने इसका लाइव डेमो देते हुए बताया कि किस तरह मरीज को सीपीआर दी जा सकती है।

# विधायक खेल स्पर्धा को प्रोत्साहित करेगी सरकार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खेल की गतिविधियों को ग्राम पंचायत, न्याय पंचायत, विकास खंड और विधानसभा स्तर तक बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार सांसद खेल स्पर्धा की तर्ज पर विधायक खेल स्पर्धा को प्रोत्साहित करेगी। इसके लिए विधायकों का आह्वान किया जाएगा। गांव से लेकर विधानसभा स्तर तक होने के बाद इस स्पर्धा को जिले स्तर पर सांसद खेल स्पर्धा के रूप में परिवर्तित कर दिया जाएगा।

सीएम योगी बुधवार को उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के द्वितीय संस्करण के शुभारंभ एवं षष्ठम ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ स्मृति अखिल भारतीय प्राइजमनी कबड्डी प्रतियोगिता के समापन-पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्रामीण खेल लीग की मशाल को गत लीग में दो गोल्ड मेडल जीतने वाले एथलेटिक खिलाड़ी अभय को सौंपकर लीग के दूसरे संस्करण का शुभारंभ किया और कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला समाप्त होने के बाद खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल से सबको खेलने, फलने और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यही बात कहते हैं कि जो खेलेगा वही खिलेगा। जो खिलेगा वही फलेगा और बढ़ेगा भी।

पीएम मोदी की प्रेरणा से देश में खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट, सांसद खेल स्पर्धा और हर जिले में स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (साई) के सेंटर स्थापित कर खेल की गतिविधियों को पूरी प्रतिबद्धता से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी तरह राज्य के अंदर भी खेल की गतिविधियों को बढ़ाने और आज की वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने के कार्यक्रम युद्ध स्तर पर चलाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश ग्रामीण लीग इसी की कड़ी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से ओलंपिक एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता को 6 करोड़, रजत पदक विजेता को 4 करोड़ तथा कांस्य पदक विजेता को 2 करोड़ रुपये देने की व्यवस्था है। ओलंपिक की टीम स्पर्धा में यह राशि क्रमशः 3, 2 व 1 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता को 3 करोड़, रजत पदक विजेता को 1.5 करोड़ तथा कांस्य पदक विजेता को 75 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाता है। इसी तरह कामनवेल्थ खेल तथा विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता को 1.5 करोड़, रजत पदक विजेता को 75 लाख व कांस्य पदक विजेता को 50 हजार रुपये दिए जाते हैं। ओलंपिक में प्रतिभाग करने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को 10 लाख रुपये तथा कामनवेल्थ और वर्ल्ड चैंपियनशिप के प्रतिभागी खिलाड़ियों को 5 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इस अवसर पर अपने गुरुदेव और जिनकी स्मृति में यह कबड्डी प्रतियोगिता हुई, का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ का पूरा जीवन देश और धर्म के लिए समर्पित रहा। साथ ही वह खेलों को भी आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता से प्रयास करते रहे।

### अब तक पांच सौ खिलाड़ियों को सीधे सरकारी नौकरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खेलों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार खेल से जुड़ी निजी संस्थाओं को भी प्रोत्सहित कर रही है। इसके लिए खेल नीति में संशोधन भी किया गया है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में सीधी भर्ती से लेकर स्पोर्ट्स कोटा से नौकरी देने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश सरकार अब तक पांच सौ से अधिक खिलाड़ियों को सरकार के युवा कल्याण, पुलिस, परिवहन आदि विभागों में सेवायोजित कर उन्हें करियर के प्रति आश्वस्त कर चुकी है। प्रदेश सरकार खेलों को लेकर जो कार्यक्रम चला रही है उससे आने वाले समय मे खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने में और मदद मिलेगी।

### यूपी ने देश को दिए कई प्रमुख कबड्डी खिलाड़ी

सीएम योगी ने कहा कि यूपी ने देश को कई प्रमुख कबड्डी खिलाड़ी दिए। संजीव बालियान, बृजेंद्र, यशपाल, धर्मवीर, योगराज, राहुल चौधरी, नितिन तोमर आदि का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों ने अपने जज्बे से कबड्डी के खेल को नई ऊंचाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कबड्डी केवल ताकत का खेल नहीं है। इसमें सजगता, स्फूर्ति और टीम वर्क भी बेहद जरूरी है।

# सरकार उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार व छात्रों को वैश्विक स्तर की शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध

**उच्च शिक्षा मंत्री ने योजनाओं की प्रगति को लेकर की समीक्षा**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने आगामी वित्तीय वर्ष के बजट की तैयारी और विभागीय योजनाओं की प्रगति को लेकर अपने कार्यालय में समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने मंत्री को विभिन्न विषयों और योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और छात्रों को वैश्विक स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि बजट प्रस्ताव तैयार करते समय छात्रों और शिक्षकों के हितों को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही शिक्षा में नई तकनीकों का उपयोग बढ़ाने और डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। बैठक में उच्च शिक्षा में शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए योजनाओं पर चर्चा हुई। मंत्री ने निर्देश दिया कि राज्य के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शोध कार्य को बढ़ावा देने के लिए विशेष फंड का प्रावधान किया जाए।

उन्होंने कहा कि शोध और नवाचार के बिना शिक्षा का उद्देश्य अधूरा है। हमें युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करना है। बैठक में विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और शिक्षकों की नियुक्ति के मुद्दों पर भी चर्चा की गई। मंत्री ने कहा कि सभी संस्थानों में बुनियादी सुविधाओं का विकास और शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि एनईपी को लागू करने के लिए एक रोडमैप तैयार किया जाए, जिससे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी मिल सकें। मंत्री ने बैठक के अंत में अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं में देरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिक्षा का स्तर ऊंचा उठाना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। बैठक में प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल, विशेष सचिव गिरिजेश त्यागी, शिबू गिरी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## खबरें एक नजर में

### घर में विवाद के बाद युवक गोमती नदी में कूदा, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में मां से झगड़े के बाद युवक गोमती नदी में कूद गया। शराब पीने को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद घर से जान देने की बात कहकर निकला। इसके बाद गोमती नदी में छलांग लगा दी। हजरतगंज निवासी बबलू उर्फ बड़काऊ पुत्र स्वर्गीय भगवती प्रसाद बुधवार दोपहर करीब 11.30 बजे गोमती नदी में कूद गया। बबलू मजदूरी करता था। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक को नदी से बाहर निकालकर सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मोहल्ले के रहने वाले कन्हैया प्रसाद ने बताया कि बबलू शराब का आदी था।

### दिसंबर में भी नहीं पड़ेगी ठंड, सामान्य से अधिक रहेगा तापमान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शरद ऋतु का आगमन हो चुका है मगर ठंड का एहसास अभी हो नहीं रहा है। सुबह-शाम को हल्की ठंड और दोपहर में मौसम सुहावना हो रहा है। मौसम विभाग ने दिसंबर माह में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना जताई है। नवंबर माह में केवल चार दिन ठंड का एहसास हुआ। हवा की बदली दिशा और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान भी सामान्य से कम रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि दिसंबर माह में पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम ही रहेगा। जिससे बारिश होने की संभावना कम है। साथ ही अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रह सकते हैं। दिसंबर माह में शीतलहर चलने की संभावना भी कम ही है। बुधवार सुबह से ही चटख धूप खिली थी। हवा पूर्व और दक्षिण दिशा से चलने के कारण ठंड का एहसास नहीं हुआ।

### ग्रेटर नोएडा में किसानों की गिरफ्तारी पर भड़के किसान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** संयुक्त किसान मोर्चा उप्र ने ग्रेटर नोएडा में संयुक्त किसान मोर्चे के नेतृत्व में शांतिपूर्ण तरीके से धरना दे रहे सैकड़ों किसानों की जिसमें बढ़ी संख्या में महिलायें भी हैं, उन सभी को तत्काल रिहा करने तथा किसान संघर्ष समिति से उच्चाधिकारियों द्वारा वार्ता करने की मांग की गयी। मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों से कूच के बाद बनी सहमति में यातायात में किसी तरह के अवरुद्ध किये बगैर शांतिपूर्ण धरना चलाने का वादा किया गया था। जिसे किसानों ने निभाया लेकिन सरकार ने धोखा दिया। संयुक्त किसान मोर्चा ने जिलों से संयुक्त रूप से विरोध की अपील की है और बुधवार को बिजली निजीकरण के खिलाफ होने वाले आंदोलन में भी नोएडा के किसानो को तत्काल रिहा करने की मांग जोड़ दें। एसकेएम उप्र ने योगी सरकार को चेतावनी दी है कि इस तरह सरकार किसानों के हौसलों को तोड़ नही सकती है।

### दुकान से 20 हजार का सामान चुराया, एफआईआर दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गोसाईगंज के गंगागंज नई बस्ती में रहने वाले उमेश कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें बताया कि सुल्तानपुर रोड पर स्थित गंगागंज बाजार में लोह कला के नाम से दुकान चलाते हैं। रोजाना की तरह मंगलवार रात करीब 9 बजे दुकान बंद कर घर चला गया। उमेश ने बताया कि बुधवार सुबह करीब दस बजे दुकान पहुंचा। यहां देखा कि दुकान के बाहर रखे लोहे के कृषि उपकरण (करहा और टब) मौके पर नहीं थे। आस-पास काफी खोजने पर नहीं मिले। इसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है।

### किसानों का प्रदर्शन, टिकैत की रिहाई तक जारी रहेगा धरना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** किसान नेता राकेश टिकैत की रिहाई की मांग को लेकर बुधवार को किसानों ने लखनऊ में प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में किसान बीकेटी थाना परिसर में इकट्ठा हुए। इस दौरान किसानों ने कहा-जब तक राकेश टिकैत को रिहा नहीं किया जाएगा। धरने पर बैठे रहेंगे। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में संयुक्त किसान मोर्चा के कार्यकर्ता भूमि अधिग्रहण को लेकर इकट्ठे हुए थे। दिल्ली के लिए कूच करने से पहले किसानों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। राकेश टिकैत को भी दलित प्रेरणा स्थल से गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके विरोध में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन कर रहे है। किसानों ने राष्ट्रपति के नाम एसीपी बीकेटी ऋषभ रुणवाल को ज्ञापन भी सौंपा। भारतीय किसान यूनियन टिकैत बीकेटी तहसील अध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह पंवार ने बताया कि राकेश टिकैत को अलीगढ़ के टप्पल थाने में गिरफ्तार कर रखा गया है। जब तक उनको छोड़ा नहीं जाता। हम लोग धरना जारी रखेंगे।

### पेड़ से गिरा युवक घायल, इलाज के दौरान हुई मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बिजनौर के नटकुर गांव में रहने वाले किसान चेतराम गौतम का बेटा गोविंद गौतम (24) मंगलवार शाम आग तापने के लिए अपने बाग में लकड़ी काटने गया था। वह पेड़ पर चढ़कर लकड़ी काटने लगा। तभी पैर फिसलने से वह काफी ऊंचाई से नीचे गिरकर घायल हो गया। परिजनों ने गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में उसका एक विवाहित बड़ा भाई गौतम, एक विवाहित बड़ी बहन गीता और एक अविवाहित छोटी बहन ज्योति हैं। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### बंथरा में लगी भीषण आग, झाड़ियों से 50 मी. दूर मकानों तक पहुंची

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बंथरा में रामचौरा रोड स्थित नगवा नाल पुल के पास बुधवार शाम झाड़ियों में भीषण आग लग गई। तेज हवा के चलते आग तेजी से फैली और पास के मकानों तक पहुंच गई। इससे हड़कंप मच गया। लोग आनन-फानन में बाल्टियों से आग बुझाने में जुट गए, लेकिन सफलता नहीं मिली। आग बढ़ती देख लोगों ने फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना पर सरोजनी नगर फायर स्टेशन एफएसओ सुमित प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और दो दमकल गाड़ियां से आग बुझाना शुरू किया। एफएसओ सुमित प्रताप सिंह ने बताया कि मकानों के पास सूखी झाड़ियों में आग लगी थी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया है।

### डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसो में अरुण अध्यक्ष, कपिल मंत्री निर्वाचित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसियेशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा लखनऊ के निर्वाचन में आज अरुण अवस्थी दोबारा अध्यक्ष, कपिल वर्मा मंत्री चुने गए। मुख्य चुनाव अधिकारी सुनील कुमार, सहायक चुनाव अधिकारी जितेंद्र बहादुर सिंह और अनिल कुमार तथा पर्यवेक्षक प्रांतीय संयुक्त मंत्री ओ पी सिंह की देखरेख में आज निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। मुख्य चुनाव अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि घोषित कार्यक्रम के अनुसार 10.00 बजे से डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की जनपद शाखा लखनऊ के पदाधिकारी के निर्वाचन के लिए नामांकन प्रपत्र भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई जिसमें कुल 12 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन किये। चार प्रत्याशियों की नामांकन वापसी के बाद कुल 8 पदों पर एक एक प्रत्याशी शेष रहने के कारण सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा कर दी गई।

# मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में नवम्बर माह में प्राप्त हुआ 18389.80 करोड़ राजस्व

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के नवम्बर माह में कुल 18389.80 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 के नवम्बर माह में 16610.53 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ था।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के नवंबर माह में गत वर्ष के इसी अवधि की तुलना में 1779.27 करोड़ रूपये राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है।श्री खन्ना ने बताया कि कर राजस्व के अंतर्गत जीएसटी मद के अन्तर्गत माह नवम्बर में 7793.48 करोड़ रूपये की राजस्व प्राप्ति हुई, जबकि इसी माह में प्राप्ति 6652.20 करोड़ रूपये रही थी। वैट के अन्तर्गत माह नवम्बर में 2685.19 करोड़ रूपये की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत् वर्ष माह नवम्बर, 2023 में प्राप्ति 2737.13 करोड़ रूपये रही थी।वित्त मंत्री ने बताया कि आबकारी के अन्तर्गत माह नवम्बर 2024 में 4071.27 करोड़ रूपये की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत् वर्ष इसी माह में प्राप्ति 3788.55 करोड़ रूपये रही थी। स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत माह नवम्बर 2024 की राजस्व प्राप्ति 2263.77 करोड़ रूपये है जबकि गत् वर्ष माह नवम्बर, 2023 में प्राप्ति 1961.94 करोड़ रूपये रही थी। परिवहन के अन्तर्गत माह नवम्बर 2024 की राजस्व प्राप्ति 1205.28 करोड़ रूपये है जबकि गत् वर्ष इसी माह में प्राप्ति 1065.08 रूपये करोड़ रही थी। उन्होंने बताया कि कैरेक्टर राजस्व की प्रमुख मद भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत माह नवम्बर 2024 में प्राप्ति 370.81 करोड़ रूपये है, जबकि गत् वर्ष इसी माह में प्राप्ति 405.63 करोड़ रूपये रही थी। राज्य कर के अंतर्गत जीएसटी एवं वैट मद में वित्तीय वर्ष 2024-25 के नवंबर माह तक 74582.01 करोड रुपए की प्राप्ति हुई, जो माह नवंबर तक निर्धारित लक्ष्य का 73.1 प्रतिशत है।आबकारी मद में माह नवंबर तक 30403.28 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 83.3 प्रतिशत है। स्टांप तथा निबंधन मद में नवंबर 2024 तक 19987.09 करोड रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है जो इस अवधि के निर्धारित लक्ष्य का 84.5 प्रतिशत है। परिवहन मद में माह नवंबर 2024 तक 7579.74 करोड रुपए की राजस्व प्राप्ति हुई है जो इस अवधि तक निर्धारित लक्ष्य का 93.2 प्रतिशत है।

## चार मिलावटखोरों को 42 साल बाद सजा

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में मिलावट करने वाले 4 व्यापारियों को सजा सुनाई गई है। बुधवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की पैरवी पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम) ने पुराने मामलों में दोषियों को सजा सुनाई। ये सभी मामले खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम 1954 (पीएफए एक्ट 1954) के तहत दर्ज किए गए थे। सभी दोषियों के खिलाफ जुर्माने के साथ ही कोर्ट की कार्यवाही चलने तक कैंपस में खड़े रहने की सजा दी गई। सभी मामले काफी पुराने हैं। 1988 में वायरलेस चौराहा पर इंदिरा नगर के रहने वाले रामलाल दूध का कारोबार करते थे। छापे में भैंस के दूध में 17 प्रतिशत फैट और 30 प्रतिशत नॉन-फैटी सॉलिड्स कम पाए गए। कोर्ट ने 3000 रुपए का जुर्माना लगाया। मोहिबुल्लापुर के मोती लाल को भी सजा हुई है। 1982 में टीम ने सैंपल लिया था। गाय और भैंस के दूध में 20 प्रतिशत नॉन-फैटी सॉलिड्स कम पाए गए। कोर्ट ने 3000 रुपए का जुर्माना लगाया है।

# 5000 से अधिक कार्डियोलॉजिस्ट हार्ट डिजीज की नई तकनीक पर करेंगे चर्चा

**एसजीपीजीआई कर रहा आयोजन, देश-विदेश के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ लेंगे भाग**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** हृदय रोग विशेषज्ञों की सबसे बड़ी कॉन्फ्रेंस कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफइण्डिया के 76वें वार्षिक सम्मेलन का आयोजन लखनऊ के इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान में किया जा रहा है। 5 दिसंबर से शुरू होने वाली इस चार दिवसीय सम्मेलन का आयोजन इस बार उत्तर प्रदेश चैप्टर ऑफकार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया व संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान सयुक्त रूप से कर रहा है।

सम्मेलन के मुख्य आयोजनकर्ता संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस लखनऊ के वरिष्ठ प्रोफेसर डा. सत्येन्द्र तिवारी ने बताया कि चार दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में देश-विदेश के कई प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ भाग लेंगे। हृदय रोग से संबंधित सभी नवीनतम जानकारियाँ इस सम्मेलन में इन विशेषज्ञों द्वारा साझा की जायेंगी। देश के लगभग पाँच हजार हृदय रोग विशेषज्ञ इस सम्मेलन से लाभान्वित होंगे। खासतौर से युवा हृदय रोग विशेषज्ञ वरिष्ठ चिकित्सकों से आधुनिक इंटरवेंशन तकनीकों व नई चिकित्सा विधियों के बारे में ज्ञान अर्जित करेंगे।

एसजीपीजीआई स्थित हृदय रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डा. आदित्य कपूर ने बताया कि हाल के वर्षों में यह देखा गया है कि चालीस वर्ष से कम उम्र के युवा हार्ट अटैक की वजह से असमय कम उम्र पर खत्म हो रहें है। इस सम्मेलन में इस विषय पर भी विस्तार से चर्चा की जायेगी अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इटली, ब्रिटेन, स्पेन, नेपाल व कई यूरोपीय देशों के प्रतिनिधि इस सम्मेलन में प्रतिभाग करने के लिए लखनऊ पहुँच चुके हैं। दक्षिण भारत से आए अनेक प्रतिभागी चिकित्सीय ज्ञान के अलावा नवनिर्मित राम मंदिर को देखने के लिए भी उत्सुक दिखे।

# योगी सरकार की मंशा, आंगनबाड़ी स्कूल न दिखें किसी से भी कम

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या के 340 आंगनबाड़ी केंद्र बनेंगे मॉडल**

**लखनऊ/अयोध्या।** जिले के 340 आंगनबाड़ी केंद्रों को संवारने का काम शुरू होने जा रहा है। इन केंद्रों को एक मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें 18 बिंदुओं पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि बच्चे केंद्रों के प्रति आकर्षित हो सकें। शासन का निर्देश मिलते ही बाल विकास विभाग ने लक्ष्य का वितरण ब्लॉकवार कर दिया है। एक ब्लॉक क्षेत्र में 80 से 90 के बीच आंगनबाडी केंद्र हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि छोटे-छोटे गांव के आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प कर दिया जाए, ताकि वे भी किसी बड़े विद्यालय की भांति दिखे।

इसके लिए शासन ने दूसरे चरण में 340 केंद्रों का लक्ष्य दिया है। पहले चरण में 500 के करीब आंगनबाड़ी केंद्रों को सजाया-संवारा जा चुका है। ब्लॉकवार लक्ष्य का आवंटन करते हुए ग्राम पंचायतों से बनवाने की अपेक्षा की है। प्रत्येक पर तीन लाख रुपये खर्च होंगे। इसकी सूचना मुख्य विकास अधिकारी व जिला पंचायतराज अधिकारी को भेज दी गई है। 18 सुविधाएं मिलेंगी, जिसमें स्वच्छ पेयजल, कक्षा में ब्लैक बोर्ड, टंकी के साथ लगा नल, भवन की रंगाई-पुताई, रेलिंगयुक्त रैंप, प्रसाधन में टोंटी से पानी की आपूर्ति, वाह्य विद्युत संयोजन, बेबी टॉयलेट ,भवन में बिजली वायरिंग, प्रसाधन में टायल्स, डेस्क-बेंच, मल्टीपल हैंडवॉश, गेट और बाउंड्रीवाल, महिला प्रसाधन, रसोई घर, छत पंखा , फर्श पर टायल्स, भवन पर जानकारी वाली पेंटिंग भी होगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी में बताया कि मॉडल केंद्रों पर बच्चों के पढ़ने के लिए डेस्क, बेंच, प्रसाधन समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। पहले चरण में चयनित आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल बना दिया गया है।

## बाजार में गंदगी, लखनऊ नगर निगम से नाराज व्यापारी

**लखनऊ।** राजधानी में बुधवार को उत्तर प्रदेश क्रांति उद्योग व्यापार मंडल की बैठक का आयोजन हुआ। सरोजनी नगर के गौरी स्थित प्रदेश संगठन कार्यालय पर व्यापारी जुटे। इस दौरान नगर निगम और पीएनसी कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा पीएनसी एलिवेटेड रोड निर्माण कार्य धीमी गति से कर रहा है। इससे बाजार में आए दिन जाम लगता है। व्यापारियों ने कहा नगर निगम की लापरवाही के कारण जल भराव की समस्या बनी हुई है। बाजार में कई जगह सेप्टिक टैंक और नाली का पानी भरा रहता है। पार्षद से शिकायत करने के बावजूद सफाई नहीं कराई जा रही है। इसकी शिकायत नगर निगम अधिकारियों से भी की गई, लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए राजेश सिंह चौहान को संगठन का विधानसभा मंत्री नियुक्त किया गया। इसी तरह कौशलेंद्र यादव को विधानसभा सचिव, धर्मेंद्र सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आशीष वर्मा और नरेंद्र यादव को विधानसभा उपाध्यक्ष और रामपाल को गहरू इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

# संभल में प्रशासन ने जो कुछ भी किया है, वो बीजेपी के निर्देश पर किया : अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने को गाजीपुर बॉर्डर पर रोके जाने के बाद उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि संभल मामले बीजेपी सरकार क्या छिपाना चाहती है? पहले दिन से ही समाजवादी पार्टी समेत सभी ने कहा है कि संभल प्रशासन ने जो कुछ भी किया है, वो बीजेपी के निर्देश पर किया है, वो किसी भी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को संभल जाने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। वो क्या छिपाने की कोशिश कर रहे हैं?

संभल जाने से पहले गाजीपुर बॉर्डर पर रोके जाने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि पुलिस के साथ अकेले संभल जाने को तैयार हैं लेकिन उन्हें इसकी भी अनुमति नहीं दी जा रही है। साथ ही कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्हें संभल जाने से रोका जाना लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनके विशेषाधिकारों का हनन है। संभल रवाना होने के बाद दिल्ली. गाजीपुर सीमा पर पुलिस द्वारा रोके जाने के पर राहुल ने संवाददाताओं से कहा, हम संभल जाने की कोशिश कर रहे हैं, मगर पुलिस मना कर रही है। लोकसभा में नेता विपक्ष के नाते मेरा अधिकार बनता है कि मैं वहां जा सकता हूं। मगर तब भी वह मुझे रोक रहे हैं। यह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के मेरे अधिकार के खिलाफहै। उन्होंने कहा, मैंने कहा है कि मैं अकेला जाने को तैयार हूं... पुलिस के साथ जाने को तैयार हूं मगर उन्होंने वह भी बात नहीं मानी और अब कह रहे हैं कि कुछ दिन बाद वह हमें जाने देंगे। राहुल ने संविधान की प्रति दिखाते हुए कहा, यह (संभल जाने से रोका जाना) लोकतंत्र के खिलाफ है। हम संभल जाकर देखना चाहते हैं कि वहां क्या हुआ। हम लोगों से मिलना चाहते हैं लेकिन मेरा जो संवैधानिक अधिकार है, मुझे उससे वंचित किया जा रहा है। यह संविधान को खत्म करने वाला हिंदुस्तान है। अंबेडकर के संविधान को खत्म करने वाला हिंदुस्तान है। मगर हम लड़ते रहेंगे। राहुल के साथ मौके पर मौजूद उनकी बहन और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने भी राहुल को रोके जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, संभल में जो हुआ, वह गलत है। राहुल जी नेता प्रतिपक्ष हैं। उनके संवैधानिक विशेषाधिकार हैं जो बाकी लोगों से अलग हैं। उनको रोका नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, राहुल जी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में संवैधानिक अधिकार मिला है। उन्हें पीड़ितों से मिलने जाने दिया जाए। हिंसा प्रभावित संभल में पीड़ित परिवारों से मुलाकात करने जा रहे राहुल गांधी को बुधवार को रास्ते में दिल्ली-गाजीपुर सीमा पर रोक दिया गया।

**प्रगति** | **मनरेगा की उन्नति परियोजना के तहत लोगों को प्रशिक्षण और धन दोनों मिल रहे हैं**

# कनेक्टिविटी के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव ला रही सरकार

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली/लखनऊ।** सरकार रोजगार, घर और कनेक्टिविटी के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव ला रही है। रेल राज्य मंत्री, रवनीत सिंह बिट्टू ने बुधवार को संसद में पत्रकारों से बात करते हुए यह दावा किया। उन्होंने ग्रामीण विकास योजनाओं के तहत महत्वपूर्ण प्रगति और वित्तीय आवंटन पर प्रकाश डाला।

उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पर ध्यान केंद्रित किया और ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव लाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री रवनीत सिंह बिट्टू ने इस बात पर प्रकाश डाला कि मनरेगा सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है क्योंकि यह न केवल पैसा और रोजगार प्रदान करती है बल्कि लोगों को अपने घरों से बाहर निकले बिना काम करने की अनुमति भी देती है। 2006-07 में इस योजना के लिए आवंटन 11,300 करोड़ था, जो अब बढ़कर 86,000 करोड़ हो गया है। इस योजना के तहत अब तक आवंटित कुल निधि ?9,85,622 करोड़ है, जो लगभग 10 लाख करोड़ है। 2024 के लिए, राज्यों को 46,907 करोड़ आवंटित किए गए हैं। पहले जॉब कार्ड प्राप्त करने की एक बोझिल प्रक्रिया थी, शुरुआत में लोगों को 22 रजिस्ट्री पूरी करनी पड़ती थी। हालाँकि, अब चीजें आसान हो गई हैं। पीएम आवास योजना ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पीएम आवास योजना ने पिछले 10 वर्षों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है, जिसमें 3 करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों का निर्माण किया गया है, औसतन प्रति दिन 10,000 घर बनाए जा रहे हैं। यह योजना न केवल आवास प्रदान करती है बल्कि रोजगार भी पैदा करती है और प्रशिक्षण प्रदान करती है। अब तक 3 लाख व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। पहले एक घर बनाने में 314 दिन लगते थे, लेकिन अब इसमें सिर्फ 114 दिन लगते हैं। यह सब मोदी के विजन के तहत संभव हुआ है।

### पीएम ग्राम सड़क योजना

उन्होंने तीसरी महत्वपूर्ण योजना पीएम ग्राम सड़क योजना पर प्रकाश डाला, क्योंकि इसके तहत बनाई गई सड़कें ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अगर हम कुल स्वीकृत सड़कों को देखें तो यह 8,34,457 किमी है और अब तक कुल निर्मित सड़कें 7,69,178 किमी हैं। 9 जून 2024 से 2 दिसंबर 2024 तक 315 किमी सड़कें बनाई गईं। पूर्वोत्तर के गांवों को कनेक्टिविटी मिली पूर्वोत्तर में, प्रधानमंत्री मोदी ने यह सुनिश्चित करके महत्वपूर्ण चिंता प्रदर्शित की है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 100 से कम आबादी वाले गांवों के लिए और गैर-नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 250 से अधिक आबादी वाले गांवों के लिए पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कें बनाई जाएं। उन्होंने इन कार्यक्रमों के लिए आवंटित पर्याप्त बजट पर प्रकाश डाला और उल्लेख किया कि भविष्य में अन्य योजनाओं पर चर्चा की जाएगी।

- **प्रतिदिन 10,000 घरों का निर्माण किया जा रहा है, जिसके निर्माण की समय-सीमा पहले के 314 दिनों से घटकर 114 दिन रह गई है**
- **पूर्वोत्तर का परिवर्तन : नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मात्र 100 की आबादी वाले गांवों के लिए सड़कें**

## एससी-एसटी छात्रों की छात्रवृत्ति के लिए संशोधित समय-सारिणी जारी

**लखनऊ ।** समाज कल्याण विभाग ने वित्तीय वर्ष शैक्षिक सत्र 2024-25 में दशमोत्तर कक्षाओं में अध्यननरत अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति छात्रों के लिए छात्रवृत्ति शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति व अन्य कार्यों हेतु संशोधित समय-सारिणी जारी कर दी है।समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दशमोत्तर छात्रवृत्ति शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना से संबंधित पाठ्यक्रमों का प्रदेश के अंदर एवं वाह्य प्रदेशों में संचालित शिक्षण संस्थानों द्वारा मास्टर डाटा बेस में सम्मिलित होने, छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन सहित अन्य कार्यवाही हेतु जारी संशोधित समय-सारिणी समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति पोर्टल की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम का डीएम ने किया शुभारंभ

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार को जिला महिला अस्पताल में नियमित टीकाकरण के अंतर्गत विटामिन ए संपूरण कार्यक्रम में बच्चों को दवा पिलाकर जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी बच्चों को विटामिन ए संपूरण का डोज पिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।



उन्होंने बताया है कि विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम का द्वितीय चरण दिनाँकः 04 दिसम्बर,2024 से 03 जनवरी,2025 तक चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनपद के समस्त 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की अतिरिक्त डोज की दी जाएगी।

इसकी कमी से बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ जाती है, साथ ही रतौंधी, अंधापन, गंभीर और लंबे समय तक बीमारी में बने रहना, कुपोषण और मृत्यु दर में बढ़ोत्तरी इत्यादि हो सकती है।

जनपद में 09 माह से 12 माह के मध्य 01 एमएल तथा एक वर्ष से 05 वर्ष तक के बच्चो को 2एमएल दिया जाता है। 16 माह तक के बच्चों को नियमित टीकाकरण के दौरान आच्छादित किया जाता है शेष बच्चों को इस अभियान में अतिरिक्त डोज दिया जाएगा। यह कार्यक्रम नियमित टीकाकरण के दिन ही आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आदित्य वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जय गोविंद, सीएमएस महिला अस्पताल, डीसीपीएम डॉक्टर आरपी सिंह, डॉक्टर शेषनाथ सिंह यूनिसेफ, डॉक्टर पंकज तिवारी सहित सभी संबंधित लोग उपस्थित रहे।

### ब्लॉक कटरा बाजार तथा रुपईडीह में विशेष ध्यान देकर शतप्रतिशत बच्चों का कराएं टीकाकरण : जिलाधिकारी

- पल्स पोलियो अभियान से संबंधित अधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा की अध्यक्षता में पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत ब्लॉक्स का संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पिछले अभियान की समीक्षा की गयी, तथा 08 दिसम्बर को होने वाले आगामी चरण के विषय में सभी विभागों को जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया है कि सभी 0-5 वर्ष के बच्चों को इस अभियान के अंतर्गत दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। आगामी 08 दिसम्बर रविवार को सभी बच्चों को पोलियो बूथ पर दवा पिलायी जायेगी। 09 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक टीम घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का काम करेगी। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने अभियान से धार्मिक गुरुओं, कोटेदारों और प्रधान को जोड़ने के लिए निर्देशित किया। बैठक में सभी नोडल विभागों के अधिकारियों के साथ ब्लॉक से अधीक्षक भी मौजूद रहे। विकास खण्ड कटरा बाजार तथा रुपईडीह को विशेष ध्यान देने के लिए जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, सीएमएस जिला अस्पताल डाक्टर अनिल तिवारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर आदित्य वर्मा, डॉक्टर सीके वर्मा, डॉक्टर जयगोविंद, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, डीसीपीएम डाक्टर आरपी सिंह, डॉक्टर शेषनाथ सिंह यूनिसेफ, समस्त सीएचसी अधीक्षक सहित सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष को पंकज श्रीवास्तव ने दिया मेला स्पेशल चलाने का सुझाव

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**



पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने रेलवे बोर्ड अध्यक्ष से मिलकर देवीपाटन मंडल वासियों को सुविधा हेतु जनहित में कई प्रमुख सवारी एवं मेला एक्सप्रेस रेल गाड़ियों के संचालन शुरू किए जाने का सुझाव दिया हैं।

जेड. आर. यू. सी.सी. मेम्बर एवं भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव ने दिल्ली में रेलवे बोर्ड अध्यक्ष सतीश कुमार को दिए गये अठारह सूत्रीय मांग पत्र में करोना काल से बंद गोण्डा से लखनऊ तक पैसेंजर सवारी गाड़ी का संचालन तत्काल शुरु कराए जाने, गोण्डा अयोध्या धाम से मनकापुर एवं मनकापुर से अयोध्या धाम तथा इलाहाबाद से मनकापुर एवं मनकापुर से इलाहाबाद तक चलने वाली सरयू साकेत एक्सप्रेस का विस्तार गोंडा तक किए जाने, अधिवक्ताओं, व्यापारियों छात्रों तथा युवाओं तथा कर्मचारियों की सुविधा हेतु गोंडा कचहरी रेलवे स्टेशन पर बाघ एक्सप्रेस एवं आम्रपाली एक्सप्रेस का ठहराव किए जाने, गोंडा जंक्शन पर दिव्यांग एवं वृद्ध जनों की सुविधा बैटरी रिक्शा उपलब्ध कराए जाने, गोंडा कचहरी रेलवे स्टेशन का नामकरण शहीद राजेंद्र नाथ लाहड़ी के नाम किए जाने, रेलवे कर्मचारियों हेतु निर्मित 1700 आवासीय स्थल का पुनर्निर्माण कराए जाने, गोंडा करनैलगंज, इटियाथोक, मोतीगंज, मसकनवा, बभनान साहित, कई स्थानों पर रेल आवासों एवं रेल की जमीनों पर अवैध कब्जेदारों को हटाकर कार्रवाई किए जाने, गोंडा से नई दिल्ली से गोंडा तक सुपरफास्ट ट्रेन का संचालन किए जाने, 15069, 15070 इंटरसिटी एक्सप्रेस का इटियाथोक जरवल रोड एवं बुढ़वल रेलवे स्टेशन पर किए जाने 19716, 19715 गोमती नगर से जयपुर एवं जयपुर से गोमती नगर तक संचालित होने वाली मेल एक्सप्रेस का विस्तार गोंडा जंक्शन तक किए जाने, गोंडा जंक्शन रेलवे स्टेशन की ओर आने वाली जर्जर सड़कों का निर्माण कराए जाने, अमृत भारत में शामिल गोंडा जंक्शन रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किए जाने, गोंडा जंक्शन रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर पर ओवर ब्रिज का निर्माण कराए जाने, पत्रकारों एवं वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे द्वारा दी जाने वाली रियायतें बंद कर दी गई है, उसको बहाल किए जाने समेत तमाम बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए निस्तारण का सुझाव रेल यात्रियों के हित में रेलवे बोर्ड के सीईओ को निवेदन के साथ दिया गया।

जिस पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग अध्यक्ष को अग्रसारित कर दिया गया इसके लिए भाजपा के उमेश श्रीवास्तव, महेंद्र कुमार, दानिश अली राजेश श्रीवास्तव, देवेंद्र आदि ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया है।

# बिना मजदूर लगाए ही भरी जा रही 147 की हाजिरी

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के पंड्री कृपाल ब्लॉक के ग्राम पंचायत टिक रिया में मनरेगा के कार्यों में भारी गड़बड़ी की जा रही है। कागजों में दो स्थानों पर मिट्टी पटाई आदि का काम दर्शा दिया जाता है।तीन दिन सिर्फ तलाब पर मजदूरों को लगाया गया है और तालाब पर बंधे पर मिट्टी पिटाई का कार्य कराया गया है,लेकिन मंगलवार तीन दिसंबर को 147 श्रमिकों का मास्टर रोल कागज में चल रहा था। वही पुरानी फोटो अपलोड कर दी जाती है मगर मौके पर एक भी मजदूर काम नहीं करता मिला है।प्रधान व रोजगार सेवक और सचिव के मिलीभगत से बिना काम कराए ही मजदूरी का भुगतान करा दिया जा रहा है।पड़री कृपाल विकासखंड अंतर्गत मंगलवार को टिकरिया गांव में गाटा संख्या 304 में माधव राज के खेत के पास तालाब पर मिट्टी पटाई का कार्य मस्टर रोल में चल रहा था लेकिन उस दिन धरातल पर एक भी श्रमिक मौजूद नहीं थे।तथा दूसरा कार्य क्षेत्र पंचायत सालपुर सेमरा राम तीरथ खेत से टिकरिया ट्यूबवेल होकर रमवापुर तक मिट्टी पटाई के कार्य 15 मस्टर रोल में 147 मजदूर लगा होना दर्शाते हुए आन लाइन अपलोड किया।इतना ही नहीं इसमें फोटो भी लोड की गई।मगर हकीकत कुछ और थी।उक्त दोनों स्थानों पर एक भी मजदूर कार्य करता नहीं मिला।वही एक गाँव के व्यक्ति ने नाम न छपने कि शर्त पर बताया है कि दोनों जगह पर आज काम बंद है।

# मोतीगंज पुलिस की एकतरफा कार्रवाई पर उठ रहे सवाल

- आरोपियों को गिरफ्तार करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही पुलिस

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**



मृतक की फाइल फोटो और उसका परिवार — पी एन सिंह, एचआर हेड

बजाज चीनी मिल कुंदरखी में फिटर मैकेनिक के पद पर कार्यरत गजेन्द्र सिंह द्वारा मिल के अधिकारियों की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या किए जाने की घटना को पांच दिन बीत गए। इस मामले में यूनिट हेड, एचआर मैनेजर समेत तीन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है, लेकिन पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। इससे मृतक के परिजनों का योगी सरकार में न्याय से भरोसा उठता जा रहा है।

बताते चलें कि जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र में स्थित बजाज हिन्दुस्थान चीनी मिल कुंदरखी में फिटर के पद पर कार्यरत मुरादाबाद जिले के इस्लामनगर (रामपुर) थाना भोजपुर के रहने वाले गजेन्द्र सिंह ने 29 नवंबर को करीब 250 गोलियां खा ली थी। गंभीर हालत में उसे गोण्डा मेडिकल कॉलेज से लखनऊ रेफर कर दिया गया, जहां एक निजी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसने रात करीब साढ़े ग्यारह बजे दम तोड़ दिया था। इस मामले में गजेन्द्र की पत्नी रूबी सिंह का कहना है कि उसने 27 नवंबर को ही मोतीगंज पुलिस को तहरीर दी थी जिसमें चीनी मिल के यूनिट हेड, एचआर मैनेजर व एक अन्य पर अपने पति को प्रताड़ित करने, जान से मरवा देने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे, लेकिन इस पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उसने बताया कि 29 नवंबर की रात उसके पति गजेन्द्र की मौत के बाद मोतीगंज पुलिस ने पहली दिसंबर को आनन-फानन में बजाज चीनी मिल के यूनिट हेड पीएन सिंह, एचआर मैनेजर कमलेश कुमार व राजू सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 108, 352, 351(2) व 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया, लेकिन इस मामले के आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और उन्हें पुलिस का तनिक भर भी डर नहीं है। वहीं दूसरी तरफ इस घटना को लेकर क्षेत्र में मोतीगंज पुलिस की खूब छीछालेदर हो रही है। लोगों द्वारा मोतीगंज पुलिस की एक तरफा कार्यवाही पर उंगलियां उठाई जा रही हैं।

इस पूरे प्रकरण में क्या कहना है मिल प्रशासन और पी एन सिंह का उन्होंने बताया कि गजेंद्र सिंह एक झगड़ालू प्रवृत्ति का व्यक्ति था यह जरूर है कि वह एक अच्छा फिटर भी था सीजनल कर्मचारी होने के कारण हर सीजन में दो-चार लोगों से लड़ाई झगड़ा कर लेता था इस बार मिल प्रशासन को फसाने के लिए गजेंद्र सिंह ने नींद की ओवरडोज ले लिया जिससे उसकी मौत हो गई तथा गजेंद्र सिंह और उसके परिवार के द्वारा लगाए गए सभी आरोप भ्रामक हैं इसमें मिल प्रशासन का कोई भी दोष नहीं है ।

## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की मौत से कोहराम



**कर्नलगंज, गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के अन्तर्गत गोंडा-लखनऊ मार्ग पर रविवार को कटरा घाट पुल के निकट एक ढाबे के सामने अपाची बाइक की टक्कर से साइकिल सवार एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए थे,जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद गोंडा रेफर किया गया था,जहां इलाज के दौरान मंगलवार को उनकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम दत्तनगर के सुदईपुरवा निवासी देव नारायन मिश्र पुत्र रामछवि रविवार को कटरा घाट सरयू नदी के तट पर स्थित मंदिर में पूजा पाठ करके साईकिल से अपने घर की तरफ वापस आ रहे थे। तभी गोंडा-लखनऊ मार्ग पर निकट सरयू पुल स्थित संतोष ढाबा के सामने पीछे से तेज रफ्तार से आ रही लाल सफेद रंग की अपाची बाइक ने लापरवाही पूर्वक जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे उनके सिर व शरीर में गंभीर चोटें आईं थीं। घायल बुजुर्ग का इलाज सुधा न्यूरो एंड ट्रामा सेंटर गोंडा में हो रहा था, जहां इलाज के दौरान मंगलवार को दिन में करीब साढ़े तीन बजे उनकी मृत्यु हो गई। मृतक बुजुर्ग के पौत्र अनुराग मिश्र पुत्र उत्तम मिश्र ने दवा इलाज में व्यस्त रहने के कारण मंगलवार की शाम को कर्नलगंज कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। मृतक का अंतिम संस्कार कटरा घाट स्थित सरयू नदी के तट पर किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में परिचालक की मौत



**कर्नलगंज, गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** तहसील व विकास खंड क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव निवासी रोडवेज बस के परिचालक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के मुताबिक तहसील क्षेत्र के कर्नलगंज विकास खंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत नारायनपुर मांझा गोबरे पुरवा निवासी वासुदेव दूबे उम्र करीब 40 वर्ष पुत्र सीताराम परिवहन विभाग में दूबे संविदा परिचालक थे, जो बुधवार की भोर में बस लेकर कर्नलगंज की तरफ आ रहे थे तभी गणेशपुर ढाबा के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दिया जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई। वासुदेव दूबे की आकस्मिक मौत की सूचना से पूरे गांव में मातम छा गया,उनके गोबरे पुरवा स्थित आवास पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। मृतक का अंतिम संस्कार कटरा घाट स्थित सरयू नदी के तट पर किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक चालक की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद के नानपारा लखीमपुर मार्ग पर मोतीपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात 11 बजे दो ट्रकों की आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे में संभल निवासी एक ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा ट्रक चालक घायल हो गया। हादसा कोहरे के चलते होना बताया जा रहा है।मोतीपुर थाना क्षेत्र के नानपारा लखीमपुर मार्ग पर निबिया गौडी गांव के पास मंगलवार रात दो ट्रकों की आमने सामने टक्कर हो गई। हादसा इतना जबरजस्त था कि एक ट्रक चालक संभल निवासी अरविंद कुमार (40) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे ट्रक पर सवार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आसपास के लोगों की मदद से पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।ट्रक चालक को होश न आने से पहचान नहीं हो सकी है। वहीं लखीमपुर से आ रही ट्रक में किराना का सामान टक्कर के बाद सड़क पर ही बिखर गया। जिसके चलते जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने नानपारा से हाइड्रा मंगवाकर ट्रक को हटवाया। इसके बाद रात एक बजे आवागमन सामान्य हो सका।चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि कोहरे के चलते हादसे का अनुमान लगाया जा रहा है। क्योंकि रात में कोहरा अधिक छाया हुआ था। उन्होंने बताया कि मृतक ट्रक चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मेडिकल कॉलेज में सी-आर्म मशीन का उद्घाटन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



- सी-आर्म मशीन से रीढ़ की हड्डी की सर्जरी और अन्य जटिल प्रक्रियाओं में होगी आसानी

जिले के मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक सी-आर्म मशीन का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. संजय खत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा यह मशीन आधुनिक चिकित्सा तकनीकों में एक बड़ा कदम है। इसके माध्यम से रीढ़ की हड्डी की सर्जरी और अन्य जटिल प्रक्रियाओं को आसानी से अंजाम दिया जा सकेगा। साथ ही न्यूनतम इनवेसिव सर्जिकल तकनीक के जरिए मरीजों को तेजी से स्वस्थ होने में मदद मिलेगी। मीडिया प्रभारी डॉ. अरविंद शुक्ला ने बताया कि सी-आर्म मशीन के आने से मेडिकल कॉलेज बहराइच में चिकित्सा सेवाओं का स्तर और ऊंचा हो गया है। अब यहां अत्याधुनिक सर्जरी प्रक्रियाओं को कुशलतापूर्वक किया जा सकेगा।इस अवसर पर सीएमएस डॉ. एम.एम. त्रिपाठी, डॉ. अमरदीप पटेल, डॉ. जयदीप, डॉ. विनोद, और अस्पताल प्रबंधक रिज़वान समेत कई वरिष्ठ डॉक्टर और कर्मचारी मौजूद रहे।

### मरीजों को होगा बड़ा फायदा

यह मशीन न केवल बहराइच जिले के बल्कि आसपास के देवीपाटन मंडल व नेपाल राष्ट्र के मरीजों के लिए वरदान साबित होगी।

### सी-आर्म मशीन की खासियत

यह हाई-फ्रीक्वेंसी मोबाइल सर्जिकल सी-आर्म मशीन है। मशीन में डीवीडी रिकॉर्डर (सर्जिकल प्रक्रियाओं की रिकॉर्डिंग के लिए), थर्मल प्रिंटर, और डीआईसीओएम सिस्टम की सुविधा है। बेहतर आवर्धन (मैग्नीफिकेशन) की वजह से रीढ़ की हड्डी की सर्जरी और उन्नत प्रक्रियाएं अब अधिक सटीकता से की जा सकेंगी। इस मशीन की मदद से मिनिमल इनवेसिव सर्जिकल प्रक्रियाएं आसानी से की जाएंगी, जिससे मरीजों को कम दर्द और तेजी से ठीक होने का लाभ मिलेगा।

# स्कॉर्पियो से बकरी चोरी करने वाले चार गिरफ्तार

- बीती रात को नौवा गांव तिराहा के पास से किया गिरफ्तार
- चार बकरियां बरामद

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**




पयागपुर पुलिस ने रात 12 बजे स्कॉर्पियो वहां से मवेशियों की चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ा। स्कॉर्पियो वाहन में चोरी की चार बकरियां और दो बाइक भी पुलिस ने बरामद की। पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। जबकि बरामद वाहनों को सीज कर दिया है। जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र में लोगों के द्वार पर बंधे बकरियों की चोरी बीते एक सप्ताह से हो रही थी। इससे मवेशी पालक काफी परेशान थे। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में पुलिस ने मवेशी चोरों की तलाश शुरू की। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि मंगलवार रात 12 बजे नौवा गांव तिराहा के पास से उप निरीक्षक नितिन उपाध्याय, धात्री शंकर सहाय सिंह, मनीष कुमार यादव, रमेश चंद्र, हेड कांस्टेबल रामनाथ यादव, सिपाही राम प्रसाद, आशीष चौहान, अर्पित तिवारी समेत अंकित टीम ने एक स्कॉर्पियो वाहन को रोका जांच की उसमें कर बकरियां बरामद हुई। वाहन में बैठे लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो सभी ने क्षेत्र में घूमकर विभिन्न घरों से बकरी चोरी की बात स्वीकार की। जिस पर गोंडा जिले के कोतवाली देहात अंतर्गत जामदार गांव निवासी सुभान पुत्र शेर अली, कोतवाली नगर के नेवतियान गांव निवासी सलमान पुत्र सलीम, आरिफ पुत्र सलीम और जिले के दरगाह थाना क्षेत्र के मोहमदा ओवरब्रिज निवासी अब्दुल अजीज उर्फ शेरू पुत्र मोहम्मद रफीक के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। इनकी निशानदेही पर चोरी में प्रयुक्त दो बाइक भी बरामद की। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने बताया कि स्कॉर्पियो वाहन और दो बाइक को सीज कर दिया गया है।

# डायरिया से बचाव में जिंक-ओआरएस कारगर : डॉ. चंद्रभान राम

- नानपारा सीएचसी पर जिंक-ओआरएस कॉर्नर का शुभारम्भ

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



नानपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डायरिया नेट जीरो अभियान के तहत जिंक-ओआरएस कॉर्नर की स्थापना की गई। इस पहल का शुभारंभ डॉ. चंद्रभान राम द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों को डेटॉल साबुन, जिंक की गोलियां और ओआरएस पैकेट वितरित किए गए।

डॉ. चंद्रभान राम ने बताया कि डायरिया के दौरान शरीर में तरल पदार्थों और खनिजों की कमी हो जाती है, जिससे निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) का खतरा बढ़ता है। ऐसे में ओआरएस शरीर में खोए हुए तरल और इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति करता है और निर्जलीकरण को रोकने में सहायक होता है। जिंक का सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, डायरिया की अवधि और गंभीरता को कम करता है, और बच्चों को बार-बार होने वाले डायरिया से बचाने में मदद करता है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश ने कहा कि डायरिया से बच्चों को बचाने के लिए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। ओआरएस और जिंक की सही खुराक न केवल डायरिया को रोकने में मदद करती है, बल्कि लंबे समय तक बच्चों के स्वास्थ्य को भी मजबूत बनाती है।जिला समन्वयक सईद अहमद ने कहा कि डायरिया के दौरान जिंक और ओआरएस का उपयोग बच्चों को निर्जलीकरण से बचाने और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक है। जागरूकता और समय पर उपचार से डायरिया के मामलों को रोका जा सकता है। जिंक-ओआरएस कॉर्नर सामुदायिक स्तर पर डायरिया प्रबंधन को प्रभावी बनाने में मददगार साबित होगा। यहां पर लोगों को ओआरएस घोल तैयार करने की विधि सिखाई जाएगी, जिंक की सही खुराक के उपयोग के बारे में जानकारी दी जाएगी, और जरूरतमंदों को मुफ्त ओआरएस और जिंक गोलियां उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय शर्मा ने बताया कि डेटॉल डायरिया नेट जीरो टीम जिला समन्वयक सईद अहमद के नेतृत्व में घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चला रही है। इस अभियान का उद्देश्य डायरिया के मामलों को शून्य तक लाना और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना है। यह पहल न केवल डायरिया को रोकने में सहायक होगी बल्कि सामुदायिक स्वास्थ्य को भी सशक्त बनाएगी। कार्यक्रम में एएनएम, आशा कार्यकर्ता, नर्सिंग स्टाफ, बीसीपीएम पंचम ऋषि, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश, फार्मासिस्ट, और बहराइच की डायरिया नेट जीरो (डीएनजेड) टीम की उपस्थिति रही।

# नोएडा में किसानों को गिरफ्तार करने के विरोध में प्रदर्शन, कोतवाली देहात में किया हंगामा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नोएडा में किसानों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन को पुलिस ने रोकते हुए कई किसानों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके विरोध में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की ओर से कोतवाली देहात परिसर में धरना शुरू कर दिया गया है।नोएडा में किसान अपनी मांगों को लेकर 2 दिन से धरना दे रहे हैं। किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए पुलिस हर उपाय कर रही है कई किसान नेताओं को गिरफ्तार कर लिया है। इसके विरोध में जिले में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की ओर से कोतवाली देहात परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया है। सभी किसान नेता महेंद्र सिंह अमर रहे और राकेश टिकट जिंदाबाद के नारे लगाते हुए गिरफ्तार किसानों के रिहाई करने की मांग कर रहे हैं। साथ ही सरकार से किसानों के आंदोलन को न रोकने की बात कह रहे हैं। किसानों के कोतवाली देहात परिसर में धरना प्रदर्शन को लेकर अफरा तफरी मच गई है। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है। पूरे परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। भाकियू टिकैत के युवा जिलाध्यक्ष राम छवि यादव की अगुवाई में सभी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया। इस दौरान काफी संख्या में महिला और पुरुष किसान धरने पर बैठे हुए हैं।

# ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत

- तड़के चार से पांच बजे के मध्य हुआ हादसा
- शिनाख्त में जुटी पुलिस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

लखनऊ गोरखपुर रेल प्रखंड पर बुधवार सुबह चार से पांच बजे के मध्य एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात के शव मर्च्यूरी के लिए भेज दिया है। जिले के लखनऊ गोरखपुर रेल प्रखंड पर जरवल रोड चीनी मिल के निकट ग्राम पंचायत पारा परशरामपुर के नेवलीपुरवा गांव के सामने एक अज्ञात 32 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। बुधवार सुबह हुई घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष जरवल रोड बृजराज प्रसाद, उप निरीक्षक रंजीत भारती, उपनिरक्षक अनिरुद्ध यादव ,उप निरीक्षक प्रमोद कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की शिनाख्त करवाई, लेकिन शिनाख्त नहीं हुई। थानाध्यक्ष बृजराज प्रसाद ने बताया कि सुबह-सुबह तड़के चार पांच बजे के आसपास लखनऊ से गोंडा की ओर डाउन लाइन पर जा रही अज्ञात ट्रेन से कटकर मौत हुई है। संभावना है की ट्रेन के गेट के पास खड़ा होगा गिरने से कटकर मौत हुई है, पहचान कराई जा रही है अभी तक कोई पहचान नहीं हो पाई है। शव को 72 घंटे के लिए मर्च्यूरी में रखवा दिया गया है। इसके बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि युवक का सिर और दोनों हाथ कट गया है।

# टीबी मुक्त समाज के निर्माण में सामूहिक प्रयास सबसे महत्वपूर्ण है : सीएमओ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



टीबी मुक्त बहराइच की ओर बढ़ते कदम

पयागपुर ब्लॉक के ग्राम परसिया पंडित ने सामुदायिक प्रयासों से टीबी मुक्त होने की दिशा में मिसाल पेश की है। ग्राम प्रधान राम भवन मिश्रा ने पंचायत सदस्यों के साथ बैठक कर टीबी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया और बताया कि शुरुआती जांच और सही इलाज से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है। उन्होंने सभी वार्डों में टीबी के लक्षणों वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनकी जांच और उपचार सुनिश्चित करने पर जोर दिया। ग्राम प्रधान मिश्रा ने कहा कि गांव के पास कोई सरकारी अस्पताल नहीं होने से मरीजों को 20 किलोमीटर दूर सीएचसी पयागपुर जाना पड़ता है, जिससे चुनौतियां बनी रहती हैं। इसके बावजूद सामूहिक प्रयासों से गांव टीबी मुक्त हुआ। इस सफलता के लिए उन्हें जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। यह सफलता मात्र एक उदाहरण है। पंचायत के सहयोग से अब तक 15 गांव टीबी मुक्त हो चुके हैं। जिन्हें सम्मानित किया जा चुका है जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एमएल वर्मा ने कहा कि दिसंबर 2024 तक जिले के 180 गांवों को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि जिले की 1034 पंचायतों के प्रधान, सचिव और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब तक सात ब्लॉकों में प्रशिक्षण पूरा हो चुका है, जबकि अन्य ब्लॉकों में कार्य प्रगति पर है।

### ऐसे होती हैं टीबी मुक्त पंचायत

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एमएल वर्मा ने बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित होने के लिए कई मानकों को पूरा करना जरूरी है। प्रति 1000 की आबादी पर 30 संभावित टीबी मरीजों की जांच होनी चाहिए, और प्रति 1000 की आबादी पर एक या उससे कम मरीज का नोटिफिकेशन होना चाहिए। इसके अलावा, कम से कम 60 प्रतिशत मरीजों की ड्रग सेंसिटिविटी टेस्ट (डीएसटी) जांच हो चुकी हो और पंजीकृत कुल मरीजों में से 85 प्रतिशत का सफल उपचार पूरा हो, जिससे वे पूरी तरह स्वस्थ हो जाएं। निक्षय पोषण योजना के तहत सभी टीबी मरीजों को कम से कम पहली किस्त का भुगतान सुनिश्चित करना आवश्यक है, साथ ही मरीजों को गोद लेने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इन सभी पहलुओं पर खरा उतरने और स्वस्थ होने की दर की समीक्षा के बाद ही पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जाता है।

### पयागपुर की पंचायतों का प्रशिक्षण संपन्न

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड सभागार पयागपुर में एक दिवसीय टीबी मुक्त ग्राम पंचायत फैमिली केयर गिवर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सीएचसी अधीक्षक डॉ. आलोक कुमार के नेतृत्व में और एडीओ पंचायत तेज नारायण राव की अध्यक्षता में संपन्न हुई।प्रशिक्षण में टीबी के लक्षण, उपचार और रोकथाम के उपायों, समुदाय में जागरूकता फैलाने के विशेष अभियानों, और निक्षय पोषण योजना के लाभ व मरीजों को गोद लेने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई।

### टीबी को समाप्त करने के लिए समुदाय का सहयोग और जागरूकता अत्यंत आवश्यक

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि टीबी जैसी बीमारी को समाप्त करने के लिए समुदाय का सहयोग और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। हमारा उद्देश्य है कि हर ग्राम पंचायत इस अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए।

# शादी समारोह में खूनी संघर्ष, एक भाई की मौत, दूसरा गंभीर

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

सोमवार की रात एक शादी समारोह में दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के दो भाइयों पर जानलेवा हमला कर दिया। इसमें दोनों भाइयों को गंभीर चोटें आई और वहीं जमीन पर बेहोश होकर गिर पड़े। आनन-फानन में 108 पर फोन करके एंबुलेंस बुलाई गई और ऊंचाहार सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान एक की मौत हो गई, जबकि छोटे भाई की हालत गंभीर है। मामला रोहनिया विकासखंड के ग्राम पूरे उपरहितन मजरे डिलौली का है। एक शादी समारोह में आए हुए कृष्णा देवी पत्नी रामखेलावन के यहां उनके दामाद शैलेंद्र और उसके छोटे भाई संदीप निवासी ग्राम गोढ़िया थाना जगतपुर रायबरेली आए थे। गांव के प्रशांत तिवारी पुत्र हरिकेश तिवारी निवासी पुरे उपरहितन मजरे डिलौली ने रंजिश में अचानक बक्शी से दोनों भाइयों के सिर पर वार कर दिया। जिससे दोनों गंभीर चोटे आई और वहीं पर बेहोश हो गए। कृष्णा देवी के दामाद शैलेंद्र और उसके भाई संदीप को बेहोशी की अवस्था में 108 एंबुलेंस से सीएचसी ऊंचाहार ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने की वजह से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार देर रात कृष्णा देवी के दामाद शैलेंद्र कुमार की मौत हो गई है। उनके छोटे भाई संदीप कुमार भी जीवन मृत्यु के बीच झूल रहे। कोतवाल संजय कुमार ने बताया है कि मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पहरावा नैय्या नाला के पास बुधवार को दोपहर बाइक और पिकअप की जोरदार टक्कर में 18 वर्षीय बाइक सवार चालक आलोक गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया जहां आलोक की हालत नाजुक होने के कारण चिकित्सों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया आलोक महराजगंज से वापस अपने घर जा रहा था तभी पहरावां नैय्या नाला के पास पहरेमऊ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने आलोक को टक्कर मार दी जिससे आलोक की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई व आलोक गंभीर रूप से घायल हो गया प्राप्त जानकारी के अनुसार पहरावां निवासी आलोक कुमार पुत्र स्वर्गीय गोविंद उम्र 18 वर्ष को लेकर जिला अस्पताल पहुंचते ही जैसे चिकित्सकों ने देखा उन्होंने आलोक को मृत्यु घोषित कर दिया। महराजगंज सीएचसी अधीक्षक पी के श्रीवास्तव ने बताया कि आलोक को सीएचसी लाया गया था जहां हालत नाजुक होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां जिला अस्पताल में आलोक की मृत्यु हो गई।

# एसडीएम की अध्यक्षता में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम संपन्न

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज में एसडीएम सचिन यादव की अध्यक्षता में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत इनफोर्समेंट की गतिविधियों की गई। तथा तंबाकू खाने वाले और धूम्रपान करने वालों का चालान भी किया गया तथा लोगों से अपील की गई कि तंबाकू का प्रयोग न करें यह आपके स्वास्थ्य के लिए, अच्छी बात नहीं है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर पीके श्रीवास्तव द्वारा भी लोगों से अपील की गई साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जो भी तंबाकू का सेवन करते हुए पाया गया उसके ऊपर जुर्माना भी लगाया गया। धूम्रपान निषेध एवं गुटखा तंबाकू के सेवन अधिनियम के अंतर्गत उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया गया। डॉ पीके श्रीवास्तव ने बताया कि इनफोर्समेंट हेतु गठित तहसील एवं ब्लॉक की सभी टीम के साथ समन्वय स्थापित करते हुए इनफोर्समेंट की गतिविधियों की गई है। साथ-साथ जुर्माना बुकलेट उपलब्ध थी जिसमें कुछ लोगों पर जुर्माना लगाया गया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह महराजगंज कोतवाल जगदीश यादव सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## निकाली गई तंबाकू मुक्त युवा अभियान रैली

**बछरावां, रायबरेली।** जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के तत्वाधान में सीएचसी से तम्बाकू मुक्त युवा अभियान रैली का आयोजन किया गया। रैली ने कस्बे में भ्रमण कर लोगों को तंबाकू के सेवन से हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरुक किया है। इस मौके पर डॉक्टर अनिल कुमार जैसल ने कहा कि तंबाकू हमारे स्वास्थ्य पर खराब असर डालती है। उन्होंने लोगों को जागरुक करते हुए बताया कि हमें तंबाकू का सेवन नहीं करना चाहिए। जितना संभव हो तंबाकू उत्पादों से दूर रहना चाहिए। आसपास के लोगों को भी तंबाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। खंड विकास अधिकारी एस बी सिंह ने लोगों को समझाते हुए अपील की है कि वह अपने घर परिवार और गांव में तंबाकू से होने वाली हानियों के बारे में चर्चा करें। और इसके सेवन करने से रोकना सुनिश्चित करने की कोशिश करें। लोगों को तम्बाकू से उनके शरीर पर होने वाले हानिकारक प्रभावों को समझाएं। उन्होंने हाईवे किनारे स्कूलों के आसपास 100 मीटर के दायरे में स्थित तंबाकू उत्पाद के



दुकानदारों को समझाया कि स्कूलों के आसपास ऐसे उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है। वह अपने व्यवसाय में बदलाव कर सकते हैं।

# विशाल हवनात्मक अभिषेकात्मक शिव शक्ति महायज्ञ शुरू

**प्रथम दिवस निकाली गई मंगल कलश यात्रा**

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

विकास क्षेत्र के शेखपुर समोधा ग्राम सभा के मजरे खालेगांव में स्थित विशाल एवं प्रसिद्ध झारखंडेश्वर महादेव मन्दिर के प्रांगण में हवनात्मक, अभिषेकात्मक शिवशक्ति महायज्ञ एवं संगीतमय पावन श्री रामकथा एवं विशाल भंडारे के आयोजन के तहत कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को मंगल कलश यात्रा निकाल कर किया गया। यह मंगल कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल से होती हुई शेखपुर समोधा के विभिन्न गांवों में भ्रमण करती हुई कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुई। इस मौके पर गाजे बाजे की धुन पर



हजारों शिव भक्त थिरकते हुए नजर आए। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए कार्यक्रम के आयोजक ब्रह्मर्षि आचार्य धीरेंद्र जी महाराज प्रयागराज ने बताया कि इस शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन आज से प्रारंभ हो गया है। आज मंगल कलश यात्रा, मंडप प्रवेश, बेदी रचना व नगर भ्रमण के पश्चात गुरुवार को 33 कोटि देवी देवताओं का आवाहन एवं शनिवार को वैदिक मंत्रोउच्चार के साथ अग्नि देव का प्रकट्या एवं 11 दिसंबर को कन्या पूजन एवं भोजन पश्चात 12 दिसंबर को यज्ञ की पूर्णाहुति एवं 13 दिसंबर को क्षेत्र की 64 ग्राम सभाओं के विशाल भंडारे आयोजन किया गया है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि इस महायज्ञ के कार्यक्रम में प्रत्येक दिन दोपहर 2:00 बजे से 5:00 बजे तक एवं सायं 7:00 बजे से 10:00 बजे तक अंतर्राष्ट्रीय हैग्रीवाचार्य महाराज प्रयागराज डॉक्टर दिनेश जी महाराज मानस पीयूष धर्मसंघ काशी के द्वारा श्री रामचरित मानस रूपी कथा रस का संगीतमय एवं सुंदर वर्णन किया जाएगा। इस मंगल कलश यात्रा के इस मौके पर क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधि गण आचार्यगण, माताएं, बहने एवं बुजुर्ग सहित हजारों की संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

# हनुमान मंदिर में मेला और भंडारे का हुआ आयोजन

**श्रद्धालुओं ने बाबा को भोग लगाकर मांगी मन्नतें, यजमानों ने हवन कुंड में दी आहुतियां**

**रायबरेली महाराजगंज, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील क्षेत्र के मऊ गर्वी में स्थित हनुमान मंदिर का विशाल मेला एवं भंडारा मंगलवार को आयोजित हुआ। मंदिर कमेटी सदस्य व मेला व्यवस्थापक शिवलाल सैनी ने बताया कि हनुमान मंदिर हर वर्ष की बात इस वर्ष भी विशाल मेला एवं भंडारे का आयोजन में हवन प्रसाद वितरण एवं भंडारा किया गया उन्होंने बताया कि मेले के दौरान मंदिर में आसपास के गांव के अलावा उन क्षेत्रों से भी हनुमान मंदिर में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भोग लगे और



मनोकामनाएं मांगी। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनुष्ठान सिंह जहाजी, राणा सिंह हाई कोर्ट लखनऊ, राजकुमार सिंह उर्फ मोगा सिंह, भोलू सिंह, जनक सिंह, शैलेंद्र सिंह, डब्बू सिंह, लवलेश पांडे, शिवलाल सैनी, शिवम पांडे, शैलेंद्र सनी, भोला सैनी, आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।


## खबरें एक नजर में

### मुज़ाहिरा सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सलोन, रायबरेली।** मदरसा इस्लामिया इम्दादिया कस्बा सलोंन में छात्र व छात्राओं का जलसा तालीमी मुज़ाहिरा (सांस्कृतिक कार्यक्रम) हुआ। जिसमें छात्राओं ने हिन्दी, अंग्रेज़ी, अरबी, उर्दू में अपनी तकरीरों के द्वारा समाज को एक बहुत अच्छा संदेश दिया गया। सबसे बड़ी सुंदरता यह है कि इसमें सिर्फ़ महिलाओं को ही शामिल किया गया। उनको बच्चों के सही पालन पोषण तथा शिक्षित कराने के लिए उन्हें जागरूक किया गया।कार्यक्रम में मदरसे के प्रबंधक मौलाना रूशैद साहब नदवी ने मदरसे का शानदार परिचय कराया तथा मदरसे के मोहतमिम मौलाना अबरार साहब नदवी ने महिलाओं को सही पालन पोषण पर तवज्जो दिलाई। हिरा मसूद की दुआ पर इस कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर मौलाना सालेह साहब, मौलाना यूसुफ़ साहब, मौलाना उसमान नदवी साहब, मौलाना जमील साहब,मास्टर वकार उमर,मौलाना जमशेद नदवी,मौलाना हम्माद नदवी व डॉ. तारिक, आसिफ़ बेकरी वाले, आलम साइकिल कम्पनी, वासिल आदि मौजूद थे।

### फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट के कर्मियों को रिकॉर्ड व्हीलों की फोर्जिंग के लिए किया सम्मानित



**लालगंज, रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल 2024 से 21 नवम्बर 2024 तक 8 माह से भी कम समय में कुल 23777 व्हीलों की फोर्जिंग कर अपने पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान की गई कुल 23631 व्हीलों की फोर्जिंग के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त किया एवं इस उपलब्धि को अर्जित करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को उनके अथक परिश्रम के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। आरेडिका के महाप्रबंधक ने कहा कि यह ऑपरेशन प्रोडक्शन एवं मैकेनिकल मेंटिनेस तथा इलेक्ट्रिकल एवं ऑटोमिशन की टीम के सामूहिक प्रयास से इस उपलब्धि को अर्जित करना संभव हो पाया है। आगे भी इसी तरह लगन के साथ कार्य करते रहने के लिए अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रेरित किया।

### मेरे दुलारे राम-लक्ष्मण न मांगों, अवध के चमकते दो सितारे न मांगों



**सादुल्लानगर/ बलरामपुर।** मेरे दुलारे राम लक्ष्मण न मांगों, अवध के चमकते दो सितारे न मांगों। असुरों द्वारा यज्ञ का विध्वंस करने पर यज्ञ की रक्षा के लिए ऋषि विश्वामित्र अयोध्या पहुंचकर करके राजा दशरथ से उनके दोनों पुत्रों राम व लक्ष्मण से उनके दोनों पुत्रों राम और लक्ष्मण को मांगा तो रंधे कंठ से राजा दशरथ ने ऋषि से कहा उनका राज पाठ सब कुछ ले लो पर उनके आंख के तारे दोनों पुत्रों को न मांगों। अपना अनादर देख ऋषि विश्वामित्र क्रोध में आ गए ।और अयोध्या में प्रलय लाने के लिए जैसे ही कमंडल से जल निकाला वैसे ही ऋषि वरिष्ठ ने आकर विश्वामित्र के क्रोध को शांत करा कर राजा दशरथ को उनके राम लक्ष्मण देने के लिए राजी कर लिया। सादुल्लानगर के नौडिहवा में हो रहे राम विवाह महोत्सव के दूसरे दिन अयोध्या से आई रामलीला कमेटी द्वारा नारद मोह,ऋषि विश्वामित्र का अयोध्या आगमन, उनके द्वारा राजा दशरथ से यज्ञ की रक्षा के लिए राम लक्ष्मण को मांगना, राम लक्ष्मण द्वारा राक्षसी ताड़का वध करना तथा गंगा स्नान का बड़े ही मनोहरी ढंग से मंचन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद मौर्या,ऑडिटर सुभाष चंद्र जायसवाल, बब्बू उपाध्याय, राजेश तिवारी, मनीष व अन्नू ओझा सहित अन्य दर्शक सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर परिनिर्वाण दिवस पर होगा कैंडल मार्च और माल्यार्पण

**उतरौला (बलरामपुर)।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 6 दिसम्बर 2024 को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर बाबा साहेब के अनुयायी कैंडल मार्च और माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ओम प्रकाश गौतम ने बताया कि सभी अनुयायी श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे पर एकत्र होंगे। वहां से पैदल यात्रा शुरू कर बाबा साहेब अंबेडकर चौराहे पर पहुंचेंगे। इसके बाद बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम के माध्यम से बाबा साहेब के विचारों और उनके योगदान को याद किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

# मान्यता प्राप्त रेलवे संघ का हुआ मतदान



**डलमऊ रायबरेली।** मान्यता प्राप्त रेलवे संघ चुनाव को लेकर दो दिनों तक चलने वाले मतदान के पहले दिन बुधवार को रेलवे कर्मचारियों ने मतदान किया दूसरे दिन गुरुवार को शेष बचे कर्मचारियों द्वारा मतदान किया जाएगा। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पहले दिन का चुनाव सकुशल संपन्न हुआ 10 वर्षों में एक बार होने वाले चुनाव में रेलवे कर्मचारियों ने बढ़-कर कर हिस्सा लिया। रेलवे परिक्षेत्र में काम करने वाले करीब 1987 मतदाताओं के द्वारा इस चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं।यूनियन को मान्यता पाने के लिए 35 प्रतिशत से अधिक मतों की आवश्यकता होती है। डलमऊ में 4 और 5 दिसम्बर को सामान्य रेलवे कर्मचारी वोट डालेंगे। जिस पर बुधवार को कर्मचारियो ने अपने मत का प्रयोग किया। सुबह आठ बजे से शाम 5 बजे तक मतदान डाले गए। इस मौके पर देव कुमार, बाबू राम शंकर, सौरभ द्विवेदी, अमित सिंह, संदीप यादव, राजेश कुमार, अरविंद कुमार, एक सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# दवा व्यवसाइयों ने मीडिया कर्मियों पर लगाया आरोप, पत्रकार लामबंद

**एक निजी होटल में इकट्ठा हुए जिले भर के सैकड़ों पत्रकार अन्याय के खिलाफ भरी हुंकार**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

दवा व्यवसाई के मीडिया पर आरोप लगाने से नाराज पत्रकारों ने एक निजी होटल में गोष्ठी की। जिले के सभी पत्रकारों ने एक स्वर में कहा कि इस तरह के आरोप बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। वरिष्ठ पत्रकार गौरव अवस्थी ने कहा यह कलम को दबाने का प्रयास है जो संभव नहीं है जो भी तथ्य हैं वह सामने रखे जाए यदि पत्रकार गलत है तो उस पर मुकदमा हो लेकिन यदि व्यवसाई गलत हो तो उस पर उसी धारा में मामला दर्ज हो। पत्रकार ओम प्रकाश मिश्र ने कहा इस तरह मीडिया की आवाज को कोई दबा नहीं सकता सभी साथी इसका एक स्वर में विरोध करेंगे। पत्रकार अनुज अवस्थी ने कहा पत्रकारों पर इस तरह आरोप लगाने से पहले उससे जुड़े तथ्य और सबूत अपने पास रख लें नहीं तो आगे की करवाई के लिए तैयार रहें। कुछ



दिनों पहले सोशल मीडिया पर शहर के मिल एरिया थाना निवासी एक मेडिकल व्यवसायी का वीडियो वायरल हुआ था वह व्यवसाई पांच सौ की करेंसी नोटों के कई बंडल एक कार्टून में रखते हुए दिख रहे थे। इतनी अधिक धनराशि का वीडियो वायरल की खबर मीडिया में चली और अखबारों में प्रकाशित हुई। खबरों के चलने के बाद सदर पुलिस उपाधीक्षक अमित सिंह ने मामले की जाँच की बात भी कही। इधर खबर चलने से नाराज दवा व्यवसायी ने मीडिया की आवाज को दबाने के लिए एक वरिष्ठ पत्रकार रोहित मिश्रा सहित मीडिया के खिलाफ अनर्गल व तथ्यहीन आरोप सार्वजनिक रुप से लगाए। व्यवसायी द्वारा किये गए इस कृत्य से जिले के सभी पत्रकार लामबंद हो गए हैं। सभी का कहना है कि या तो व्यवसाई आरोप सिद्ध करे नहीं तो सार्वजनिक रुप से माफी मांगे इस तरह के आरोप बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। इस मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रेम नारायण द्विवेदी, मीडिया क्लब के अध्यक्ष अजीत सिंह, अखिल भारतीय प्रेस संगठन के अध्यक्ष पंकज सिंह, संजय मौर्य, शिव प्रसाद यादव, दुर्गेश मिश्र,आरपी सिंह, शैलेन्द्र सिंह, संजय सिंह,धीरज श्रीवास्तव,चांद खान, अनुभव स्वरूप यादव, हिमांशू श्रीवास्तव, नरेंद्र सिंह, धर्मेश त्रिवेदी, वैभव बाजपेई, मनीष अवस्थी, इंद्रवीर सिंह , बबलू अंगारा आदित्य बाजपेई, केशवानंद, अखिल श्रीवास्तव, नरेंद्र पांडेय,राहुल मिश्र आदि पत्रकार साथी मौजूद रहे।

### जिले के उच्च अधिकारियों से मिले पत्रकार

**रायबरेली।** जिले की पत्रकारिता पर दाग लगाने की कोशिश करने वाले दवा व्यवसाई से नाराज पत्रकार गोष्ठी का बाद पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह और जिला अधिकारी हर्षिता माथुर से मिलने पहुंचे। जिले के उच्चाधिकारियों ने मामले को लेकर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया तब पत्रकार माने। मौके पर जिले के सभी बुजुर्ग और युवा पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# बार एसो. उतरौला में अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता दिवस मनाया

**उतरौला( बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

भारत मे वकालत की गरिमा हर दौर में बना रहा है स्वतन्त्रता संग्राम में वकीलों से अधिक योगदान किसी और पेशे के नही रहा है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकरआज के इस युग मे मानवतावादी विचारो के लिये अधिवक्ता प्रयासरत है।यह बात अधिवक्ता दिवस पर आयोजित अधिवक्ता दिवस पर संघ भवन उतरौला में कार्यक्रम में सिविल जज जूनियर डिवीजन योगेश चौधरी ने कही। वकील ने हर युग मे मानवता के हितार्थ कार्य किया हैऔर संघर्ष में भी पीछे नही रहे।

अध्यक्ष प्रहलाद यादव ने कहा कि अधिवक्ता न्यायालय के अधिकारी है,भारत की न्याय व्यवस्था अधिवक्ताओ के काम पर टिकी हुई है।अधिवक्ताओं को अधिक से अधिक किताबों का अध्ययन करना चाहिये। अधिवक्ता दिवस पर 70 वर्ष के वरिष्ठ अधिवक्ताओ सुशील श्रीवास्तव, चन्द्रदेव उपाध्याय, सैय्यद इसरार हुसैन, राम सागर वर्मा, बाबूराम यादव व बृज किशोर लाल को बार ऐशोशियशन ने 49 हजार रुपये का चेक अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कानून के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान करने वाले 15 अधिवक्ताओ शिव राम मिश्र, अब्दुल कय्यूम, रमेश गुप्त, सुधीर श्रीवस्त्व, ओम प्रकाश श्रीवस्त्व, असलम खान, मुस्तफा हुसैन, भूपेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह, वैभव चतुर्वेदी, गयासुद्दीन खान आदि को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र व मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया।बार ऐशोशियशन के बाइलॉज (अंग्रेजी) से हिंदी रूपांतर करने पर युवा अधिवक्ता तुलसी राम यादव को संघ द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महामंत्री अमित श्रीवस्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चन्द्रभान मिश्र, अजीत सिंह, रवि मिश्र, शम्भू लाल गुप्त, रघुवंश सिंह, अनीसुल बाबू, मुस्लिम खान, रमेश चतुर्वेदी, मोहिब, विनीश गुप्ता,अजित मौर्य, सोनू गुप्ता, आशीष कसौधन, निजामुद्दीन अंसारी, आरिफ सिद्दीकी, शहबाज फजल खान,आरिफ खान, संतराम वर्मा, अरनभ सिंह, कैश, आरिफ खान, राधेश्याम यादव, रवि गुप्त, दीपक गुप्ता अखिल श्रीवास्तव, आलोक गुप्त, प्रवीण कुमार, दिनकर, नसीम अहमद व मारुति नन्दन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अश्लील हरकते करने वाले अभियुक्त को न्यायालय द्वारा 500 रु. अर्थदण्ड, सजा

**बलरामपुर।** 4 दिसम्बर को अभियुक्त को अश्लील हरकते करते हुए पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये जाने के संबंध में थाना पचपेड़वा पर मुअसं- 791/17 धारा 294 भादवि बनाम मुबारक अली पुत्र अहमद अली निवासी जुड़ीकुइंया थाना पचपेड़वा बलरामपुर पंजीकृत हुआ जिसके अभियोग की विवेचना उनि गौरव सिंह तोमर द्वारा की गयी तथा आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। न्यायालय में दौराने विचारण अभियोग की पैरवी अभियोजन अधिकारी जितेन्द्र कुमार भारती, प्रभारी मॉनीटरिंग सेल ओम प्रकाश चौहान एवं थाना पचपेड़वा पुलिस के न्या. पैरोकार द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप ग्राम न्यायालय तुलसीपुर द्वारा अभियुक्त मुबारक अली को उपरोक्त धारा के अपराध में 500रु. अर्थदण्ड व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई गयी।

# शान्ति व्यवस्था भंग में चार गिरफ्तार




**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।** चार दिसम्बर को शान्तिव्यवस्था भंग करने के प्रकरण से सम्बन्धित 04 अभियुक्त को अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का विवरण- 1. नन्दलाल तिवारी पुत्र अच्छेलाल तिवारी उम्र करीब 40 वर्ष, 2. प्रदीप कुमार चौबे पुत्र अटल बिहारी चौबे उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम किठूरा थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर, 3. बदरूदुजा पुत्र नसरूद्दीन उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम चन्दापुर थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर, 4. राजमन जायसवाल पुत्र बुधई उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम शुक्लागंज बाजार गुमड़ी थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर।

# 40 ग्राम सभाओं के 230 गांवों की विद्युत आपूर्ति 24 घंटे से बाधित, उपभोक्ता परेशान

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** स्थानीय विकास खण्ड के अचलपुर चौधरी बिद्दुत उपकेन्द्र से बिद्दुत आपूर्ति की जाने वाले 40 ग्राम सभाओं के 230 गांवों की विद्युत आपूर्ति 24 घंटे से बाधित है। जिससे लगभग 2 लाख 25 हजार आबादी प्रभावित हैं। एसडीओ रेहराबाजार आर के यादव कल शाम से ही विद्युत टीम के साथ विद्युत बहाल करने के लिए टीम के साथ मौके पर जुट गये है। उक्त गांवों का मनकापुर अचलपुर चौधरी बिद्दुत लाइन 33000 से विद्युत आपूर्ति होता था। मंगलवार को लगभग 4 बजे शाम को अमघटी के पास रोड किनारे जेसीबी ने जानकारी न होने के कारण जमीन के अंदर पड़ा विद्युत केबिल छतिग्रस्त कर दिया था। जिससे विद्युत बाधित हो गया था।विद्युत बिभाग के एस मडीओ आर के यादव



टीम के साथ रात से ही पुरानी 33 हजार लाइन रेहराबाजार अचलपुर चौधरी के झाड़ियों को काटकर सही कराने में जुट गये है। एसडीओ रेहराबाजार बिद्दुत आर के यादव ने बताया कि अमघटी के पास मनकापुर -अचलपुर लाइन किसी जेसीबी ने छति ग्रस्त कर दिया है। वो लाइन सही करने में समय लगेगा। रेहराबाजार अचलपुर चौधरी बिद्दुत लाइन को ठीक कराकर शाम तक बिद्दुत बहाल कर दिया जायेगा।

# ग्रामीणों ने अवैध कब्जा हटवाकर चकमार्ग पर खड़ंजा निर्माण की मांग की

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

आबादी के बीच से होकर जाने वाले चकमार्ग पर अवैध कब्जे व पक्का निर्माण न होने से कीचड व जलभराव के बीच से होकर आने जाने में ग्रामीण बच्चे बूढ़े व महिलाओं को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है बार जिसे लेकर ग्रामीणों ने कई बार शासन प्रशासन से अवैध कब्जा हटवाकर चकमार्ग पर खडंजा/इंटरलाकिंग निर्माण की मांग की लेकिन कोई कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है।

थाना रेहराबाजार के ग्राम पंचायत भगवानपुर ग्रिंट के अहिरनडीह पूर्वी के ग्रामीणों नितीश, सुखदेव, प्रिंस, लालू, सतीश, जगदंबा, तीरथ, तिलक राम, राम नेवास आदि ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अहिरनडीह पूर्वी में गाटा संख्या 507 चकमार्ग भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। पूर्व में



ग्रामीण उक्त रास्ते से होकर आते जाते थे। लेकिन गांव के ही राजनीतिक रसूख रखने वाले मनबढ व दबंग रामानुज यादव,भोला यादव, अर्जुन यादव, तिलक राम, राजकुमार ने ग्राम प्रधान व लेखपाल से सांठगांठ कर चकमार्ग भूमि पर पक्का निर्माण करके अवैध अतिक्रमण कर लिए हैं जिससे ग्रामीणों का आवागमन बाधित है। उक्त अवैध कब्जे के विरूद्ध कई उच्चाधिकारीयों से शिकायत की गई लेकिन हल्का लेखपाल सुविधा शुल्क लेकर हर बार अपनी आख्या में चकमार्ग खाली होने की रिपोर्ट भेज देते हैं। अतिक्रमण कारीयों, प्रधान व लेखपाल की मिलीभगत से दर्जनों परिवारों का आवागमन बाधित है। ग्रामीणों ने बताया कि चकमार्ग पर अवैध कब्जे के कारण ही प्रधान द्वारा चकमार्ग पर पक्का निर्माण नहीं कराया जा रहा है जबकि चकमार्ग दर्जनों घरों के बीच से होकर जाता है।ग्रामीणों ने चकमार्ग भूमि की पैमाईश करवा कर अवैध कब्जे मुक्त कर पक्का निर्माण कराने की मांग मुख्यमंत्री से की है। उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि जाँच कर कारवाई की जाएगी।

## मुफ्त की बड़ी कीमत

सत्ता हासिल करने के लिये शॉर्टकट रास्ता अख्तियार कर मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की कीमत अब पंजाब और हिमाचल चुका रहे हैं। दोनों राज्य फिलहाल गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं। निश्चित तौर पर यह आर्थिक संकट चुनावी अभियानों के दौरान किए गए लोकलुभावन वायदों के चलते ही उत्पन्न हुआ है। जिसके कारण पिछले दिनों हिमाचल में कर्मचारियों को वेतन व सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन देने में व्यवधान देखा गया। पंजाब में विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी ने मतदाताओं को तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने का वायदा किया था। सत्ता में आने पर राज्य सरकार ने अपने वायदे को अमली जामा पहनाया। जिसके चलते चालू वित्त वर्ष के लिये बीस हजार करोड़ से अधिक सब्सिडी बिल आया है। इसी तरह कांग्रेस के नेतृत्व वाली हिमाचल सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को खुश करने के लिये पुरानी पेंशन लागू करने का वायदा किया। यह तय था कि इस घोषणा से राज्य की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इस आसन्न संकट को महसूस करते ही विगत में केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन योजना से हाथ खींच लिया था। लेकिन अब हिमाचल सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना यानी ओपीएस को पुनर्जीवित करने से, पहले से ही संकटग्रस्त सरकारी खजाने पर एक बड़ा बोझ और बढ़ गया है। वहीं पंजाब में सब्सिडी भुगतान में देरी से पंजाब की स्थिति और खराब हो गई है। लंबित बिल साढ़े चार हजार करोड़ से अधिक हो गए हैं। वहीं दूसरी ओर पंजाब स्टेट पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड यानी पीएसपीसीएल की बिल संग्रह दक्षता में भारी गिरावट आई है। दरअसल, पीएसपीसीएल पहले ही ट्रांसमिशन घाटे में वृद्धि के संकट से जूझ रहा है। हालांकि, पंजाब स्टेट पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा बिजली के बिल के बकायादारों और कतिपय सरकारी विभागों से बकाया धनराशि वसूलने से राजस्व बढ़ाने के प्रयासों में कुछ राहत जरूर मिली है। लेकिन कुल मिलाकर स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जिसकी कीमत कालांतर राज्य की आर्थिकी को ही चुकानी होगी। निश्चित तौर पर पंजाब को मुफ्त की बिजली देने से उत्पन्न संकट से जल्दी राहत मिलने के आसार नजर नहीं आते। राज्य फिलहाल उधार हासिल करने की सीमा के करीब पहुंच गया है। जिसके चलते मुफ्त बिजली योजना चलती रह सकेगी, इसमें संदेह है। कमोबेश हिमाचल प्रदेश भी ऐसे ही संकट से दो चार है। राज्य की वित्तीय बदहाली इस बात की गवाह है। पुरानी पेंशन योजना की बहाली ने राज्य के वित्तीय दायित्वों को बढ़ा दिया है। जिसके चलते वेतन और पेंशन से जुड़ी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिये मासिक रूप से दो हजार करोड़ की अतिरिक्त आवश्यकता होती है। जो वित्तीय दिक्कतों की अंतहीन श्रृंखला को जन्म दे रही है। राज्य 6200 करोड़ की अपनी ऋण सीमा समाप्त होने के बाद, अपने रोजमर्रा के खर्चों को प्रबंधित करने के लिये भविष्य की उधारी पर निर्भर होता जा रहा है। आर्थिक मामलों के जानकार चिंता जता रहे हैं कि राज्य की आर्थिक स्थिति और खराब हो सकती है क्योंकि अगले वित्तीय वर्ष में केंद्र का राजस्व घाटा अनुदान आधा होने की बात कही जा रही है। वहीं अपनी लोकलुभावनी नीतियों के दुष्प्रभावों को नजरअंदाज करके दोनों राज्यों की सरकारों ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर फंड रोकने और भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप ही लगाया है। वहीं दूसरी ओर पूंजी निवेश योजना के लिये विशेष सहायता से हिमाचल को बाहर किए जाने पर तल्ख राजनीतिक प्रतिक्रिया सामने आई है। कुछ ऐसे ही पंजाब सरकार भी विकास निधि के आवंटन में पक्षपात का आरोप केंद्र सरकार पर लगाती रही है। जबकि यह एक हकीकत है कि चुनावी लोकलुभावनवाद से प्रेरित अस्थिर राजकोषीय नीतियां ही संकट के मूल में हैं। यह टकसाली सत्य है कि राज्य सरकारें बढ़ते कर्ज और घटते राजस्व के चलते वित्तीय संकट से जूझ रही हैं। यह वक्त की दरकार है कि राज्य सरकारें अपना ध्यान खैरात बांटने के बजाय संरचनात्मक सुधारों पर केंद्रित करें। दरअसल, राज्यों को वित्तीय संकट से उबारने के लिये राजकोषीय विवेक, कुशल कर संग्रह और तार्किक सब्सिडी समय की मांग है।

# नकली भारतीय मुद्रा की बढ़ती संख्या से अर्थव्यवस्था के अस्थिर होने का खतरा

**नन्तू बनर्जी**

यह गंभीर चिंता का विषय है कि महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 500 रुपये के नकली नोटों की संख्या 2018-19 और 2023-24 के बीच लगभग चार गुना, और 2020-21 से 2,000 रुपये के नकली नोटों की तीन गुना हो गयी है। ध्यान रहे कि 2,000 रुपये के नोट वैध मुद्रा बने हुए हैं और इन्हें रिजर्व बैंक के कार्यालयों में बदला जा सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, मई 2023 में 2000 के मुद्रा नोटों को वापस लेने के कदम के बाद से इनमें से 98 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं। लेकिन 500 और 200 रुपये के नकली नोटों का तेजी से बढ़ता प्रचलन चिंता का विषय बन गया है। 500 रुपये के नोट रोजमर्रा के लेन-देन की रीढ़ बन गये हैं और पिछले कुछ सालों में इसके प्रचलन में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। सरकार और रिजर्व बैंक दोनों ही इस बात से चिंतित हैं। पिछले हफ्ते केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने देश में नकली नोटों के बढ़ते प्रचलन को लेकर लोकसभा में चिंता जताई थी।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2018-19 में 2,18,650 लाख पीस नकली नोट पकड़े गये थे। 2022-23 में यह 9,11,100 लाख के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो 2023-24 में थोड़ा कम होकर 8,57,110 लाख हो गया। यह 2018-19 में पकड़े गये2,18,650 लाख पीस से काफी अधिक है। हालांकि, पकड़े नहीं गये नकली नोटों की संख्या का अंदाजा लगाना मुश्किल है। आमतौर पर ये ग्रामीण या अर्ध-शहरी बाजारों में प्रचलन में होते हैं। संचालक और ग्राहक पहचान से बचने के लिए बैंकों से बचते हैं। नकली भारतीय मुद्रा नोटों का उपयोग मुख्य रूप से देश की अर्थव्यवस्था को पंगु बनाने और आर्थिक आतंक पैदा करने के लिए आतंकवादी गतिविधियों में किया जाता है। माना जाता है कि पश्चिम बंगाल और असम की सीमाएं बांग्लादेश, पाकिस्तान और नेपाल से नकली भारतीय मुद्रा के प्रमुख प्रवेश बिंदु हैं।

कहा जाता है कि बांग्लादेश और पाकिस्तान दोनों ही देश के पूर्वी हिस्से में नकली भारतीय मुद्रा भेजने के लिए नेपाल का उपयोग कर रहे हैं। हाल ही में, पुलिस द्वारा नकली मुद्रा संचालन पर एक बड़ी कार्रवाई में, असम के गोलाघाट शहर के गुलाम पट्टी क्षेत्र से चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अत्याधुनिक मुद्रा मुद्रण उपकरण और विभिन्न मूल्यवर्ग के नकली नोट जब्त किये और प्रमुख संचालकों के रूप में ब्रांडेड दुदु अली और राजीबुद्दीन अहमद सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया। हालांकि, सरगना गिरफ्तारी से बचे रहने में कामयाब रहे।हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक के एक अनुमान से पता चला है कि देश में जब्त किये गये कुल नकली नोटों का लगभग 80 प्रतिशत मालदा, मुर्शिदाबाद और नादिया के तीन भारत-बांग्लादेश सीमावर्ती जिलों से आता है। इन तीन जिलों से भेजी जाने वाली नकली नोटों की सबसे ज्यादा मात्रा मालदा से आती है। बांग्लादेश न सिर्फ नकली भारतीय नोटों के लिए एक अहम जरिया है, बल्कि वहां नकली नोट भी छापे जा रहे हैं। बांग्लादेश की सीमा से लगे पश्चिम बंगाल के इन तीन मुस्लिम बहुल जिलों के जरिये इन्हें देश में भेजा जाता है। इन जिलों के युवाओं का एक बड़ा हिस्सा गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में ठेके पर मजदूरी करके अपनी आजीविका चलाता है। कहा जाता है कि उनमें से कई बांग्लादेश के जरिये तस्करी करके लाये गये नकली भारतीय नोटों के कूरियर के तौर पर इस्तेमाल किये जाते हैं।



हाल ही में, बांग्लादेश में नकली भारतीय नोटों की आपूर्ति और वितरण नेटवर्क काफी बढ़ गया है। हाल ही में सीमा के जरिये भारत में जाली भारतीय मुद्रा के अवैध प्रेषण में तेजी आई है, जो चिंता का विषय बन गया है। कुछ समय पहले ही ढाका में पुलिस ने बड़ी संख्या में जाली भारतीय मुद्रा नोटों से भरी बोरियां जब्त की थीं। ढाका में स्थानीय मीडिया ने बांग्लादेश पुलिस के हवाले से कहा कि पाकिस्तान में लाहौर स्थित एक सिंडिकेट ऐसे जाली नोट छापता है, जिन्हें फिर संगमरमर के पत्थरों से भरे कंटेनरों में श्रीलंका के जरिये बांग्लादेश ले जाया जाता है। भारत में तस्करी से पहले सिंडिकेट के सदस्यों के घरों में विशेष कक्षों्य में खेप छिपाई जाती है। बांग्लादेश में जाली भारतीय मुद्रा नोटों के उछाल का पता भारतीय पुलिस ने एक जांच के बाद लगाया था। यह पाया गया कि उन अवैध मुद्रा नोटों को पाकिस्तान में छापा गया था और फिर उन्हें नेपाल और बांग्लादेश की सीमा के जरिए या दुबई, बैंकॉक, हांगकांग और कोलंबो को जोड़ने वाले दूसरे मार्गों से अवैध रूप से भारत में आयात किया गया था। पाकिस्तान और बांग्लादेश जाली भारतीय मुद्रा नोटों के दो प्रमुख उत्पादक और वितरक हैं। इसका लक्ष्य आतंकवाद को फंड देना, भारत में मुद्रास्फीति दर बढ़ाना और मुद्रा में विश्वास को कम करना है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (इंटरपोल) के अनुसार, जालसाजी वित्तीय साधनों से भूमिगत अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है और संगठित आपराधिक तथा आतंकवादी नेटवर्क की गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। जाली मुद्रा की मात्रा का सही आकलन करने के लिए पार्ट्स पर मिलियन (पीपीएम) माप का उपयोग किया जाता है। नकली मुद्राएं वैश्विक समस्या उत्पन्न करती हैं।

हाल ही में, बांग्लादेश में नकली भारतीय नोटों की आपूर्ति और वितरण नेटवर्क काफी बढ़ गया है। हाल ही में सीमा के जरिये भारत में जाली भारतीय मुद्रा के अवैध प्रेषण में तेजी आई है, जो चिंता का विषय बन गया है। कुछ समय पहले ही ढाका में पुलिस ने बड़ी संख्या में जाली भारतीय मुद्रा नोटों से भरी बोरियां जब्त की थीं। ढाका में स्थानीय मीडिया ने बांग्लादेश पुलिस के हवाले से कहा कि पाकिस्तान में लाहौर स्थित एक सिंडिकेट ऐसे जाली नोट छापता है, जिन्हें फिर संगमरमर के पत्थरों से भरे कंटेनरों में श्रीलंका के जरिये बांग्लादेश ले जाया जाता है। भारत में तस्करी से पहले सिंडिकेट के सदस्यों के घरों में विशेष कक्षों्य में खेप छिपाई जाती है। बांग्लादेश में जाली भारतीय मुद्रा नोटों के उछाल का पता भारतीय पुलिस ने एक जांच के बाद लगाया था। यह पाया गया कि उन अवैध मुद्रा नोटों को पाकिस्तान में छापा गया था और फिर उन्हें नेपाल और बांग्लादेश की सीमा के जरिए या दुबई, बैंकॉक, हांगकांग और कोलंबो को जोड़ने वाले दूसरे मार्गों से अवैध रूप से भारत में आयात किया गया था। पाकिस्तान और बांग्लादेश जाली भारतीय मुद्रा नोटों के दो प्रमुख उत्पादक और वितरक हैं। इसका लक्ष्य आतंकवाद को फंड देना, भारत में मुद्रास्फीति दर बढ़ाना और मुद्रा में विश्वास को कम करना है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (इंटरपोल) के अनुसार, जालसाजी वित्तीय साधनों से भूमिगत अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है और संगठित आपराधिक तथा आतंकवादी नेटवर्क की गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। जाली मुद्रा की मात्रा का सही आकलन करने के लिए पार्ट्स पर मिलियन (पीपीएम) माप का उपयोग किया जाता है। नकली मुद्राएं वैश्विक समस्या उत्पन्न करती हैं। यू.एस. डॉलर को दुनिया की सबसे ज्यादा जाली मुद्रा कहा जाता है। कुछ नकली यू.एस. डॉलर बहुत उच्च गुणवत्ता के बताये जाते हैं। धोखेबाज उन्हें वैध मुद्रा के रूप में बेचने की कोशिश करते हैं, या उनका उपयोग ऋण या क्रेडिट लाइन प्राप्त करने के लिए करते हैं। 2002 में मुद्रा लॉन्च होने के बाद से दूसरा सबसे लोकप्रिय नकली बैंक नोट यूरो है। हालांकि, दुनिया के कई हिस्सों में केंद्रीय बैंक नवीनतम तकनीक का उपयोग करके नकली-प्रूफ मुद्राएं बनाने के लिए काम कर रहे हैं, जिसमें ऐसी विशेषताएं हैं जिनके नकली बनाना मुश्किल है। ऐसी विशेषताओं में बिलों पर उभरी हुई इंटाग्लियो प्रिंटिंग, सीरियल नंबर, वॉटरमार्क और सुरक्षा धागे और सिक्कों पर मिल्ड या पीछे हटने वाले किनारे शामिल हैं। प्रशिक्षित आंखों के लिए, नकली भारतीय मुद्रा नोटों की पहचान करना बहुत मुश्किल नहीं है।

असली भारतीय मुद्रा नोटों में नोट में एक सुरक्षा धागा लगा होता है। जांच करने के लिए, किसी को लेबल को पारदर्शी रखना होगा और उसे थोड़ा घुमाना होगा। हालांकि, स्मार्ट करेंसी जालसाजों के भी नवीनतम तकनीक तक पहुंच हैं। यह केंद्रीय बैंकिंग प्रणाली के सामने एक बड़ी समस्या खड़ी कर रहा है। धोखाधड़ी करने वाले समूह या व्यक्ति दुनिया भर में नकली बैंक नोट और अन्य वित्तीय साधनों के लिए उभरती हुई तकनीक का उपयोग कर रहे हैं। दुनिया के सबसे ज्यादा नकली नोटों में शामिल हैंरू अमेरिकी डॉलर, ब्रिटिश पाउंड, यूरो, ऑस्ट्रेलियाई डॉलर, फ़िलीपीनपेसो, कनाडाई डॉलर, दक्षिण अफ्रीकी रैंड, न्यूजीलैंड डॉलर और मलेशियाईरिंगिट। संयोग से, ये सभी परिवर्तनीय मुद्राएं हैं। दूसरी ओर, भारतीय रुपया केवल आंशिक रूप से परिवर्तनीय है। जबकि इसे वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार के लिए स्वतंत्र रूप से विदेशी मुद्रा में और इसके विपरीत परिवर्तित किया जा सकता है, यह पूंजी खाते में पूरी तरह से परिवर्तनीय नहीं है जिसका अर्थ है कि इसे केवल सीमित कारणों से विदेशी मुद्राओं में और इसके विपरीत बदला जा सकता है। इस प्रकार, नकली भारतीय मुद्रा ज्यादातर भारतीयों की समस्या बनी हुई है।

विचार

# वाहनों की पार्किंग की बड़ी समस्या से जूझते शहर

*डॉ. सत्यवान सौरभ*

भारत में वाहन पार्किंग की समस्या महत्त्वपूर्ण शहरी चुनौती है, जो न केवल यातायात के प्रवाह को प्रभावित करती है, बल्कि शहरी जीवन के मूल ढांचे को भी प्रभावित करती है। यह समस्या तेजी से बढ़ते शहरीकरण, बढ़ते वाहन स्वामित्व और पुराने शहरी नियोजन के घालमेल से पैदा होती है, जो महानगरीय क्षेत्रों में यातायात प्रबंधन के लिए जटिल दुविधा पैदा करती है। शहरों के विस्तार और वाहनों के स्वामित्व के अधिक सुलभ होने के साथ भारतीय शहरी केन्द्रों को वाहनों की बढ़ती संख्या को समायोजित करने में संघर्ष करना पड़ रहा है। पर्याप्त पार्किंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी और आज के समय में वाहनों की संख्या के हिसाब से शहरों को डिज़ाइन न किए जाने के कारण बड़े पैमाने पर अवैध पार्किंग होती है। इससे न केवल सड़कें जाम होती हैं बल्कि पैदल चलने वालों के लिए बनी जगह भी कम पड़ जाती है। कई भारतीय शहरों की स्थापना प्राचीन या औपनिवेशिक काल में हुई थी और उनकी योजना आधुनिक यातायात की मांग को ध्यान में रखकर नहीं बनाई गई थी। संकरी गलियाँ और मिश्रित भूमि उपयोग के कारण पार्क किए गए और चलते वाहनों के भार से दबाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त, पार्किंग नियमों का ढीला-ढाला क्रियान्वयन तथा गैर-अनुपालन के प्रति सांस्कृतिक प्रवृत्ति स्थिति को और बिगाड़ देती है, जिससे शहरी स्थान अव्यवस्थित हो जाते हैं।



पार्किंग की समस्या का सीधा कई क्षेत्रों पर पड़ता है। बेशुमार गाड़ियों के जाम से यात्रा का समय बढ़ जाता है, प्रदूषण स्तर बढ़ता है तथा शहरी जीवन की गुणवत्ता में गिरावट आती है। पैदल चलने वालों को विशेष रूप से परेशानी होती है क्योंकि पार्क किए गए वाहन अक्सर पैदल चलने के रास्तों पर अतिक्रमण कर लेते हैं। उन्हें मजबूरन सड़कों पर आना पड़ता है और उनकी सुरक्षा से समझौता होता है। आर्थिक दृष्टि से पार्किंग की कमी स्थानीय व्यवसायों को भी प्रभावित करती है क्योंकि भीड़भाड़ वाली सड़कें ग्राहकों को आकर्षित नहीं करती। पार्किंग स्थल की उच्च मांग से अचल संपत्ति की लागत भी बढ़ जाती है, जिससे हरित स्थलों की क़ीमत पर पार्किंग अवसंरचना के विकास को बढ़ावा मिलने से शहरी विस्तार और पर्यावरण क्षरण को बढ़ावा मिलता है। भारत में मोटर वाहनों से सम्बंधित मामले केंद्र और राज्य दोनों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। हालांकि भारत के शहरों के लिए वाहनों की बढ़ती भीड़ एक बड़ी समस्या है लेकिन ऑटोमोबाइल उद्योग पर प्रतिबंध लगने की कोई संभावना नहीं है, क्योंकि इसकी आर्थिक और रोज़गार देने की क्षमता काफ़ी ठीक है जो भारत के लिए महत्त्वपूर्ण है। सभी पांच शहरों की पार्किंग नीतियाँ कुछ महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर सहमत होती दिखती हैं। वे इस बात पर एकमत हैं कि पार्किंग मुफ़्त नहीं हो सकती और जहाँ भी सार्वजनिक स्थान का उपयोग किया जाता है, वहाँ शुल्क लिया जाना चाहिए क्योंकि मुफ़्त पार्किंग की अवधारणा टिकाऊ नहीं है।

पार्किंग समस्या के समाधान के लिए व्यापक रणनीति की आवश्यकता है जिसमें पर्याप्त पार्किंग अवसंरचना का विकास, स्मार्ट पार्किंग प्रौद्योगिकियों को अपनाना और पार्किंग विनियमों का प्रवर्तन शामिल हो। उदाहरण के लिए, पार्किंग क्षेत्रों को परिभाषित करना और वाहन पहचान सेंसर और स्वचालित लाइसेंस प्लेट पहचान जैसी तकनीक का उपयोग करके पार्किंग प्रबंधन को सुव्यवस्थित किया जा सकता है। इसके अलावा, भूमि मूल्य और भीड़भाड़ के आधार पर पार्किंग शुल्क को समायोजित करके भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अनावश्यक वाहन उपयोग को हतोत्साहित किया जा सकता है। बुनियादी ढांचे के समाधान के अलावा, सार्वजनिक परिवहन और टिकाऊ शहरी गतिशीलता प्रथाओं को बढ़ावा देने से पार्किंग दबाव कम हो सकता है। सार्वजनिक परिवहन, साइकिल और पैदल चलने के उपयोग को प्रोत्साहित करने से निजी वाहनों पर निर्भरता कम हो सकती है, जिससे पार्किंग स्थलों की मांग कम हो सकती है।

यह जरूरी नहीं है कि अच्छा सार्वजनिक परिवहन यातायात की भीड़ को काफी कम कर दे। भीड़भाड़ की स्थिति में सुधार करने के लिए, शहरों को निजी कारों के स्वामित्व और उपयोग के कार्यात्मक, मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक मूल्यों को लक्षित करने वाली गतिविधियों के साथ ही अपनी सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों को बेहतर बनाने के प्रयासों को मिलाकर काम करना होगा।

भारत में वाहन पार्किंग की समस्या जटिल मुद्दा है जिसके लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। इसमें शहरी नियोजन, नीति सुधार, तकनीकी नवाचार और सांस्कृतिक परिवर्तन शामिल हैं। इस चुनौती से सीधे निबटकर भारत अपनी शहरी गतिशीलता को बढ़ा सकता है, अपने नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकता है और टिकाऊ शहरी विकास के लिए एक मिसाल कायम कर सकता है। आगे का रास्ता सरकार, निजी क्षेत्र और जनता के बीच बेहतर शहरी स्थानों की पुनर्कल्पना और पुनर्निर्माण के लिए सहयोगात्मक प्रयासों में निहित है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

साहित्य



## हम तुझसे बिछड़कर उदास कितने थे

**उज्जवल कुमार**

हम तुझसे बिछड़कर उदास कितने थे
तुम्हारे सिवा लोग आसपास कितने थे

मिली तो आज भी पेश आई गैरों की तरह
हमनें तुमसे से लगाए आस कितने थे

नींद, चैन,ख़ुशी क्या क्या नहीं खोया
तुम से पहले हम बिंदास कितने थे

पड़े है सारे ख्वाब मन के किसी कोने में
इश्क़ के मन में आभास कितने थे

तुने ख़ुद ही ख़ुद को तबाह किया
'उज्जवल'
नहीं तो जग में तेरे मोहताज कितने थे





## राशिफल

**मेषः**- कोई छोटी बात भी परिवार के तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**बृषभः**- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राएं करनी होंगी।

**मिथुनः**- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छवि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्कः**- भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक ढंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी। आलस्य का त्याग करें।

**सिंहः**- पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः**- छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाएं याद आएंगी।

**तुलाः**- वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें।

**वृश्चिकः**- जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार हैं।

**धनुः**- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः**- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। घर में खुशहाल स्थिति प्रसन्न रखेगी।

**कुंभः**- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीनः**- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# यूनुस सरकार-डीप स्टेट की जुगलबंदी और बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार

*पंकज जगन्नाथ जयस्वाल*

अगर आप हिंदू हैं और बांग्लादेश में रहते हैं तो यह धरती पर नर्क की जीवित परिभाषा है। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ किए गए जघन्य अपराध दुनिया भर के सभी हिंदुओं के लिए एक चेतावनी हैं। तथाकथित मानवतावादी समूह या विभिन्न क्षेत्रों की मशहूर हस्तियाँ, विशेष रूप से कई बॉलीवुड सितारे, गाजा, सीरिया, लेबनान में जो कुछ हो रहा है उसका विरोध करने के लिए समय निकालते हैं लेकिन पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान और अब बांग्लादेश में हिंदू अत्याचार के खिलाफ कभी विरोध करते नहीं दिखाई देते हैं। हिंदुओं के खिलाफ पाकिस्तान का अत्याचार खत्म नहीं हो रहा। हालाँकि हमने 1921 का मोपला नरसंहार या 1990 का कश्मीर हिंदू नरसंहार नहीं देखा है लेकिन हम अफ़गानिस्तान और बांग्लादेश में रोज़ाना हिंदू अपराधों को देख रहे हैं।

**यूनुस और डीप स्टेट किस तरह हिंदुओं के खिलाफ काम कर रहे हैं? :-** नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त बांग्लादेश के अंतरिम प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस की नाक के नीचे हो रहे अत्याचार बाकी दुनिया के लिए चेतावनी है कि कैसे एक आतंक समर्थक और मानवता विरोधी व्यक्ति को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मोहम्मद यूनुस शांतिदूत नहीं बल्कि मानवता का कत्लेआम करने वाले हैं। क्या उनका नोबेल पुरस्कार रद्द कर दिया जाना चाहिए? कैसे अमेरिका का डीप स्टेट मोहम्मद यूनुस का इस्तेमाल बांग्लादेश और हिंदुओं को अपने स्वार्थ के लिए कमजोर करने के लिए कर रहा है। हम उम्मीद करते हैं कि डोनाल्ड ट्रम्प इन डीप स्टेट तत्वों के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई करेंगे।पाकिस्तान, बांग्लादेश का अब तक का सबसे बड़ा दुश्मन है लेकिन पाकिस्तान के साथ यूनुस का संबंध आतंकवादियों के प्रति उनकी सहानुभूति और भारत विरोधी रुख को दर्शाता है। हिंदू संतों, पेशेवरों और व्यापारियों ने बांग्लादेश के सामाजिक और आर्थिक उत्थान को बढ़ावा देने के लिए कड़ी मेहनत की, कठिन समय के दौरान बड़ी संख्या में मुसलमानों की सहायता की। हालाँकि, इन्हीं व्यक्तियों को क्रूरता से प्रताड़ित किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। हिंदुओं को वास्तव में इस पैटर्न और वैचारिक पहलुओं को समझना चाहिए; सरल शब्दों में कहें तो, शत्रुबोध महत्वपूर्ण है। हिंदुओं के खिलाफ अपराधों को लेकर कई राजनीतिक दलों, विशेष रूप से कई इंडी गठबंधन दलों की चुप्पी हिंदुओं को स्पष्ट संदेश देती है- आप इन पार्टियों के लिए चुनावी उपकरण से ज्यादा कुछ नहीं और यदि आप इन ताकतों के खिलाफ एकजुट नहीं होते हैं तो आप फिर गुलाम हो जाएंगे। क्या ये पार्टियां हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों का मौन समर्थन कर रही हैं? क्या हिंदुओं ने कभी बॉलीवुड हस्तियों को हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों की आलोचना करते सुना? केवल कुछ ही ने। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र करोड़ों हिंदुओं का घर है। हालाँकि, बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ मुस्लिम कट्टरपंथियों की बर्बरता भरी हिंसा के बारे में चिंता या घृणा की आवाज़ें बहुत कम हैं। भारत में कुछ मीडिया आउटलेट इस तरह के अत्याचार पर चर्चा या हाइलाइट कर रहे हैं। याद रखें, हमने कभी किसी के साथ गलत नहीं किया और भविष्य में ऐसा कभी नहीं करेंगे हालाँकि, हमारा अस्तित्व पूरी तरह से एकता को मजबूत करने, किसी भी अत्याचार के खिलाफ एकजुट होने, बचपन से आत्मरक्षा तकनीकों सहित सनातन संस्कृति को आत्मसात करने और धर्मांतरण से लड़ने पर निर्भर है। यह समय है कि संपूर्ण संत समुदाय, लाखों अनुयायियों के साथ मिलकर दुनिया को दिखाए कि हम हिंदुओं के साथ किसी भी तरह का अन्याय या मानवता के खिलाफ कुछ भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। दुनिया को व्यापक भलाई के लिए हिंदुओं की शक्ति देखने दें। सनातन धर्म किसी धर्म विरोधी नहीं है बल्कि इसमें मानवता के लिए काम करके विश्व शांति को बढ़ावा देने की क्षमता है। सनातन धर्म का नुकसान मानवता और वैश्विक शांति के लिए नुकसान है। इसलिए, दुनिया में हर कोई जो शांति चाहता है, उसे यूनुस सरकार और उसके लोगों द्वारा हिंदुओं के खिलाफ किए गए अपराधों की कड़ी निंदा और कारवाई करनी चाहिए। यूनुस को यह समझने दें कि वह डीप स्टेट के समर्थन से मानव जाति के खिलाफ काम नहीं कर सकता।

**हिंदुओं की स्थिति को किस तरह से देखना चाहिए?:-** ब्रिटिश कंजर्वेटिव सांसद बॉब ब्लैकमैन ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अपराधों के साथ इस्कॉन के पुजारी चिन्मय कृष्ण दास को जेल में डालने की निंदा करते हुए कहा कि धार्मिक अल्पसंख्यकों को सताया नहीं जाना चाहिए। ब्लैकमैन ने ब्रिटेन की संसद में इस मामले को उठाया, जिसमें अल्पसंख्यक हिंदू आबादी की दुर्दशा को उजागर किया गया, जिसके बारे में उनका दावा है कि उनके घरों व मंदिरों पर आगजनी और हमले सहित जानलेवा हिंसा की जाती है। बॉब ब्लैकमैन ने ब्रिटेन की संसद में बांग्लादेश में एक हिंदू भिक्षु की गिरफ्तारी पर सवाल उठाए। बांग्लादेश में इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने के प्रयास को हिंदुओं पर सीधा हमला बताया। दुनिया को यह जानने की जरूरत है कि भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित हैं और प्रगति कर रहे हैं क्योंकि हिंदू बहुसंख्यक हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश दिखाते हैं कि जब हिंदू बहुसंख्यक नहीं होते हैं तो क्या होता है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में अल्पसंख्यक, जहां मुस्लिम बहुसंख्यक हैं, कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। जबरन धर्म परिवर्तन, हत्या, बलात्कार और देश से निष्कासन के परिणामस्वरूप अल्पसंख्यक आबादी में नाटकीय रूप से कमी आई है। क्या मानवीय संगठन, बौद्धिक वर्ग और राजनीतिक नेता अल्पसंख्यकों के लिए इस सबसे खराब स्थिति के प्रति अंधे हैं? भारत में इसके विपरीत हो रहा है, जहां बहुसंख्यक हिंदू अल्पसंख्यकों को जीवन के सभी पहलुओं में फलने-फूलने की इजाजत दे रहे हैं।

**भारत में संविधान सुरक्षित क्यों है?:-** संविधान के बारे में मूलभूत तथ्य यह है कि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर का संविधान तब तक सुरक्षित है जब तक हिंदू बहुसंख्यक हैं। तो क्या हम यह मान लें कि जाति के आधार पर हिंदुओं को विभाजित करने का प्रयास करने वाली राजनीतिक और डीप स्टेट वास्तव में डॉ. अंबेडकर के संविधान का विरोध करती हैं? वे हिंदुओं की आस्था प्रणाली को कमजोर क्यों करना चाहते हैं? हिंदुओं को व्यापक शोध और विश्लेषण करना चाहिए। वे निःस्संदेह हिंदू एकता के महत्व और विभाजित हिंदू समुदाय के निहितार्थों के बारे में जानेंगे।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# डबल इंजन की सरकार स्वामी जी के हर सपने को करेगी पूराः डिप्टी सीएम

- स्वामी ब्रम्हानंद के 130वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम संपन्न, स्वामी जी के चरित्र को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग





**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

राठ कस्वा सिथत स्वामी ब्रम्हानंद जी की 130वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सूबे के उपमुख्यमंत्री केवश प्रसाद मौर्य ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में स्वामी जी के सपने पूरे न हो यह असंभव है। स्वामी ब्रम्हानंद विश्वविद्यालय के लिये यदि कुछ कर पाये तो यह उनका सौभाग्य होगा। उन्होंने कहा कि स्वामी जी के नाम पर विश्व विद्यालय निर्माण ही उन्हे सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

डिप्टी सीएम ने कहा सरकार ने बुंदेलखंड के विकास में कोई कसर नही छोड़ी है। पिछले पांच सालों में बुंदेलखंड में बहुत ही बदलाव आया है। गरीबी के कारण पलायन रुका है। सरकार बुंदेलखंड के विकास के लिये पूरी तरह समर्पित है. आज बुन्देलखंड में तीन विश्वविद्यालय है इसके पूर्व डिप्टी सीएम ने स्वामी जी की समाधि प्रेरणा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर माल्यार्पण किया। उनके साथ बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह मौजूद रहे। इस मौके पर ब्रम्हानंद समिति के सदस्यों ने स्वामीजी के जीवन चरित्र को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की। इस पर डिप्टी सीएम ने पूरा सहयोग करने का वादा किया। महा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा इंद्रपाल सिंह ने स्वामी जीके जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सदर विधायक मनोज प्रजपति, राठ विधायक मनीषा अनुरागी, लक्ष्मी नारायण सिंह राजपूत दादा, अजय पाल सिंह, कुरारा नगर पंचायत की चेयरमैन आशारानी कबीर, दीपू मुंशी, राजेंद्र चौधरी, उमाकांत, श्रीनिवास बुधौलिया, प्रीतम सिंह, मुकेश गुप्ता, महेंद्र गांधी, विमिलेश कुमारी आदि लोग शामिल रहे।

**सपा हमेशा दंगाइयों,गुंडो व अपराधियों का देती है साथ-डिप्टी सीएमः** राठ में आये भाजपा के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पत्रकारों से बार्ता करते हुये सपा पर हमला करते हुये कहा कि संभल में सपा के सांसद व विधायक में वर्चस्व की लड़ाई चल रही थी, आपस की लड़ाई में चार लोगो को मार डाला, सपा हमेशा दंगाईयों व गुंडो अपराधियो माफियों के साथ रहती है पहले चार लोगों को मार डालते इसके बाद दल के लोग मुआवजा बाटती है, यूपी की जनता सपा के ड्रामें को यह सब समझ गयी है। हाल के उपचुनाव में सपा का जो सूपड़ा साफ हुआ है इससे सपा बौखला गयी है,सपा के मुखिया जो पीडीए की बात करते है वह केवल पारिवारिक डेवलेपमेंट एजेंसी चलाते है। राहुल गांधी केवल वहा पर माहौल विगाड़ने की सोच रहे है पहले सपा ने ड्रामा किया अब कांग्रेस ड्रामा करने जा रही है। यूपी में किसी की हिम्मत नही है कि माहौल खराब कर दे। यूपी विकास युक्त व दंगामुक्त प्रदेश है वहा पर न सपा न ही कांग्रेस की दाल गलेगी।

## पुलिस की लापरवाही, शिक्षा मंत्री को गेट पर रोका

**महाविद्यालय के गेट बंद करके शिक्षा मंत्री को रोके पुलिसकर्मी**

**राठ(हमीरपुर)।** स्वामी ब्रह्मानंद महाराज के समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित करने के महाविद्यालय के अखंड मंदिर भवन चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करने के लिए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के साथ आए राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभारी बेसिक शिक्षा विभाग, संदीप सिंह को पुलिस कर्मियों ने गेट रोक लिया और अंदर नहीं जाने दिया। इतना ही नहीं पुलिस कर्मियों ने डिप्टी सीएम के अंदर जाने के बाद गेट भी बंद कर लिया। पुलिस की इतनी बड़ी चूक से शिक्षा मंत्री वहां भीड़ में फंस गए। जब विद्यालय स्टाफ व स्वयं शिक्षा मंत्री ने अपना परिचय दिया। इसके बाद उन्हें अंदर जाने दिया। पुलिस प्रशासन से इतनी बड़ी गलती होने बाद भी शिक्षा मंत्री से माफी नहीं मांगी। शिक्षा मंत्री दस मिनट तक गेट के बाहर खड़े रहे।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत


**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे के एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। कस्बे के वार्ड नंबर पांच निवासी बुद्धिराज (32) शादी समारोह हमीरपुर शामिल होने गया था लेकिन जैसे ही वापस घर लौटा अचानक तेज बुखार आ जाने पर पड़ोसी राम जी ने कस्बे के सरकारी अस्पताल इलाज हेतु लेकर गए जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया मौत की खबर सुनते ही परिजन रोने लगे। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया परिजनों की मांग के आधार पर शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है रिपोर्ट आने पर आवश्यक कारवाही की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**राठ।** कोतवाली के कुर्रा गांव निवासी भूपेंद्र पुत्र गंगाराम कुशवाहा ने बताया कि मंगलवार की तड़के चार बजे उसका 16 वर्षीय पुत्र दीपक उर्फ दीपू रोज की तरह गांव के लड़को के साथ सड़क पर दौड़ने गया था। तभी सुबह पांच बजे टूंका की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने उसके पुत्र को टक्कर मार दी थी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। बताया कि टक्कर मारने के बाद बाइक चालक फरार हो गया था। मृतक के पिता ने बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

### एएनएम व उसके पति ने आशा कार्यकर्त्री को जमीन पर पटक कर मारा, पुलिस जांच में जुटी, वीडियो वायरल



**राठ।** पथनौड़ी गांव में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य उप केंद्र में एएनएम और उसके पति ने आशा कार्यकर्त्री को जमीन में पटककर जमकर पिटाई कर दी। एएनएम और उसके पति के द्वारा आशा कार्यकर्त्री के साथ की जा रही मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। पीड़ित आशा कार्यकर्त्री ने पुलिस से लिखित शिकायत की है। कोतवाली के पथनौड़ी गांव निवासी रामदेवी पत्नी वृंदावन ने बताया कि गांव में स्थित प्राथमिक उपकेंद्र में आशा कार्यकर्त्रियों के पद पर तैनात है। बताया कि उसके काम करने से संबंधित जरूरी कागजात भेजने और वेतन संबंधित भुगतान के लिए पथनौड़ी प्राथमिक उपकेंद्र में तैनात एएनएम मालती देवी ऑफिस से एक हजार रुपये का कमीशन मांगती है। कमीशन न देने पर उसे आशा कार्यकर्त्री के पद से हटवाकर किसी अन्य महिला को आशा कार्यकत्रियों के रूप में रखने की धमकियां देती है। बुधवार सुबह एएनएम मालती देवी और उसका पति ब्रह्मप्रकाश उसके साथ बहस करते हुए गाली गलौज करने लगे। जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो दोनों ने उसे जमीन में गिराकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। उसके साथ हुई मारपीट की घटना का वीडियो वहां पर मौजूद लोगों ने बनाया है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### तेजाब पिलाने से युवक की उपचार के दौरान मृत्यु, परिवारीजनों ने काटा हंगामा, विधायक की रोकी गाडी

**राठ।** एक मजदूर युवक की झांसी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों के चलते मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने गांव के ही एक व्यक्ति पर तीन माह पहले उसके पति को तेजाब पिलाने का आरोप लगाया है। मृतक के स्वजनों ने कोतवाली गेट पर शव रखकर क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी की गाड़ी को रोककर जमकर हंगामा काटा। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्वजनों को समझा बुझाकर शांत कराया। कोतवाली के टोला गांव निवासी महेश पुत्र देशराज पाल ने बताया कि तीन माह पहले गांव के सीताराम उसके छोटे भाई 32 वर्षीय भीम को शराब की जगह तेजाब पिला दिया था। तेजाब पीने के बाद उसके भाई की हालत बिगड़ गई थी। जिसे सीएचसी ले गए थे। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया था। उरई से झांसी और ग्वालियर सहित अन्य तमाम जगहों पर इलाज चलता रहा। बताया कि बुधवार सुबह उसके भाई की झांसी में मौत हो गई। पुलिस में शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बुधवार की शाम मृतक के स्वजन शव लेकर कोतवाली पहुंच गए। जहां स्वजनों ने कोतवाली के गेट पर शव रखकर हंगामा काटना शुरु कर दिया। वहीं उसी दौरान डिप्टी सीएम केशव मौर्य के जाने के बाद कार्यक्रम से वापस लौट रही विधायक मनीषा अनुरागी की कार को भी आक्रोशित स्वजनों ने रोकते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। इसके बाद सूचना पर पहुंचे क्राइम इंस्पेक्टर दिनेश कुमार पांडेय ने किसी तरीके से मृतक के स्वजनों को समझा बूझाकर जाम को खुलवाया। मृतक के स्वजन कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि तीन पहले आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया था।

### सामान बिक्री करने के बाद ग्राहकों को देना होगा पक्का बिल, अन्यथा होगी कार्रवाई

**हमीरपुर।** राज्य कर विभाग ने पहली मर्तवा हरेक व्यापारिक प्रतिष्ठान को विक्री करने के बाद ग्राहकों को पक्का बिल देना अनिवार्य कर दिया है। यदि को व्यापारी पक्का बिल नही देता तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जानकारी के मुताबिक व्यापारियों द्वारा जीएसटी चोरी करने पर शासन ने कड़ा रुख अख्तियार किया है,राज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर कृष्ण प्रकाश का कहना है कि सभी व्यापारी करदाता के व्यवसायिक प्रतिष्ठानो दुकान रेस्टोरेन्ट शापिंग मॉल आदि जहा भीड आती हो वहां पर इस प्रकार के स्टीकर चिपकाने के निर्देश दिए गए है खरीद का पक्का बिल लें यह आपका अधिकार है। इससे कीमत पर कोई असर नही पड़ता है। यदि बिल नहीं मिलता है तो मोबाइल संख्या 7235001729 पर फर्म का नाम और पता सूचित करें। समाधान योजना के अन्तर्गत पंजीकृत करदाता को भी बिल जारी करना है और उसके द्वारा जारी किये गये बिल पर बिल ऑफ सप्लाई लिखना होगा तथा उसे अपनी दुकान परं या साइन बोर्ड पर समाधान योजना में पंजीकृत व्यापारी लिखना होगा। राज्य कर विभाग द्वारा आदेश जारी करने से व्यापारी में हड़कंप मच गया है डीसी का कहना है कि समय समय पर प्रतिष्ठानों की जाच की जायेगी। और जो आदेश का पालन नही करेगा उसके खिलाफ कडी कार्यवाही की जायेगी।

### तीन धाम ग्यारह ज्योतिर्लिंग यात्रा के लिए चरखारी से एक सैकड़ा यात्री हुए रवाना





**चरखारी (महोबा)।** श्रवण कुमार टूर ट्रेवल्स द्वारा आज चरखारी से एक सैकड़ा यात्रियों को तीन धाम ग्यारह ज्योतिर्लिंग तेरह राज्य की यात्रा के लिए यात्रियों का जत्था हुआ रवाना यात्रा के प्रबंधक योगेंद्र मिश्रा ने बताया कि यह यात्रा करीब चालीस दिनों की रहेगी जिसमें तीन धाम में रामेश्वरम धाम मुख्य रूप से शामिल है। यात्रा में ग्यारह राज्यों का भी भ्रमण किया जाएगा सभी यात्रियों की खाना व सुरक्षा स्वस्थ की व्यवस्था रहेगी यात्रियों में चरखारी छेत्र से राजू महराज प्रमोद पाठक खेमचंद, रमेश गुप्ता, सुरेश चंद्र, माया देवी राकेश सहित एक सैकड़ा यात्रियों को दो स्लिपर बस द्वारा ले जाया गया। यात्रा प्रमुख दीपक गुरुदेव , मनोज तिवारी, रामशरण तिवारी, ड्राइवर कौशल, पप्पू, भूपेंद्र सहित सभी लोग साथ में रहे।

### जुआं खेलते नौ जुआड़ियों को पुलिस ने पकड़ा

**महोबा।** शहर कोतवाली इलाके के ऐतिहासिक कीरत सागर तालाब पर एक साथ नौ जुआड़ियों को जुआ खेलने महंगा पड़ गया। पुलिस ने सभी नौ जुआड़ियों को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के पास से 30,900 की नगदी बरामद कर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। महोबा कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक सुजीत कुमार जायसवाल के द्वारा शहर के ऐतिहासिक कीरत सागर सरोवर पर कुछ अज्ञात लोगों द्वारा जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हुई थी । जिसके आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी को गिरफ्तार कर 30,900 की नगदी बरामद की है । पुलिस ने 629/24 धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर आरोपी जान मोहम्मद गंगा रैकवार हरिशंकर रैकवार अनिल गुप्ता शिवम मनोज कुमार वर्मा, शारिक पठान गौरव निगम असलम खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## क्वॉर्टर फाइनल में आगरा ने गाजियाबाद को 34 रनों से हराया

**खेल महोत्सव**

- आगरा की ओर पांच विकेट लेने वाले तुषार चौधरी मैन ऑफ द मैच रहे

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे में आयोजित मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव के पहले फेज में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को पूल बी का पहला मुकाबला गाजियाबाद और आगरा के मध्य खेला गया। जिसमें आगरा ने 34 रनों से गाजियाबाद को हराकर मुकाबला जीत लिया। कस्बे के कपसा रोड स्थित रहमानिया स्पोर्ट्स ग्राउंड में चल रहे क्रिकेट में आगरा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 24 ओवर में कुल 161 रन बनाकर आल आउट हो गई। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी गाजियाबाद की टीम अपने शुरुआती छणों में ही लड़खड़ाती गई और एक के बाद एक विकेट गिरते गये इसी तरह 128 रनों पर आल आउट हो गई। जिसमे आगरा ने 34 रनों से यह रोमांचक मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश पा लिया। आगरा की ओर सबसे अधिक 67 रन ध्रुव तोमर ने बनाए जबकि सबसे अधिक 5 विकेट झटकने वाले आगरा के तुषार चौधरी को मुख्य अतिथि असरार अहमद खान ग्राम प्रधान गुसियारी के द्वारा मैन आफ दी मैच की ट्राफी देकर सम्मानित किया। मुकाबले में अंपायर की भूमिका समीर सभासद व आसिफ़ परवेज एवं कमेंटेटर की भूमिका अब्दुल कादिर एवं स्कोर की भूमिका समीर ने निभाई। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष बीतू बादशाह मुशर्रफ कमाल नौशाद संजरीए अख्तर मास्टर ममनून अहमद बंगस सोना चौधरी सहित समस्त कमेटी सदस्य उपस्थित रहे। आज पूल.बी का दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला हरियाणा और गोरखपुर के मध्य खेला जाएगा।

## नॉर्थ सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज संघ झांसी मण्डल का चुनाव शुरू

- छह दिसंबर तक होगा मतदान

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद कानपुर नगर घाटमपुर-नॉर्थ सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज झांसी का रजिस्टर्ड एवं मान्यता प्राप्त समृद्ध एन एफ आईआर, आईएनटीयूसी एवं आईटीएफ का मतदान 4, दिसंबर से 5 व 6 दिसंबर तक मतदान होगा। वहीं हमीरपुर रोड़ बरीपाल रेलवे स्टेशन पर मतदान के प्रथम दिन बुधवार को प्रातः 8:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक मतदान हुआ, शांति पूर्ण मतदान संपन्न करने के लिए पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा है। नार्थ सेंट्रल रेलवे इंप्लाइज संघं के भारत लाल उपाध्यक्ष जूही ब्रांच ने बताया कि चुनाव के तीन मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान प्रक्रिया बैलेट पेपर से संपन्न कराई जा रही हैं संघ के चुनाव में लगभग 368 मतदाता है। बुधवार को हुए मतदान के प्रथम दिन 162 मत पड़े हुए हैं। संघ के चुनाव में पांच सिंबल उगता सूरज, लैम्प, मुट्ठी वाली चक्र, कॉपी पेन सिंबल निर्धारित किए गए हैं। इंप्लाइज संघ के चुनाव परिणाम की घोषणा 12 दिसंबर को होगी। वहीं हमीरपुर रोड रेलवे स्टेशन प्रबंधक व स्थानीय एडवोकेट उदय नारायण ने बताया कि इंप्लाइज संघ का चुनाव बरीपाल रेलवे स्टेशन पर पहली बार हो रहा है। एनसीआरएमयू ब्रांच उरई से उपेंद्र कुमार सहायक सचिव, राम महेंश, बिंदा प्रसाद सदस्य, अरविंद परिहार सदस्य, सीताराम पाल पोलिंग एजेंट, रंजीत यादव पोलिंग एजेंट, व स्वतंत्र रेलवे बहुजन कर्मचारी यूनियन से ताम्रध्वज प्रजापति, सनी अहमद, संतोषकुमार, बाबूराम पाल, महेशपाल, एव भारत लाल उपाध्यक्ष जूही ब्रांच, अखिलेश बूत एजेंट, जगभान बूत एजेंट, अभिषेक यादव वरिष्ठ कार्यकर्ता, गगन यादव, कृपाल सिंह, वीरेंद्र यादव, कामतापाल, अनुज भारती आदि वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

## राशन कार्ड उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी करायें: एसडीएम

**चरखारी (महोबा)।** तहसील सभागार में एसडीएम डाक्टर प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में तहसील एवं ब्लाक क्षेत्र के समस्त उचित दर विक्रेताओं की बैठक आयोजित की गई जिसमें उपस्थित तहसील चरखारी के समस्त उचित दर विक्रेताओं को प्रत्येक दशा में राशनकार्ड उपभोक्ता की ईकेवाई सी 31 दिस्मबर तक पुर्ण करने, जिन ग्राम पंचायत में माडल शॉप तैयार हो गई है वहां सरकारी राशन की दूकानों को संचालित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पूर्ति निरीक्षक अनिल कुमार श्रीवास्तव द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त की गहन समीक्षा शासन उत्तर से की जा रही है जिसका अनुपालन किए जाने हेतु उप डीएम द्वारा उपरोक्त अनुसार निर्देश उचित दर विक्रेताओं को दिए गए। साथ पल्स पोलियो अभियान व टीकाकरण से कोटेदार सहयोग करें। इस मौके पर यूनीसेफ समन्वयक वीरेंद्र कुमार कोटेदार शीतल कुमार राजपूत, रिफाक खान, रितुराज सिंह आदि मौजूद रहे।

## स्नातक एमएलसी अरुण पाठक ने घाटमपुर मंडी समिति स्थित धान-ज्वार क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

- खरीद बंद मिलने पर डीएम से जताई नाराजगी

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**



स्नातक एमएलसी अरुण पाठक ने बुधवार को घाटमपुर मंडी समिति स्थित धान ज्वार क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान एमएलसी को ज्वार खरीद बंद मिला जिस पर उन्होंने डीएम राकेश कुमार सिह से नाराजगी जताने पर डीएम ने पुनः ज्वार खरीद शुरू किये जाने का आश्वासन दिया हैं। बताया जाता है कि भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला महामंत्री श्री कृष्णा मिश्रा ने कानपुर जाकर स्नातक एमएलसी अरुण पाठक के कार्यालय में जाकर घाटमपुर का ज्वार खरीद केंद्र बंद होने की शिकायत की थी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अरुण पाठक आज बुधवार को पार्टी पदाधिकारियों के साथ मंडी समिति पहुंचे तो उन्हें जो क्रय केंद्र में खरीद बंद मिली, बताया जाता है कि कई दिनों से यहां का क्रय केंद्र बैंड जैसा था जिसको लेकर किसान परेशान थे निरीक्षण निरीक्षण दौरान किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संजय चौहान, उमेश द्विवेदी, शुभम अग्निहोत्री, बीके बीके शुक्ला, अशोक शुक्ला, तुलसीराम प्रजापति रामदास तिवारी आदि प्रमुख कार्य करता मौजूद थे।

## धूमधाम मनाई गई ब्रह्मानंद महाराज की जयंती

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

शहर के चंद्रकुअर तिवारी पब्लिक स्कूल में बड़े ही धूमधाम से ब्रह्मानंद जी महाराज की जयन्ती मनायी गई ।

वही ब्रह्मानंद महाराज जी की जयंती पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश खरे द्वारा ब्रह्मानंद महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया साथी बच्चों ने भी ब्रह्मानंद महाराज के चित्र पर फूल चढ़ाकर उनको याद किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकों ने उनके जीवन पर बारी-बारी से प्रकाश डाला साथ ही विद्यालय के प्राचार्य ने बच्चों को ब्रह्मानंद महाराज के बताए हुए मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान की और उन्होंने कहा कि किस प्रकार से स्वामी जी अपना पूरा जीवन सन्यासी के रूप में व्यतीत किया। उन्होंने ने 24 वर्ष की आयु में परिवार का मोह त्याग कर गेरूए वस्त्र धारण किए तथा हरिद्वार में हर की पौड़ी पर सन्याश धारण किया । स्वतन्त्रता की लड़ाई में भी शामिल रहे विद्यालय और कॉलेज भी खुलवाएं, साथी बच्चों को प्रेरणा देते हुए उन्होंने कहा कि ब्रह्मानंद महाराज के बताए हुए रास्ते पर चलकर एक अच्छा मुकाम हासिल किया जा सकता है क्योंकि महाराज जी ने हमेशा दूसरों का हित किया है इसलिए हम सबको दूसरे का हित करते हुए अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए वही इस अवसर पर गायत्री साहू, अंजली सोनी, प्रियंका चौरसिया, कंचन, राजकुमारी, राना, रितिका चौरसिया आदि समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन पालिका गृहकर अभिलेखों में भवन दर्ज कराने की सुविधा प्रारंभः अवधेश कुमार

**महोबा।** आम जनमामनस की सुविधा के दृष्टिगत शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद द्वारा गृहकर ऑनलाइन के माध्यम से जमा करने एवं ऑनलाइन पालिका गृहकर अभिलेखों में भवन दर्ज कराने की सुविधा प्रारम्भ कर दी गयी है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद महोबा अवधेश कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में नगर पालिका परिषद महोबा गृहकर सम्बन्धी नकल, गृहकर जमा करने की सुविधा तथा ऑनलाइन अभिलेखों को अपलोड कर भवन दर्ज कराने हेतु नगरवासी पालिका की बेवसाइड nppmahoba.in के माध्यम से अपना आवेदन कर सकते हैं। अधि. अधिकारी ने बताया कि अब नगरवासी अपना भवन संख्या साइट में डालकर अपना गृहकर जमा कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा नवनिर्मित भवन स्वामी यदि अपना भवन पालिका गृहकर अभिलेखों में दर्ज कराना चाहते हैं तो वांछित अभिलेखों की पीडीएफ फाइल साइड में अपलोड कर अपना भवन दर्ज करा सकते हैं। अवधेश कुमार जी ने बताया कि भवन दर्ज कराने में यदि किसी नगरवासी को कोई असुविधा होती है तो वह कार्यालय में कर अधीक्षक से सम्पर्क कर अपनी समस्या का निस्तारण कर सकते हैं। अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि नगरवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भवन दर्ज कराने हेतु वार्डो में कैम्प में लगवाये जा रहे हैं, जहाँ भवन स्वामी वांछित अभिलेख जमा कर अपने-अपने भवन पालिका गृहकर अभिलेखों में दर्ज करा सकते हैं।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में हिन्दू संगठनों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



हिन्दु संगठनों द्वारा बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अमानवीय अत्याचार को रोके जाने को लेकर राष्ट्रपति को जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा है। राष्ट्रपति को भेजे गये ज्ञापन में हिन्दू संगठनों का कहना है कि बांग्लादेश के हिन्दुओं द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से उठायी गयी आवाज को दबाया जा रहा है और उनके साथ अत्याचार किया जा रहा है। बंगलादेश में शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिन्दुओं का नेतृत्व कर रहे इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश सरकार द्वारा अलोकतांत्रिक तरीके से गिरफ्तार करना उनको बंद करना उनकी आवाज को दबाने की कुचेष्टा करना अमानवीय है तथा हिन्दु समाज के मानव अधिकारों का हनन भी है। मांग की है कि बंगलादेश में जो घटना क्रम चल रहा है, उसमें बामपंथी इस्लामिक तत्वों के साथ मिलकर वहां के हिन्दु समाज का दमन किया जा रहा है, यह दुर्भाग्य है, कि पूरे विश्व समुदाय में वैश्विक संगठनों ने इस घटनाक्रम पर जितनी चिंता व्यक्त करना चाहिए थी जैसी रोक लगानी चाहिए थी वैसी रोक नहीं लगायी है, भारत सरकार का प्रति उत्तर इस विषय में बहुत ही सावधानी पूर्वक और न्यूनतम रहा है, हिन्दु संगठनों ने भारत सरकार से कहा है कि वह अपने स्तर पर विश्व समुदाय इन सब घटनाओं बांग्लादेशी हिन्दू के सम्मान को संज्ञान में लेते हुये बांग्लादेश सरकार के ऊपर दबाव बनाये कि हिन्दुओं के ऊपर उत्पीड़न व अत्याचार व देवालयों को लक्षित करके निशाना बनाये जाने की घटनाओं को तत्काल रोक लगायी जायें। ज्ञापन देने वालों में हिन्दु रक्षा समिति के सदस्य व अन्य हिन्दु संगठन के लोग मौजूद रहे।

## नोडल अधिकारी ने कम्पोजिट विद्यालय ननौरा में जन चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद के नोडल अधिकारी/वित्त सचिव उत्तर प्रदेश शासन शाहिद मंजर अब्बास रिजवी ने मुख्य विकास अधिकारी हरेन्द्र कुमार सिंह की उपस्थिति में कबरई विकास खंड की ग्राम पंचायत ननौरा के कमपोजिट विद्यालय में जन चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। चौपाल में ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं को वित्त सचिव के समक्ष रखा, जिस पर नोडल अधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण कराया जाए और कहा कि माध्यमिक विद्यालय को अधिकारी स्मार्ट स्कूल में कन्वर्ट कराएं। स्कूल में सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे यहां के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े। पंचायत भवन में कर्मचारी रोस्टर के अनुसार बैठे और ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण कराएं। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से कहा कि कैंप लगाकर ग्रामीणों की विद्युत से सम्बंधित समस्याओं को हल किया जाए तथा ग्रामीणों से कहा कि आप लोग बाहर शौच क्रिया ना करें तथा सामुदायिक शौचालय का उपयोग करें। उन्होंने सीएमएस को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन लोगों के नाम आयुष्मान सूची में है उनके आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बनाए जाएं और कहा कि यह माननीय मुख्यमंत्री जी की महत्वकांक्षी योजना है, इस योजना में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वित्त सचिव ने ग्रामीणों से राशन, बिजली, चकरोड, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि आवास पानी आदि योजनाओं की जानकारी ली।उन्होंने कहा कि आप लोग अपना-अपना मोबाइल नंबर आधार कार्ड में जरूर दर्ज कराएं, जिससे आपको किसान सम्मान निधि का लाभ मिलता रहे। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, सदर एसडीएम जितेंद्र सिंह, डीडीओ पंकज यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### नोडल अधिकारी ने 50 बेड की नव निर्माणाधीन बिल्डिंग का किया निरीक्षण

**कुलपहाड़ (महोबा)।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 50 बेड की बिल्डिंग का नव निर्माणाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण नोडल अधिकारी/ सचिव वित्त विभाग शासन शाहिद मंजर अब्बास रिजवी के द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन बिल्डिंग में खिड़की दो खंड में न होने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए यूपीआरएनएसएस लिमिटेड के एई आयुष से खिड़की एवं बिल्डिंग में लगे विद्युत उपकरणों के बारे में जानकारी हासिल की। जिसमें उन्होंने बिल्डिंग की खिड़की को दो खंड में बनाए जाने के लिए कहा और वार्ड में जो पंख इत्यादि लगे हुए हैं उनकी गुणवत्ता अच्छी से अच्छी रखने के लिए कहा बिल्डिंग में जो रैंप किनारे रेलिंग लगाई गई है। वह भी मानक के अनुसार नहीं है जिसे सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने मरीज एवं तीमारदारों के लिए पानी इत्यादि की सुविधा के बारे में जानकारी हासिल की। जिस पय एई ने कहा की पानी की व्यवस्था उनके इस्टीमेट में शामिल नहीं है। जिसके लिए उन्होंने कहा कि अपने स्तर से शासन को पत्र लिखकर अवगत कराया जाएगा। और पानी की समुचित व्यवस्था कराने का अश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के पूछने पर बताया कि बिल्डिंग में थोड़ी बहुत जो कमियां हैं उन्हें दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मुईन उल इस्लाम, सीडीओ महोबा, डीपीआरओ महोबा, उपजिलाधिकारी महोबा जीतेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, चिकित्सा अधीक्षक डॉ महेश सिंह एवं यू पी आर एन एस एस लिमिटेड कार्यदाई संस्था के ठेकेदार सहित कर्मचारी मौजूद रहे।



# बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर बीमारियों से बचाएं : गौरीशंकर

### ▸ जनपद में 198842 बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

बिटामिन-ए सम्पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन 4 दिसम्बर 2024 से 01 माह तक आयोजित किया जाना है। इसीक्रम में बुधवार को प्रातः 10.30 बजे जिला महिला चिकित्सालय उरई परिसर में स्थापित टीकाकरण सत्र पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने माँ सरस्वती का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर 9 माह से 05 वर्ष के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर कार्यकम का शुभारम्भ किया।



सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने अपने संबोधन में 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाने के लाभ के संबंध में उपस्थित बच्चों की माताओं को रतौधी एवं अन्य बीमारियों से बचाव, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के संबंध में तथा सरकार द्वारा चिकित्सा विभाग में चलायी जा रही जन कल्याकारी योजनाओं कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया और जनपद वासियों से अपील की अपने 09 माह से 05 वर्ष के बच्चों को निकटतम टीकाकरण सत्र स्थल पर ले जाकर विटामिन-ए की खुराक अवश्य पिलवायें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. देवेन्द्र भिटौरिया ने अपने सम्बोधन में जनपद में 198842 लक्षित बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाये जाने, तथा वजन कराये जाने, के संबंध में, अपने बच्चों का समय से सम्पूर्ण टीकाकरण कराये जाने के लाभ, टीकाकरण एवं बिटामिन-ए की खुराक से गम्भीर संक्रमण से वचाव के सम्बन्ध में उपस्थित माताओं को बताया तथा प्रत्येक 6 माह के अन्तराल पर आयोजित होने वाले विटामिन-ए सम्पूरण कार्यकम की खुराक के सम्बन्ध में बताया कि इससे बच्चों की रोगप्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है तथा विटामिन-ए पीने से बच्चों में रतौधीं नामक रोग नहीं होता है। 09 माह से 12 माह के बच्चों को 1 एमएल तथा 01 से 05 वर्ष के बच्चो को 2 एमएल बिटामिन-ए खुराक पिलानी है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डा0 सुनीता बनौधा ने अपने संबोधन में बच्चों को 06 माह तक केवल माँ के स्तनपान के महत्व, विटामिन-ए पाये जाने फ्लो, सब्जियों के वारे में बताया।

डा. एसके पाल बालरोग विशेषज्ञ ने धात्री माताओं को पोषण एवं जेएसबाई योजना के संबंध में बताया तथा अपने भोजन में विटामिन-ए तथा अन्य पोषक तत्वों से युक्त खाद्य पदार्थ सम्मिलित करने के बारे में बताया। अंत में वरिष्ठ स्त्रीरोग विशेषज्ञ डा. संजीव प्रभाकर ने सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, तथा उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, पत्रकार बन्धुओं, समाज सेवियों चिकित्सा स्टाफ तथा उपस्थित जन समुदाय का आभार व्यक्त किया एवं जनपद वासियों से अपील की कि अपने एवं आसपड़ोस के 9 माह से 05 वर्ष के बच्चों को नजदीकी टीकाकरण सत्र स्थल पर ले जाकर विटामिन-ए की खुराक अवश्य पिलायें तथा बच्चो का समय से टीकाकरण कराये।

इस अवसर पर अनिल वर्मा नगर उपाध्यक्ष, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय उरई डा. सुनीता बनौधा, पूर्व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय उरई डा. अवनीष कुमार, वरिष्ट स्त्रीरोग विशेषज्ञ डा. संजीव प्रभाकर, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. देवेन्द्र भिटोरिया, बाल रोग विशेषज्ञ डा. एसके पाल, डा. एनआर वर्मा, अपर शोधाधिकारी आरपी विश्वकर्मा यूएनडीपी प्रतिनिधि अजय महतेले, अर्वन को-आर्डीनेटर संजीव कुमार आदि की गरिमामयी उपस्थित रही।

# भाकियू की मांग गिरफ्तार किसानों को तत्काल रिहा करे सरकार



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत ब्लॉक इकाई हैदरगढ़ द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के आह्वान एवं जिला अध्यक्ष अनुपम वर्मा के निर्देश पर बुधवार को कोतवाली गेट पर धरना प्रदर्शन किया गया। बाद में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी को सौपा गया।

ब्लॉक अध्यक्ष डॉ हरीराम पाल, तहसील अध्यक्ष अशोक सिंह, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह, जिला सचिव संतोष सिंह, रामदेव, बाबादीन, राजेश कुमार यादव, राइस हैदरगढ़ के नेतृत्व में कोतवाली गेट पर धरना प्रदर्शन के बाद सौपे गए ज्ञापन में आशा जताई गई कि गौतम बुद्ध नगर मे भूमि अधिग्रहण के खिलाफ आंदोलन कर रहे जिन किसानों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उन किसानों का सम्मान के साथ छोड़ दिया जायेगा। कहा कि यदि किसानों को छोड़ा नहीं जाता तो राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्देश पर किसान आर पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। प्रशासन से मांग पत्र को माननीय प्रधानमंत्री तक पहुंचाने की आशा जताई गई। इस अवसर पर रामनाथ, रामशरण, रजनीश, अयोध्या, लक्ष्मी प्रसाद, श्रीराम, राम खेलावन, गीता, राम हरक, गंगा बक्स सिंह, टिलई, सत्रोहन, सूर्य कारण, शमशाद अहमद, शराफत अली, चंदन ,रामकेवल, धनवती शिवप्रसाद रामेश्वर विद्या प्रसाद रमेश ननबाबू आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### एसडीएम ने गन्ना क्रय केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** एसडीएम प्रीति सिंह ने गन्ना क्रय केंद्र बदोसराय का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने व्यवस्थाओं को परखने के साथ ही गन्ना अधिकारियों को विशेष दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि क्रय केंद्रों पर नियमों का पालन पूरी तरह से होना चाहिए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही मिली तो कार्रवाई की जाएगी। बुधवार को करीब 4 बजे उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने बदोसराय गन्ना क्रय केंद्र पर पहुंचकर निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने कांटे पर 10 कुंटल बाट रखवा कर कांटे को चेक करवाया। इसमें तौल ठीक मिली। इसके साथ ही सेंटर पर नियमों के पालन, अधिकारियों के मोबाइल नंबर बैनर पर लिखे मिले। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों का गन्ना लेते समय पूरा ख्याल रखा जाए कि घटतौली किसी भी सूरत में न होने पाए। उनकी सुविधाओं का ध्यान रखा जाए। किसी भी गड़बड़ी पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर गन्ना विकास समिति लिमिटेड बुढ़वल सचिव विनोद कुमार,तौल लिपिक जितेंद्र कुमार सिंह, जोनल इंचार्ज इंद्रजीत यादव, संभागीय अधिकारी अमित कुमार सिंह मौजूद रहे।

### उचित दर विक्रेता के चयन को लेकर बैठक स्थगित

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** कस्बा बदोसराय पंचायत भवन में उचित दर विक्रेता के चयन को लेकर खुली बैठक बुलाई गई। जिसमें सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे लेकिन बैठक का कोरम पूरा नहीं हो सका। इससे बैठक को निरस्त कर दिया गया। अगली बैठक 23 दिसम्बर निर्धारित की गई है। ग्राम पंचायत बदोसराय में उचित दर विक्रेता मुस्तफा अहमद के ऊपर राशन वितरण न करने पर मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके बाद अगस्त माह में दुकान निरस्त कर दी गई और दुकान को रसूलपुर कोटेदार से सम्बद्ध कर दिया गया था। बुधवार को ग्राम प्रधान निसार मेंहदी की अध्यक्षता में सहायक विकास अधिकारी शम्भू नाथ पाठक व पंचायत सचिव वीरेंद्र तिवारी, बदोसराय पुलिस की मौजूदगी में खुली बैठक कर उचित दर विक्रेता के लिए चयन प्रक्रिया शुरू की किन्तु कोरम पूरा न होने से बैठक को निरस्त करना पड़ा और अगली बैठक 23 दिसम्बर को किये जाने की घोषणा की गई। इस सम्बंध में एडीओ पंचायत शम्भू नाथ पाठक ने बताया कि कोरम पूरा न होने पर बैठक स्थगित कर दी गई है। अगली तिथि 23 दिसम्बर निर्धारित की गई है।

### एक मुश्त समाधान योजना के संबंध में बैठक आयोजित

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** विद्युत वितरण उपखंड पर एक मुश्त समाधान योजना के संबंध में की गई बैठक, दिए गए आवश्यक निर्देश जानकारी के मुताबिक विद्युत वितरण उपखंड जैदपुर पर एक मुश्त समाधान योजना के संबंध में रामसनेहीघाट अधिशासी अभियंता अनूप सिंह द्वारा बुधवार करीब 2 बजे एक बैठक की अध्यक्षता की गई। इस बैठक में उपखंड ज़ैदपुर के अंतर्गत 33/11 विद्युत उपकेंद्र ज़ैदपुर सफदरगंज और मोहना के समस्त कर्मचारियों को बुलाया गया। मीटिंग में एसडीओ संदीप सिंह, जेई सफदरगंज दीपक कुमार, जेई जैदपुर मिर्जापुर मिर्जा परवेज हुसैन भी मौजूद रहे। अधिशाषी अभियंता अनूप सिंह द्वारा समस्त लाइनमैन एवं लाइन स्टाफ को सरकार द्वारा लाई गई एक मुश्त समाधान योजना (ह्रअस) के बारे में बताया और निर्देश दिए कि प्रत्येक कर्मचारी एक मुक्त समाधान योजना (ह्रअस) का प्रचार प्रसार अपने–अपने फीडर पर करें और बकायेदारों को एक मुफ्त समाधान योजना (ह्रअस) के बारे में बताएं और ज्यादा से ज्यादा बकायेदारों का बिल जमा करा कर इस योजना का लाभ दिलाए। जबकि इस मौके पर एस डी ओ संदीप ने बताया कि एक मुश्त समाधान योजना में उपभोक्ताओं को काफी लाभ होगा।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का मरीजों ने उठाया लाभ

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सीएचसी में केएनएस मेमोरियल हॉस्पिटल के विशेषज्ञ द्वारा क्षेत्र के मरीज का किया गया निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ज़ैदपुर के ओपीडी में बुधवार सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक केएनएस मेमोरियल हॉस्पिटल सफेदाबाद के पांच विशेषज्ञों की टीम द्वारा निशुल्क सेवा प्रदान करते हुए क्षेत्र के मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। तथा बेहतर उपचार हेतु निशुल्क दावों का वितरण किया गया। दरअसल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ज़ैदपुर में डॉक्टर देवेंद्र नेगी के नेतृत्व में पांच विशेषज्ञों की टीम जिसमें सर्जन विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र मल्होत्रा, स्त्री रोग विशेषज्ञ निधि सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ आशुतोष कुमार, अस्थि रोग विशेषज्ञ सौरभ, फिजिशियन अभिषेक अग्रवाल के क्षेत्र से आने वाले मरीज का परीक्षण करते हुए उन्हें आवश्यक निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर सुशील कुमार सरोज ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करने को लेकर बुधवार को विशेषज्ञों की टीम द्वारा क्षेत्र से आने वाले मरीजों को स्वास्थ परिक्षण के साथ–साथ बेहतर दवाओं का वितरण किया गया।

### शादी समारोह से लौट रही बच्ची को कार चालक ने रौंदा

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** शादी समारोह के बाद घर लौट रहे परिवार की बच्ची को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई बच्ची को उपचार के लिए उच्च संस्थान रेफर किया गया। नगर में स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित शादी समारोह में उरई के बाघौरा निवासी अनूप कुमार अपने परिवार के साथ शामिल होने के लिए आए थे। शादी कार्यक्रम संपन्न होने के बाद वह परिवार के साथ वापस लौट रहे थे। जिसके लिए परिवार के सभी सदस्य बाहर सड़क पर खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान लौना रोड पर एक तेज रफ्तार कार निकली। सड़क किनारे सात वर्षीय बालिका अनामिका भी खड़ी थी। तेज रफ्तार के चालक ने अनियंत्रित होकर अनामिका को टक्कर मार दी। हादसे में अनामिका गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे उच्च संस्थान रेफर कर दिया। वहीं, कार सवार मौके पर कार को छोड़कर भाग गए। पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया है।

# बंद स्कूल के खुलने से खुशी की लहर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

तीन माह पूर्व तहसीलदार एवं खंड शिक्षा अधिकारी की टीम द्वारा सील किया गया शिक्षा क्षेत्र के पलिया गांव में संचालित स्कूल एक बार पुनः संचालित हो गया है। उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मंगलवार को मौके पर पहुंची तहसील प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने विद्यालय का ताला खोल दिया है। विद्यालय खुलने से क्षेत्रीय विभागों में खुशी की लहर दौड़ गई है। उल्लेखनीय है कि पलिया गांव में संचालित न्यू आइडियल कान्वेंट पब्लिक स्कूल जानकी नगर पलिया को विगत 2 सितंबर को तहसीलदार एवं खंड शिक्षा अधिकारी की टीम ने निरीक्षण के दौरान कथित कमियां पाए जाने पर विद्यालय को सील कर दिया था टीम के इस निर्णय को गलत बताते हुए विद्यालय के प्रबंधक पवन कुमार द्विवेदी ने उच्च न्यायालय लखनऊ में अपील दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय द्वारा अधिकारियों को फटकार लगाई गई और खंड शिक्षा अधिकारी के विद्यालय के सील करने के आदेश को निरस्त कर दिया और स्कूल खोलने का आदेश गत 12 नवंबर को पारित कर दिया था और अविलंब सील खोलने के लिए आदेशित किया था। यही नहीं खंड विकास अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी हैदरगढ़ को स्कूल तक पक्का रास्ता बनाने का भी आदेश दिया था। इसी आदेश के अनुपालन में मंगलवार को विद्यालय पहुंची टीम द्वारा विद्यालय का ताला खोल दिया गया। इस मौके पर प्रबंधक पवन कुमार द्विवेदी, प्रधानाचार्य कालिन्दी द्विवेदी, शिक्षक - शिक्षकाओ व ननकऊ कोटदार भोलेनाथ तिवारी बाबा अमित द्विवेदी पलिया सभासद जय प्रकास रावत सहित समाज के तमाम गण मान्य लोग उपस्थित रहे ।

### खेत की मेड़ काटने के विवाद हमला, चार घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** खेत की मेड़ काटने के विवाद के चलते दो पक्षों में धारदार हथियार चल जाने से दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज कर लिया है और छानबीन शुरू कर दिया है। सुबेहा थाना क्षेत्र के बड़ी चौकी मजरे खानपुर गांव निवासी वारिस अली व जुनैद के खेत अगल-बगल स्थित है। बुधवार की सुबह एक पक्ष द्वारा मेड़ काटने का आरोप लगाया गया। जिसके चलते खेत में ही दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई दोनों पक्षों से धारदार हथियार चल जाने से वारिस अली, रोशनी, जुनैद व अनवर घायल हो गए सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया। जहां पर उपचार चल रहा है।

# दंगल प्रतियोगिता का विधायक ने किया शुभारंभ

### ▸ लोधेश्वर महादेवा के अगहनी महोत्सव में अन्तर्राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता आयोजित

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

लोधेश्वर महादेवा के अगहनी महोत्सव में बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता आयोजित हुई। हनुमान गढ़ी के बाबा सौरभ दास के संयोजन में आयोजित इस दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का विधायक साकेंद्र वर्मा शरद अवस्थी और उप जिलाधिकारी पवन कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर पहलवानों का हाथ मिलवा कर दंगल का शुभारम्भ कराया। पहली कुश्ती बग्गा पहलवान अमृतसर और अशोक पहलवान दिल्ली के बीच हुई जिसमें अशोक पहलवान ने विजय हासिल की।दूसरी कुश्ती मोनू पहलवान राजस्थान तथा बाबा नागेंद्र दास अयोध्या हनुमानगढ़ी के बीच हुई जिसमें बाबा नागेंद्र ने मोनू को पटखनी देकर जीत हासिल की।तीसरी कुश्ती सुरेंद्र पहलवान राजस्थान व मनोज पहलवान गाजीपुर के बीच हुई जिसमें मनोज पहलवान गाज़ीपुर सुरेंद्र को चारों खाने चित किया। चौथी कुश्ती क्षेत्रीय पहलवान मोहम्मद अयाज शाहपुर व आसिफ शेखपुर के बीच हुई जो बराबर पर छूटी।पांचवी कुश्ती गनी पहलवान जम्मू कश्मीर व भीम पहलवान चंबल के मध्य हुई इसमें गनी पहलवान जम्मू ने भीम पहलवान को पटखनी देकर चित्त कर दिया।छठी कुश्ती प्रदीप पहलवान चंबल व बाबा नागेंद्र दास अयोध्या के बीच हुई जिसमें बाबा नागेंद्र दास ने प्रदीप को चारों खाने चित कर जीत हासिल की।इसके अलावा दंगल प्रतियोगिता में देश प्रदेश व स्थानीय तमाम पहलवानों ने अपने दाँव पेच दिखाये।दंगल देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी जिससे सुरक्षा में लगी पुलिस को कड़ी मेहनत करनी।दंगल के आयोजक बाबा सौरभ दास उप एस डी एम पवन कुमार ने मुख्य अतिथि विधायक साकेंद्र वर्मा विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक शरद अवस्थी पूर्व प्रमुख आशीष सिंह हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत बाबा बलराम दास को। अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह बुके भेंट कर सम्मानित किया।पहलवान बाबा गुरचरण दास ने रेफरी की भूमिका निभाई।इस मौके पर नगर पंचायत के अध्यक्ष रामशरण पाठक नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार पूर्व डीडीसी पप्पू सिंह पूर्व प्रधान अरुण कुमार सिंह युवा नेता राहुल अवस्थी भोला सिंह पूर्व सभासद दया शंकर तिवारी पवन ओझा सहित भारी संख्या में दंगल प्रेमी मौजूद रहे।

# कोर्ट के आदेश पर थाने के मालखाने में दाखिल सैकड़ों लीटर शराब नष्ट

**रामपुरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

न्यायालय के आदेश पर रामपुरा थाने के मालखाने में बहुत समय से दाखिल शराब को क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ की उपस्थिति में निस्तारित किया गया है।

ज्ञात हो कि रामपुरा थाने में गत 4 वर्षों से अब तक अवैध शराब बिक्रय किए जाने के 72 मामले पंजीकृत किए गए हैं जिसमें पुलिस द्वारा पकड़ी गई सैकडों लीटर देसी व कच्ची शराब से रामपुरा थाने का मालखाना शराब की गोदाम जैसा दिखाई दे रहा था। न्यायालय के आदेश पर आज बुधवार को क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ रामसिंह की



उपस्थिति व थानाध्यक्ष संजीव कुमार कटियार, सतपाल सिंह वरिष्ठ उप निरीक्षक एवं अनेक उप निरीक्षकों की देखरेख में वर्ष 2020 से वर्ष 2024 तक 72 मामलों में पकड़ी गई अवैध शराब के व्यापार के सिलसिले में पकड़ी गई देशी व कच्ची शराब को गड्ढे में डलवाकर नष्ट किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी राम सिंह ने बताया कि थाना रामपुरा में वर्ष 2020 से 2024 तक 72 मामलों पकड़ी गई अवैध शराब जो मालखाने में दाखिल थी न्यायालय के आदेश पर नष्ट की गई है।

# धीरेन्द्र पाण्डेय व साथी कलाकारों ने कथक व लोकनृत्य की प्रस्तुति देकर किया मंत्रमुग्ध

### ▸ महादेवा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

महादेवा महोत्सव में बुधवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संध्या में धीरेन्द्र पाण्डेय एवं साथी कलाकारो ने कथक एवं लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपने कार्यक्रम की शुरुआत शास्त्रीय गणेश वंदना, से की। इसके बाद लोकनृत्य अयोध्या के कनक भवन में, श्री राम स्तुति पर, एक राधा एक मीरा, मेरे घर राम आये है, नाचे गिरधारी, छाप तिलक सब छीनी व शिव वंदना आदि की प्रस्तुतियां देकर दशकों का मन मोह



लिया। उनके साथ साथी कलाकारों में अंजली शर्मा, प्रिया रावत, सरिता, प्रीति, धीरेंद्र पाण्डेय अमन आदि ने कार्यक्रम को बुलन्दी पर पहुंचाया। धीरेंद्र पांडे सन 2014 से लगातार कत्थक और लोकनृत्य के क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं। इनके द्वारा अभी तक लगभाग 400 से ज्यादा प्रस्तुतियां दी जा चुकी है। उत्तर प्रदेश के सभी महोत्सवों जैसे अलीगढ, बुलन्दशहर, मेरठ, झाँसी, कानपुर, गोरखपुर, डलमऊ, अयोध्या, अमेठी, गोंडा, लखनऊ महोत्सव के अलावा अन्य काई जिलो में प्रस्तुति दी जा चुकी है।

### कल आयोजित होगा विवाह पंचमी महोत्सव

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** श्रीविवाह पंचमी महोत्सव को लेकर नगर में स्थित नाना महाराज मंदिर भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। मंदिर में इस समय उत्सव का माहौल है। हो भी क्यों न आखिर प्रभु श्रीराम का सीता माता के साथ विवाह होने जा रहा है। छह दिसंबर को श्रीविवाह पंचमी के अवसर पर नाना महाराज मंदिर में प्रभु श्रीराम व जानकी विवाह की तैयारी की जा रही है। बता दें कि हर साल मार्गशीर्ष मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि को श्रीविवाह पंचमी का पर्व मनाया जाता है। इस दौरान माता सीता और श्री राम का विवाह किया जाता है। पुजारी विजयराम दास महाराज ने राम-जानकी विवाह में शामिल होने के लिए भक्तों से छह दिसंबर को सायं चार बजे मंदिर में पहुंचने की अपील की है।

# एसएमजीआई जेनरो बैडमिन्टन नर्सिंग छात्रों ने जीता

### ▸ जेनरो स्पोर्ट्स वीक में चल रही विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

नवंबर एसएमजीआई में आयोजित हो रहे जेनरो स्पोर्ट्स वीक के दूसरे दिन बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

प्रतियोगिता छात्र-छात्रा अलग-अलग वर्ग में आयोजित की गई थी जिनमे बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, एएनएम, बीटीसी, बीसीए, बीबीए, एमबीए, बी. फार्मा तथा डी. फार्मा के कई छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। छात्र वर्ग में सेमीफाइनल में बीसीए प्रथम वर्ष तथा जीएनएम तृतीय वर्ष का पहला मैच



आयोजित हुआ जिसमें बीसीए प्रथम वर्ष के छात्र प्रखर एवं आयुश ने मैच जीतकर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की।

दूसरा सेमीफाइनल बी. फार्मा प्रथम वर्ष तथा बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष के बीच में हुआ जिसमें बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष के छात्र संदीप एवं अर्पित ने मैच जीतकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। फाइनल मैच बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष तथा बीसीए प्रथम वर्ष के बीच हुआ जिसमें बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष के छात्र संदीप एवं अर्पित विजेता रहे वहीं बीसीए प्रथम वर्ष के छात्र प्रखर एवं आयुश उपविजेता रहे।

छात्रा वर्ग में पहला सेमीफाइनल बीबीए प्रथम वर्ष तथा बीबीए तृतीय वर्ष के बीच खेला गया जिसमें बीबीए प्रथम वर्ष की छात्रा दीक्षा एवं आयरा ने मैच जीतकर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। दूसरा सेमीफाइनल जीएनएम तृतीय वर्ष तथा बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर के बीच हुआ जिसमें जीएनएम की छात्रा अंशिका एवं मोहिनी ने मैच जीतकर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। फाइनल मैच बीबीए प्रथम वर्ष तथा जीएनएम तृतीय वर्ष की छात्राओं के बीच खेला गया जिसमें बीबीए प्रथम वर्ष की छात्रा दीक्षा एवं आयरा विजेता और जीएनएम तृतीय वर्ष की छात्रा अंशिका एवं मोहिनी उपविजेता रहीं। सभी विजेताओं, उपविजेताओं को एसएमजीआई के चेयरमैन डा. विवेक यादव एवं डायरेक्टर डा. उमाशंकर शर्मा द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को चेयरमैन डा. विवेक यादव ने शुभकामनायें दीं। प्रतियोगिता के दौरान एसएमजीआई के सभी शिक्षक, स्टाफ एवं छात्र, छात्राएं उपस्थित रहीं।

# एसडीएम, आबकारी टीम ने मदिरा की दुकान में ओवररेटिंग बिक्री का मामला पकड़ा

### ▸ ओवररेटिंग में शराब बेचने पर दुकानदार को थमाया नोटिस

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

आबकारी निरीक्षक मुकेश प्रताप सिंह की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा कालपी नगर तथा जोल्हूपुर मोड़ में स्थित देशी, अंग्रेजी बियर तथा मदिरा की दुकानों में छापा मारकर चैकिंग अभियान चलाया गया। टीम के द्वारा एक मदिरा की दुकान में ओवररेटिंग में मदिरा बेचने का मामला पकड़ा गया। टीम के द्वारा ओवररेटिंग में शराब बेंचने के मामले में दुकानदार को नोटिस जारी किया गया है।

डीएम राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर बीती शाम को उप जिलाधिकारी के साथ आबकारी अधिकारी मुकेश प्रताप सिंह की संयुक्त टीम में शामिल आबकारी विभाग के कर्मचारियों ने कालपी नगर के मोहल्ला बाईपास, सब्जी मंडी, टरननगंज टॉकीज रोड, खोवा मंडी के अलावा जोल्हूपुर मोड़ आदि स्थानों में स्थित देसी तथा अंग्रेजी ,वियर आदि शराब की दुकानों में चेकिंग अभियान चलाया। दुकानों में शराब के स्टॉक का निरीक्षण तथा गणना करके रजिस्टर तथा अभिलेखों से मिलान किया। इस दौरान बोतलों तथा पैकेटों की सील की चेकिंग तथा टेस्ट किया गया। संयुक्त टीम में शामिल एसडीएम ने दुकानों तथा परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के



लिए सख्त निर्देश दिए। वहीं आबकारी अधिकारी मुकेश प्रताप सिंह ने लाइसेंस धारकों को हिदायत दी कि दुकानों में रेट लिस्ट का साइन बोर्ड में मोबाइल नम्बरो को जरूर अंकित करें। उन्होंने बताया कि लाइसेंस की शर्तो तथा विभागीय नियमों के तहत शराब की बिक्री करें। दुकानों में शराब की गोपनीय तरीके से खरीददारी तथा टेस्ट परचेसिंग भी कराई गई। तथा एक मामला ओवररेटिंग का पकड़ा गया उन्होंने चेतावनी दी कि ओवर रेटिंग में बिक्री करने गड़बड़ी करने पर कठोर विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

आबकारी निरीक्षक ने बताया कि ओवररेटिंग बिक्री करने वाले दुकानदार को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। विभागीय अधिकारियों की चेकिंग अभियान से कई कारोबारियों में खलबली मच गयी। आबकारी निरीक्षक मुकेश प्रताप सिंह ने अवगत कराया कि टीम द्वारा तहसील अंतर्गत देशी मदिरा, विदेशी मदिरा एवं बीयर दुकानों का गहनता से निरीक्षण किया गया। प्रकार की कोई अनियमित न पाई जाए। उन्होंने बताया कि चेकिंग अभियान निरंतर चलाया जाएगा।

# विद्यालय यान नियमावली, यातायात चिन्ह व वाहन मेंटेनेंस की दी जानकारी

### ▸ आरटीओ ने दिया चालाकों को प्रशिक्षण

**समृद्धि न्यूज़ अयोध्या।**

प्रदेश में वाहन दुर्घटनाओं में हो रही जीवन हानि तथा दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए परिवहन आयुक्त द्वारा दिए गए आदेश के क्रम में दो दिसंबर से सात दिसंबर तक आरटीओ कार्यलय द्वारा बेनीगंज स्थित डी.टी.टी.आई में व्यावसायिक वाहन चालकों विशेष रुप से बस, ट्रक,ऑटो,टैम्पों व ओला–उबर चालकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम कराया जा रहा है ।इसी कड़ी में बुधवार को आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह ने बुधवार को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान वाहन चालकों को सड़क संबंधी नियमों व यातायात संकेतकों की विस्तार से जानकारी दी तथा नियमों के पालन



करने का निर्देश दिया ।उन्होने बताया कि गोले में बने संकेल यथा गति सीमा,नो पार्किंग आदेशात्मक होते है तथा इनका अनिवार्यत: पालन किया जाना चाहिए अन्यथा चालान व अन्य कार्यवाही की जा सकती है ।उन्होंने बताया कि त्रिभुज में बने संकेत यथा–आगे सड़क संकरी है,आगे चढ़ाई है आदि सचेतात्मक होते है,जिनके अनुसार सावधानी बरतनी चाहिए व आयत में सूचनात्मक संकेत होते है ।इसके अतिरिक्त दुर्घटनाओं के कारण पर प्रकाश डालते हुए वाहनों को फिट रखना तनाव मुक्त दशा में चलाना, गलत दिशा में न चलाना,नशे की हालत में न चलाना,मोबाइल पर बात न करना,सही जगह पार्किंग करना,कोहरे व बारिश के मौसम में वाहनों को विशेष तौर पर क्या सावधानियों बरतनी चाहिए,के बारे में बताया गया ।उत्तर प्रदेश मोटरयान (26 वां संशोधन) नियमावली–2019 व संशोधित नियमों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया गया कि स्कूल यान चालकों को पांच वर्ष का अनुभव होना चाहिए ।यदि किसी चालक को एक वर्ष में दो बार रेड लाइट का उल्लंघन का दोषी पाया गया तो ऐसे चालक अनर्ह हो जाएगा ।गाड़ी में बालिकायें होने पर महिला परिचर अनिवार्य है ।सभी चालकों एवं परिचरों को निर्धारित यूनिफार्म धारण करनी चाहिए ।फर्स्ट ऐड बाक्स व पांच किलोग्राम का अग्निशमन यंत्र होना चाहिए तथा बच्चों को चढ़ाते उतारते समय सावधानियां बरतनी चाहिए ।इसी क्रम में एआरटीओ प्रेम सिंह ने बताया कि विभिन्न स्कूलों व टैम्पों एसोशिएसन आदि रोडवेज चालक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं और मेंटेनेंस कर गाड़ियों का एवरेज किस प्रकार बढ़ाया जा सकता है,पर प्रकाश डाला ।मारुति के श्याम सिंह ने भी चालकों ?द्वारा आम तौर पर की जाने वाली गलतियों व उनके निराकरण पर चालकों को समझाया। एआरटीओ आर.पी. सिंह ने यातायात नियम बतायें। आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में अयोध्या मण्डल के अलावा गोडा और बस्ती मण्डल के चालक भी प्रतिभाग कर सकते है,जिसके लिए संबंधित अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है तथा आडियों विजुअल माध्यम और पैम्पलेट आदि से चालकों में सड़क सुरक्षा जागरुकता भी फैलाने का प्रयास किया जा रहा है,जिसमें बड़ी संख्या में चालक भाग ले चुके हैं तथा आमजन मानस से अपील है कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ उठायें।

### अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के निर्देश

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के अनुपालन में विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा के निर्देशन में बुधवार को अपर जनपद न्यायाधीश व प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा के विश्राम कक्ष में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अनिरूद्ध प्रताप सिंह एवं आपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) बलवंत चौधरी के साथ आगामी 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु एक बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक में अपर जिला जज/सचिव अनिल कुमार वर्मा द्वारा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

# फाइनल मैच में खिलाड़ियों ने हुनर दिखा, दिलाई विजयी



कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। ट्राफी के साथ विजेता टीम और मौजूद मंत्री असीम अरुण और एसपी

**ये टीमें रही आमने-सामने**

अंडर 19 की बालिका टीम में विजेता सुभाष इंटर कॉलेज नेरा एवं उप विजेता टीम अभिनव विद्यालय गंगधरापुर तथा बालक टीम में विजेता सिटी चिल्ड्रेन एकेडमी छिबरामऊ व उप विजेता टीम सेंट पॉल छिबरामऊ और अंडर 14 के बालक टीम के विजेता स्पोर्ट्स एकेडमी छिबरामऊ व उप विजेता टीम राधे श्याम इंटर कॉलेज उमरपुर को प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

▸ पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन, विजेता टीमों को मिला सम्मान

आज टूर्नामेंट का एक शानदार समापन दिन रहा। इस आयोजन में सभी लोगों ने अपना-अपना योगदान देकर कार्यक्रम को मजबूत किया। आप सभी के योगदान से यह लगता है कि अब जल्द ही हम सबलोग मिलकर प्रधानमंत्री के विकसित भारत सपने को साकार करेंगे। यह बात समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कही। शहर के बोर्डिंग ग्राउंड में चल रहे खेलेगा कन्नौज दौड़ेगा कन्नौज के अन्तर्गत पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन मंत्री असीम अरुण ने किया। मंत्री ने फाइनल फुटबॉल टूर्नामेंट में खेलने वाली दोनों टीमो को बधाई दी। और कहा कि कन्नौज को और आगे तक ले जाने हेतु अनेक प्रकार के कार्य किए जा रहे है। जो भी कार्य किये जायें वह विकसित भारत के मॉडल पर हो। कहा कि पूरे टूर्नामेंट में बच्चों ने अपने- अपने हुनर व प्रतिभा को दिखाकर लोगों को उत्साहित कर अपने ओर आकर्षित किया है। कहा कि कन्नौज बोर्डिंग ग्राउण्ड में होने वाले फुटबाल मैच की कोचिंग प्रारम्भ करने की कार्यवाही पूर्ण की जाये। जिससे बच्चे अच्छी ट्रेनिंग लेकर अपने हुनर को और अधिक निखार सकें। विधायिका अर्चना पाण्डेय ने कहा कि प्यारे बच्चों को दिया गया यह सम्मान पत्र उन्हें बहुत आगे तक ले जायेगा। आप सभी को और अधिक आगे तक जाना है। कहा कि मेरे लिये गर्व की बात है। कि फाइनल मैच खेलने वाली दोनों टीमे छिबरामऊ की है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द सहित जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आशा बहुओं ने तालग्राम सीएचसी पर किया प्रदर्शन

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पांच सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को आशा बहुओं ने तालग्राम सीएचसी में धरना प्रदर्शन किया। जिसमें आशाओं ने 18 हजार मानदेय और आशा संगिनियों का 24 हजार मानदेय देने की मांग की साथ ही आशा बहुओं का 50 लाख का बीमा कराने की मांग की। आशा बहुओं ने कहा कि अगर उनकी पांच सूत्रीय मांगों को पूरा नहीं किया गया तो बड़े आंदोलन में बैठकर धरना प्रदर्शन करेंगी। इस दौरान आशा हेल्थ वर्कर एसोसिएशन की ब्लॉक अध्यक्ष कीर्ति राजपूत ने तमाम आशा बहुओं के साथ प्रदर्शन करते हुए कहा कि उनके साथ नाइंसाफी हो रही है। स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी उनकी मांगों की उपेक्षा कर सरकार तक उनकी मांगों को नही पहुंचा रहे हैं। जिला और ब्लॉक स्तर पर पांच दिसंबर तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान ममता,कीर्ति देवी, प्रेमलता नीरज देवी, रजनी यादव के अलावा अन्य आशा बहुएं उपस्थित रहीं।

# 25 हजार के इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट मामले में फरार चल रहे। एक 25 हजार के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना सौरिख पर पंजीकृत भादवि व पाक्सो एक्ट व सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त को सकराया थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार तिवारी ने मय पुलिस फोर्स के साथ गैंगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली छिबरामऊ में वांछित 25000 के इनामिया व थाना सौरिख पर पंजीकृत भादवि व पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त शिवम कठेरिया (27) उर्फ शिवकुमार पुत्र स्व. ओमप्रकाश निवासी इन्द्रा आवास कालोनी फर्रुखाबाद रोड थाना छिबरामऊ मूल पता ग्राम पट्टी हसेरन को प्रतिक्षालय मोहद्दीनगर सकराया से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के। लिए एसपी अमित कुमार आंनद ने 25000 रुपये का पारितोषिक घोषित किया गया था।

# पेंशन धारक अपने खाते में कराएं एनपीसीआई, नहीं तो रुकेगी पेंशन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अनुपम राय ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उप्र द्वारा संचालित दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना के अन्तर्गत दिव्यांग पेंशन एवं कुष्ठावस्था पेंशन का लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थी को वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिव्यांग पेंशन व कुष्ठावस्था पेंशन की तृतीय त्रैमासिक किश्त का प्रेषण विभाग द्वारा माह दिसम्बर- 2024 में एकाउन्ट बेस्ड पेमेन्ट के स्थान पर आधार बेस्ड पेमेन्ट प्रणाली द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। इस प्रणाली के द्वारा दिव्यांग पेंशन योजना के अन्तर्गत दिव्यांग पेंशन एवं कुष्ठावस्था पेंशन का लाभ प्राप्त करने हेतु जनपद के दिव्यांग/ कुष्ठावस्था के पेंशनरों को अपने बैंक खातों में एनपीसीआई की प्रक्रिया पूर्ण कराना अनिवार्य होगा। क्योंकि आधार बेस्ड पेमेन्ट में भुगतान मात्र एनपीसीआई मैपेड आधार में ही किया जा सकता है। पेंशन का लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थियों द्वारा अपने बैंक खातों में एनपीसीआई की कार्यवाही पूर्ण नहीं कराने पर विभाग द्वारा दिव्यांग / कुष्ठावस्था पेंशन की तृतीय तिमाही (अक्टूबर 2024 से दिसम्बर 2024 तक) की पेंशन की धनराशि भेज पाना संभव नहीं हो पायेगा। अतः जनपद के दिव्यांग/ कुष्ठावस्था पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थी अपनी बैंक शाखा में जाकर अपने खाते की तत्काल एनपीसीआई मैपर की प्रक्रिया पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

> दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना (दिव्यांग पेंशन) एवं कुष्ठावस्था पेंशन का लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थी किसी भी कार्य दिवस में विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कार्यालय कक्ष संख्या-12 में भी बैंक खाते की ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में विभाग द्वारा जनपद के दिव्यांग भरण- पोषण अनुदान योजना (दिव्यांग पेंशन) एवं कुष्ठावस्था पेंशन का लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थियों की पेंशन की तृतीय किश्त की धनराशि भेज पाना संभव नहीं होगा।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** दुष्कर्म के आरोप में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनन्द के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना प्रभारी शशिकान्त कनौजिया ने हमराहियों के साथ थाना तालग्राम पर पंजीकृत मुकदमा पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सोनू सक्सेना (26) पुत्र भजनलाल सक्सेना निवासी ग्राम भवानी सराय थाना तालग्राम को आगरा- लखनऊ एक्सप्रेसवे के निकवा अण्डरपास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# फार्मर रजिस्ट्री कराने से योजनाओं में आएगी पारदर्शिता

▸ किसानों को मिलेगी डिजिटल आईडी, जिससे आसानी से मिलेगा लाभ

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



कैम्प का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

सदर विकासखण्ड के ग्राम मुसाफिरपुर में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने चल रहे फार्मर रजिस्ट्री कैंप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कहा कि जनपद में फार्मर रजिस्ट्री के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में कृषि और राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। यह कार्य 31 दिसंबर तक पूरा किया जाना है।

जिसके माध्यम से प्रत्येक किसान की फार्मर रजिस्ट्री बनायी जाएगी। उन्होने किसानों से अपील की कि किसान स्वयं भी फार्मर रजिस्ट्री एप पर आवेदन कर सकते है। कहा कि पंजीयन कराने से सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता आएगी। किसानों को डिजिटल आईडी मिलेगी। जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से उठाया जा सकता है। फसल बीमा का लाभ रजिस्टर्ड किसान को आसानी से मिलेगा। कृषि ऋण व किसान क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधाओं का लाभ भी सरलता से मिलेगा। इस दौरान उप निदेशक कृषि प्रमोद सिरोही, तहसीलदार, सहायक विकास अधिकारी कृषि, प्राविधिक सहायक कृषि सहित कानूनगों व लेखपाल उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### चेन के पैसे मांगने पर महिला हुई फरार

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला ललिता देवी पत्नी राजीव दुबे ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि मोहल्ले की महिला किराए पर रहती थी। जिसने लगभग एक माह पूर्व उसकी सोने की चेन चोरी कर ली थी। जिसका प्रार्थना पत्र भी उसने कोतवाली पुलिस को दिया था। पुलिस ने मामले में समझौता करा दिया था। लेकिन समय बीत जाने के बाद भी महिला ने न तो चेन वापस की और न ही पैसा दिया। जब उसने पैसे मांगे तो महिला मोहल्ले से फरार हो गई। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घर में घुसकर महिला से किया दुष्कर्म

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के युवक ने घर में घुसकर महिला से अभद्रता कर छेड़छाड़ की। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म की अंजाम दिया। महिला के चीखने चिल्लाने पर आरोपित युवक मौके से फरार हो गया। युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम निवासी युवक ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मंगलवार की रात लगभग 09.30 बजे उसकी पत्नी घर में अकेली थी। इसी फायदा उठाकर गांव का बलराम उसके घर में घुस गया और उसकी पत्नी के साथ अभद्रता करते हुए छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसके साथ दुष्कर्म किया। पत्नी के चीखने चिल्लाने पर आरोपित युवक उसके साथ मारपीट कर धमकी देते हुए फरार हो गया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सिंचाई को लेकर फावड़े से काटी अंगुली

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** थाना तालग्राम के ग्राम मायापुर्वा निवासी हरिश्चंद्र उर्फ कल्लू पुत्र बलवीर सिंह राजपूत ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बुधवार की सुबह वह अपने भाई हरिओम के साथ आलू की फसल में पानी लगाने गया था। तभी गांव के गिरिन्द सिंह, उसके पुत्र ओमवीर ने जबरन उसका साइफन अपने खेत में मोड़ लिया। विरोध किया तो गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। जब उसका भाई हरिओम बचाने आया तो उसे भी मारा पीटा। बीच बचाव में गिरिन्द ने फावड़े से हमला कर दिया। जिससे उनकी हाथ की उंगली कट गई। पुलिस ने हरिश्चंद्र की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी जागेश्वर

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** घर में घुसकर दुष्कर्म करने बाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। गुरसहायगंज थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने उसके घर मे घुस कर पत्नी के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में थाना गुरसहायगंज पर जागेश्वर (48) पुत्र मुर्ली निवासी ग्राम राजपुर थाना गुरसहायगंज के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये कोतवाल आलोक कुमार दुबे ने अपने हमराहियों के साथ अभियुक्त जागेश्वर को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना गुरसहायगंज पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# एक मुश्त भुगतान करने पर सरचार्ज में मिलेगी 100 प्रतिशत छूट: एसडीओ

▸ 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक प्रथम चरण में होगें पंजीकरण

▸ बकाया मूलधन का 30 प्रतिशत अग्रिम भुगतान के रूप में करना होगा जमा

**तिर्वा, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

विद्युत विभाग ने बिजली बिल के बकायदारों को राहत देने के लिए एक मुश्त समाधान योजना की शुरूआत कर दी है।

इस योजना के तहत 30 सितबंर 2024 तक बिजली के बकाया बिलों पर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज की छूट प्रदान की जाएगी। 100 प्रतिशत छूट पाने के लिए बकायादारों को एक माह में पूर्ण बकाया जमा करना होगा। यह छूट ग्रामीण व शहरी दोनो क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए रहेगी।

विद्युत विभाग के एसडीओ कुलदीप राजपूत ने बुधवार की दोपहर पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि विभाग ने एक मुश्त समाधान योजना की शुरूआत कर दी है। इसके लिए बकायादारों को 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक प्रथम चरण में आनलाइन रजिस्टेऊशन कराना होगा।

रजिस्ट्रेशन में नवीनतम विद्युत बिल व उपभोक्ता का स्वंय का मोबाइल नम्बर अनिवार्य रूप से देना होगा। इसके अलावा 30 सितंबर 2024 तक बकाया विद्युत बिल की मूलधन राशि का 30 प्रतिशत अग्रिम भुगतान के रूप में जमा करना होगा। तभी वह सरचार्ज में छूट पाने के हकदार होगें। उन्होने बताया कि सरचार्ज में 100 प्रतिशत छूट पाने के लिए पंजीकरण कराने के उपरान्त 30 दिनों के भीतर विद्युत बिल के साथ शेष बकाया धनराशि का पूर्ण भुगतान करना होगा।

यह योजना जल्दी आएं व एक मुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धान्त पर आधारित है। उन्होने बताया कि जो उपभोक्ता बकाया बिल का किश्तों में भुगतान करना चाहते हैं। उनको यह सुविधा मिलेगी। पर उन्हे 100 प्रतिशत छूट का लाभ नहीं मिलेगा। एसडीओ ने क्षेत्र के विद्युत बकायादारों से कहा है कि सरचार्ज में छूट का लाभ पाने के लिए जल्द से जल्द अपनी पंजीकरण कराएं।

# कोतवाली का घेराव कर किसानों ने दिया धरना

▸ सरकार विरोधी नारेबाजी कर किया जमकर प्रदर्शन

**गुरसहायगंज,कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



दिल्ली बॉर्डर पर समस्याओं को लेकर धरने पर बैठे भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के निर्देश पर जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरोध और समस्याओं का समाधान न होने तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। बुधवार को भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में सुबह लगभग 11 बजे पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कोतवाली पहुंच कर घेराव किया और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिससे कोतवाल आलोक कुमार दुबे सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। इस दौरान किसानों ने जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है। जिससे पूरी तरह से निपटने के लिए दिल्ली बॉर्डर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत सहित भारी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के सभी थानों में किसानों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। कहा कि भूमि अधिग्रहण, एमएसपी आदि के नाम पर सरकार किसानों का उत्पीड़न कर रही हैं। जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होता धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। कोतवाल आलोक कुमार दुबे ने मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। किसान नेताओं से सीधी वार्ता की। जिस पर धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। इस दौरान महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान, इरशाद अली, साजिद हुसैन, मारूफ खान, मो. शहराज हुसैन, उपेंद्र सिंह राजपूत, ठाकुर महेंद्र सिंह, सत्यम प्रजापति, मुईन अहमद, डब्लू ठाकुर, राधा तोमर, रामसागर त्रिवेदी, राकेश चंद्र पांडे आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिकायतों का समय से निस्तारण न करने पर डीएम नाराज

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शिकायतों एवं आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में हुई बैठक**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**




अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में विगत समाधान दिवस तहसील सदर में प्राप्त शिकायतों एवं आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने विगत समाधान दिवस तहसील सदर में प्राप्त 20 शिकायतों के निस्तारण को ससमय व गुणवत्ता परख न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देश दिये कि तहसीलदार अनभिज्ञ न बने, चकरोड, पट्टे कब्जे जैसी शिकायतों को मौके पर जाकर शिकायतकर्ता से मिलकर ससमय निस्तारण करायें। इसके साथ ही फोटोग्राफ्स सहित सही रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड की जाये। कहा कि उप जिलाधिकारी प्राप्त शिकायतो का स्वयं रिव्यू करें और शिकायतो का गुणवत्ता परख निस्तारण करायें, शिकायताकर्ता सन्तुष्ट होना चाहिये तभी शिकायत का सही मायने में निस्तारण माना जायेगा। लेखपालो को निर्देश दिये कि मौके पर जाकर सही रिपोर्ट लगायी जाये। कमरे में बैठकर फर्जी रिपोर्ट न लगाये। फर्जी रिपोर्ट पाये जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

प्रत्येक दशा में पट्टेधारक को पट्टे की जमीन दिलायी जायें निर्देश दिये कि तहसील दिवस/ आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में रुचि लेकर कार्य करें।

प्रकरणो के निस्तारण हेतु दो सप्ताह का समय मिलता है। समय रहते शिकायतकर्ता को डेट दें। उस डेट को मौके में शिकायत को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर निर्धारित फॉर्मेट में भरकर रिपोर्ट लगाएं।

## वेलेश्वर धाम में विधि विधान से हुआ वेदी पूजन



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के चकोर रोड स्थित वेलेश्वर धाम मंदिर में मां दुर्गा, श्री राम दरबार, हनुमान जी सहित शिव जी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम बुधवार को वेदी पूजन के साथ प्रारंभ हो गया। भक्तों ने पूजा अर्चना कर विधि विधान से कार्यक्रम किया। आयोजकों ने बताया कि समाजिक सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया था। उसके उपरांत मूर्तियों के प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस पर आचार्य दीनबंधु पाठक के द्वारा वेदी पूजन के साथ श्री गणेश जी का पूजन विधि विधान पूर्वक करवाया गया। गुरूवार को शोभायात्रा के साथ देव दर्शन का कार्यक्रम होगा। सभी के सहयोग से मंदिर का भव्य निर्माण हो चुका है। इस अवसर पर क्षितिज आर्य, अस्मिता आर्य, शनि गुप्ता, स्वेच्छा गुप्ता, वीरेंद्र राठौर, नीरज गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं अपने पुत्र राहुल कुमार बाथम की कार्य गुजारी, लेनदेन व अनैतिक कार्यों से अत्यन्त आहत हूं। राहुल शादी शुदा है। वह अपने परिवार के साथ मुझसे अलग रहता है और मुझसे कोई सारोकार नहीं रखता। इसलिए मैं अपनी चल व अचल सम्पति से राहुल कुमार बाथम को बेदखल कर रहा हूं। उसके किसी कृत्य, लेनदेन व अनैतिक कार्य से मेरा व मेरे शेष परिवार के सदस्यों का कोई सम्बन्ध न होगा। वह अपने कृत्य का स्वयं जिम्मेदार होगा।
**रामराज पुत्र विजय कुमार निवासी, ग्राम व पोस्ट खामा, तह. तिर्वा, जनपद कन्नौज।**

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SAHTI DEVI व जन्मतिथि 25.06.1962 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SAHIT DEVI व जन्मतिथि 01.01.1961 है। SAHIT DEVI M/o of Army/JC NO-482516A, रैंक- सूबेदार राजीव कुमार, आर.आर.सी. फतेहगढ़ निवासी-ग्राम बुहावी, लाख्मारी, कुरुक्षेत्र, राज्य-हरियाणा-136156

**सूचना**

पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम AKANSHA दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम AAKANKSHA है। AAKANKSHA D/o of Army/JC NO-482516A, रैंक- सूबेदार राजीव कुमार, आर.आर.सी. फतेहगढ़ निवासी-ग्राम बुहावी, लाख्मारी, कुरुक्षेत्र, राज्य-हरियाणा, पिन कोड-136156

# टीम भावना से कार्य कर निपुण विद्यालय बनाएं शिक्षक: स्टेट रिसोर्स पर्सन

▸ बीआरसी पर निपुण असेसमेंट को लेकर हुई समीक्षा बैठक


**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



परिषदीय विद्यालयों की निपुण कक्षाओं, कक्षा एक एवं दो में पढ़ने वाले बच्चों का संशोधित निपुण लक्ष्यों के आधार पर माह दिसंबर के द्वितीय सप्ताह में डीएलएड प्रशिक्षुओं के द्वारा आंकलन कराया जाना प्रस्तावित है। जिसके तहत विकास खंड जलालाबाद एवं गुगरापुर के परिषदीय विद्यालयों की कक्षा एक व दो में पढ़ने वाले बच्चों का आंकलन डीएलएड प्रशिक्षुओं के द्वारा कराया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर ब्लॉक संसाधन केंद्र जलालाबाद में विकास खंड के प्रधानाध्यापकों, प्रभारी प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें स्टेट रिसोर्स पर्सन संजीव कटियार ने संशोधित निपुण लक्ष्यों के आधार पर तैयारी करने पर जोर देते हुए। आपसी सामंजस्य एवं टीम भावना से कार्य करते हुए निपुण विद्यालय बनाए जाने हेतु शिक्षकों को प्रेरित किया। इस दौरान एआरपी भोले शंकर, शिक्षक संकुल अबधनारायण, विजय कुमार, प्रदीप कुमार, आलोक दुबे, विपिन कुमार, रामप्रकाश, जितेंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार , सुधांशु , अंजली तिवारी, शिल्पी श्रीवास्तव, निसातवानो, शाम्भवी मिश्रा सहित आदि शिक्षक- शिक्षिकाएं रहे।

# 89 जोड़ों ने सामूहिक विवाह समारोह में चुना हम सफर

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



सामूहिक विवाह समारोह में मौजूद वर-वधू व अधिकारी।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत ब्लाक तालग्राम व छिबरामऊ के पात्रों के लिए विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 89 जोड़ों ने एक दूजे के साथ जीवन यापन करने के लिए सात फेरे लिए व निकाह किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने मां दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में आठ जोड़े नहीं पहुंचे। जबकि अपात्र होने के कारण एक जोड़े का पंजीकरण निरस्त कर दिया गया।

बुधवार को विमला देवी ब्रज मोहन सिंह इंटर कालेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय के पुत्र राहुल रतन पाण्डेय व ब्लाक प्रमुख सुमन सिंह के पति राजीव सिंह उर्फ पुच्ची ठाकुर, छिबरामऊ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राहुल सिंह पाल, सीडीओ राम कृपाल चौधरी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश ने शादी करने वाले वर-वधू को उपहार भेंट कर बधाई दी। जबकि विवाह के लिए हिंदू व मुस्लिम रीति रिवाज के तहत अलग-अलग व्यवस्था की गई। जिसमें हिंदू रीति रिवाज के तहत आचार्य कौशल कुमार दुबे ने 86 वर-वधू को सात फेरे दिलाकर शादी कराई। जबकि तीन जोड़ों को हाफिज मो. अंसार ने निकाह पढ़कर शादी कराई। सामूहिक विवाह समारोह में नगर पालिका परिषद छिबरामऊ से 03, नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज से 03, नगर पंचायत समधन से 01, नगर पंचायत सौरिख से 01 व नगर पंचायत सिकंदरपुर से 02 जोड़े आए। कुल 89 वर वधू का विवाह विधि विधान और उनके रीति रिवाज के तहत संपन्न कराया गया। इस दौरान छिबरामऊ बीडीओ दीपांकर आर्या, तालग्राम बीडीओ मनोज गुप्ता, सुमन लता यादव, एडीओ समाज कल्याण सुबोध कटियार, यशवर्धन सिंह सचिव मृदुल दुबे, विमल दुबे, देवेन्द्र सिंह पाल, मनोज यादव, प्रियांशु यादव, युवराज सिंह, बन्नाम सिंह आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत फरीदपुर मंगलीपुर वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0**

पत्रांक:02/एसएलडब्लूएम के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 04/12/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

एसएलडब्लूएम के अन्तर्गत ग्राम पंचायत फरीदपुर मंगलीपुर विकास खण्ड शमशाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 05/12/2024 से दिनांक 11/12/2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 11/12/2024 को अपरान्ह 3 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 05/12/2024 से दिनांक 11/12/2024 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | एकीकृत ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन केंद्र (आरआरसी) निर्माण कार्य | 1.83 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (ओमप्रकाश) ग्रा0पं0 फरीदपुर मंगलीपुर, विकास खण्ड शमशाबाद सचिव (दिलीप कुमार)

# नोएडा में किसान नेता की गिरफ्तारी को लेकर कार्यकर्ताओं ने थाने का किया घेराव

- सीओ समेत दो थानों की पुलिस मौके पर पहुंची, कार्यकर्ताओं ने गेट पर दिया धरना

**अमृतपुर/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



अमृतपुर में किसान नेताओं को समझाती पुलिस



थाने गेट के बाहर धरना देते किसान नेता

मांगों को लेकर दिल्ली जा रहे किसान नेताओं को बॉर्डर पर रोक दिया गया। इसके बाद किसानों को समय दिया गया। इस दौरान पश्चिमांचल के राष्ट्रीय नेता पवन खटाना को पुलिस ने साथी कार्यकर्ताओं के साथ गिरफ्तार कर लिया। इसके विरोध में राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर किसान नेताओं ने थाने का घेराव शुरू कर दिया। वहीं कानूनी विधि सलाहकार अजय कटियार के नेतृत्व में राधे रानी पेट्रोल पंप से पैदल चलकर थाने का घेराव करने पहुंचे, वहीं पहले से मौके पर थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी, सीओ रविंद्र नाथ राय व राजेपुर थाना अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी ने कार्यकर्ताओं को थाना गेट पर ही रोक लिया तथा समझाने पर भी किसान नेता नहीं माने। उसके बाद किसान नेता थाने के बाहर गेट पर बैठकर धरना प्रदर्शन करने लगे।

वही विधिक सलाहकार अजय कटियार ने बताया है की धरना प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक राष्ट्रीय नेतृत्व का कोई आदेश नहीं आता है। इस मौके पर किसान नेता समेत भारी पुलिस फोर्स मौके पर तैनात रहा। **वहीं दूसरी ओर** कस्बा नवाबगंज में थाना गेट पर किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अरविंद शाक्य के नेतृत्व में एक सैकड़ा से अधिक किसान जिला अध्यक्ष के आवास पर एकत्रित हुए तथा एलआईयू व थाना पुलिस को सूचना देकर सभी किसान एक राय होकर हाथों में झंडा लेकर नारेबाजी करते हुए कस्बा चौराहे से थाना के गेट पर एकत्र हुए। जहां पर थाना पुलिस ने किसानों को थाने के अंदर धरना प्रदर्शन करने के लिए नहीं घुसने दिया और उनकी व्यवस्था बाहर करने की बात कही गई। जिस पर किसान यूनियन के कार्यकर्ता उत्तेजित हो गए और उन्होंने थाने के गेट पर अपनी दरी बिछाकर नारेबाजी करते हुए बैठ गए और उनकी मांग थी कि जैसे नोएडा में किसानों की गिरफ्तारी की गई है, वहीं उनके नेता राकेश टिकैत के निर्देशन पर सभी किसान थाने के गेट पर एकत्रित हुए हैं और किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अपने कार्यकर्ताओं के साथ अपनी गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गये। वहीं थाना पुलिस कार्यकर्ताओं के सामने आने से झिझकती रही, लेकिन कस्बा इंचार्ज दरोगा गिरीश चंद्र तथा थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी ने किसानों के जलपान की व्यवस्था की। वहीं थाना पुलिस किसनीं की हॉहजूरी में लगी रही। लगभग 5 घंटे तक चली जद्दोजहद में किसानों ने जमकर नारेबाजी की तथा शासन प्रशासन को जमकर कोसा। उत्तेजित किसानों को देख थाना पुलिस के हाथपांव फूल गये। 11 बजे से शुरु हुआ धरना करीब 3 बजे जाकर समाप्त हुआ। इस मौके पर किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अरविंद शाक्य, लक्ष्मी शंकर जोशी, बबलू खटीक, ब्लॉक अध्यक्ष नवाबगंज बीनू टेलर, नगर अध्यक्ष सुग्रीव पाल, तहसील अध्यक्ष कायमगंज सरकारी लाल, संजय सिंह, राजू ठाकुर, गुड्डू यादव, संजीव यादव, शीशराम झा, उदयवीर सिंह, कानपुर मंडल सचिव अफरोज मंसूरी सहित सैकड़ों किसान कार्यकर्ता थाने के गेट पर घंटों धरने पर बैठे।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से नलकूप आपरेटर घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** टूटी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से नलकूप आपरेटर घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र के लाल सराय में नगर पालिका का नलकूप नंबर 8 स्थापित है। जिसमें आपरेटर के पद पर मोहल्ला घेरशामू खां निवासी इमरान व किसानन नगला बढ़पुर निवासी 28 वर्षीय अजय पुत्र जवाहर लाल कार्यरत हैं। सुबह दोनों आपरेटर इमरान व अजय नलकूप की तरफ पहुंचे, तो पहले से टूटी पड़ी हाईटेंशन लाइन पर अजय का पैर पड़ गया। जिससे वह चिपक गया। आसपास के लोगों और उसके साथी इमरान ने डंडा आदि की मदद से उसे अलग किया, लेकिन तब तक अजय झुलस कर गंभीर रुप से घायल हो गया था। से उपचार के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# ट्रांजिशनल कॅरिकुलम कार्यक्रम के तीसरे दिन आयुर्वेद के प्रति किया गया जागरुक




कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं व कॉलेज स्टाफ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में चल रहे 2024 बैच के ट्रांजिशनल कॅरिकुलम कार्यक्रम के तीसरे दिन सुबह कॉलेज की प्राचार्या ने छात्र/छात्राओं का सम्बोधित कर उनको आयुर्वेद के प्रति जागरूक किया। इसके बाद अतिथि डॉ. गंगा प्रसाद सरोज ने छात्र/छात्राओं को आयुर्वेद को अपने जीवन का अभिन्न अंग बताया। उसी के अनुसार अपनी दिनचर्या करें। जिससे आप स्वस्थ रहेंगे। अतिथि का सम्मान कॉलेज की प्राचार्या ने स्मृति चिन्ह, शॉल देकर किया। लंच के बाद छात्र/छात्राओं के रचना शरीर विभाग का भ्रमण किया और अनेक क्रियाओं में भाग लिया। आज के कार्यक्रम में डॉ. शीलू गुप्ता, डॉ. निरंजन एस., डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय, डॉ. कविता, डॉ. मधुरंजन, डॉ. रसना, डॉ. सुहेबा आदि उपस्थित रहें।

# खेत जोतने से रोका, तो महिला को मारपीट कर किया घायल

- फर्जी विरासत करा लिए जाने का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

फर्जी विरासत करा लिए जाने एवं धारदार हथियार से मारपीट करने के मामले में मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नगला मकोड़ा निवासी संतोष कुमार पुत्र रामचंद्र ने पड़ोसी गांव सिलसण्डा निवासी गजेंद्र पुत्र रक्षपाल, अवधेश पुत्र रामेश्वर यादव, सन्टू यादव पुत्र देवपाल व नगला शम्भू निवासी लोकेन्द्र यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार सन्तोष के चाचा रामसनेही लगभग सन् 1978 में गांव से चले गए थे। उनकी जमीन गांव में थी जिस पर हम काबिज हैं। उनकी जमीन की फर्जी विरासत करा ली गई है। 27 नबम्बर को समय 12.30 बजे उक्त आरोपित खेत जोतने आए, तो मेरे घर की महिलाओं ने इसका विरोध किया, तो गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी और कुल्हाड़ी के बेट से हमला बोल दिया। जिसमें रत्नेश की पत्नी शीला घायल हो गई। आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गए। यह घटना वीडियो में रिकॉर्ड है। मेरापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच अचरा चौकी प्रभारी आनंद शर्मा के सुपुर्द कर दी है।

# स्वास्थ्य कैंप में 165 मरीजों ने परीक्षण कराकर प्राप्त की दवाइयां

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**




मरीजों का परीक्षण करते चिकित्सक

समर्पण सेवा समिति एवं सीपी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण व दवाई वितरित की गई। गंभीर मरीजों का हॉस्पिटल में इलाज किया गया।

**कई को अस्पताल के लिए किया गया रेफर**

जानकारी के अनुसार सीपी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर शिवम त्रिपाठी ने विभिन्न बीमारियों से संबंधित 165 मरीज का उपचार व परीक्षण किया। शिविर में ग्राम बिल्हा, कमलाईपुर के मरीजों की भरमार रही। जिसमें सर्दी, खांसी, जुकाम, मलेरिया, टाइफाइड के मरीज अधिक आए। हड्डी, न्यूरो कान नाक गला के मरीजों को सुपर स्पेशलिटी चिकित्सकों के द्वारा आने पर दिखाने के लिए कहा गया। शिविर का शुभारंभ अध्यक्ष राजवती ने किया। गंभीर मरीजों को चिकित्सक ने अस्पताल रेफर किया। जहां चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मंगल पांडे ने उनका उपचार व दवाइयां उपलब्ध कराए। इस दौरान नर सिंह, अजीत यादव, मनीष यादव, प्रकाश सिंह, महेश सिंह, दलबीर सिंह, पीयूष अग्रवाल, नितिन गंगवार, गोपी सक्सेना, विमल सिंह, शुगर सिंह, अनूप सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### ट्रक चालक ने दूल्हे की गाड़ी में मारी टक्कर, बाल-बाल बचा दूल्हा



मौके पर ट्रक को रोके भीड़

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** नशेड़ी ट्रक चालक ने दूल्हे की कार में टक्कर मार दी। जिससे दूल्हा बाल-बाल बच गयी, जबकि कार क्षतिग्रस्त हो गयी। मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रक चालक को पकड़ लिया। इस दौरान ट्रक सड़क पर खड़ा रहने से काफी लंबा जाम लग गया। पुलिस ने बमुश्किल जाम को खुलवाया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को जिला कन्नौज से बारात आर रही थी, जो कि कमालगंज थाना क्षेत्र की ग्राम इस्माइलपुर जा रही थी, तभी फतेहगढ़ की तरफ से आ रहे ट्रक ने दूल्हे की गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। गनीमत रही की दूल्हा चोटिल होने से बच गया, लेकिन गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। बाद में लोगों ने ट्रक ड्राइवर को मौके पर पकड़ लिया। ट्रक ड्राइवर शराब के नशे में था। ट्रक सड़क पर खड़ा होने से काफी लंबा जाम लग गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाया तथा ट्रक चालक एवं ट्रक को अपने कब्जे में लिया।

### ग्रहकलह में महिला ने पिया जहरीला पदार्थ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव गन्धिया निवासी देवकी उम्र 50 वर्षीय पत्नी पूसेलाल ने ग्रह कलह के चलते जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

### घायल की उपचार के दौरान मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव महादेवपुर निवासी रामलड़ैते यादव उम्र 60 वर्षीय पुत्र उजागर सिंह यादव अपने छोटे बटे इन्द्रपाल के साथ बाइक द्वारा बेटे सरवीर यादव की शादी के कार्ड बांटने अजीजपुर रिश्तेदार के यहाँ जा रहे थे। जैसे ही वह महादेवपुर चौराहे के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार आरहे बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे बाइक सवार रामलड़ैते सहित इन्द्रपाल घायल हो गये गये। उधर से गुजर रहे न्यायमतपुर ढिलावली निवासी ग्राम प्रधान ने तत्काल 108 एम्बुलेन्स को फोन करके दोनो घायलो को एम्बुलेन्स द्वारा कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर रामलड़ैते को फर्रुखाबाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में उपचार के दौरान देर रात्रि रामलड़ैते की मौत हो गई। शव घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# समूह योजना को गति देने के लिए बीडीओ ने बीएलबीसी की बुलायी बैठक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**




समूह की महिलाओं व बैंक प्रबंधकों की बैठक लेते बीडीओ व मौजूद एलडीएम

विकास खंड अधिकारी ने समूह व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए बीएलबीसी की एलडीएम के साथ बैठक की। जिसमें बैंक मैनेजरों से समूह योजना में सहयोग करने की बात कही गयी।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत में सरकार द्वारा समूह योजना चलायी जा रही है। जिससे ग्रामीण महिलाओं को रोजगार मिल सके, लेकिन बैंक प्रबंधक उपरोक्त योजना में रुचि नहीं ले रहे हैं। जिस कारण खंड विकास अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने समूह की महिलाओं व बीएलबीसी की जिले के एलडीएम के साथ विकास खंड कार्यालय पर बैठक बुलाई। बैठक के दौरान खंड विकास अधिकारी ने एलडीएम फर्रुखाबाद से बैंक प्रबंधकों की शिकायत करते हुए कहा कि बैंक प्रबंधक समूह में कम रुचि ले रहे हैं। इसलिए समूह की व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पा रही है। जिसको दुरुस्त करने के लिए दोनों अधिकारियों ने बैठक का आयोजन किया।

इस दौरान सभी बैंक मैनेजर को निर्देशित किया गया कि वह समूह की व्यवस्था को दुरुस्त रहने दे तथा समूह की महिलाओं तथा समूह कार्यत्रियों समूह के कार्यकर्ताओं को हम वरीयता देकर उनके खाते खुलवा दें और सही तरीके से उनका लेनदेन करने के लिए कई अहम बातें बतायीं। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, एलडीएम बीडी वर्मा, ओमेंद्र सिंह, आरएसआईटी सुखदेश सिंह, एडियो आईएसबी रितेश यादव, नावार्ड डीडीएम कृष्ण कुमार शुक्ला, बैंक ऑफ़ इंडिया नवाबगंज के मैनेजर गौरव गौतम, आर्यावर्त ग्रामीण बैंक नवाबगंज के बैंक मैनेजर अभिषेक गंगवार, संजीव कुमार, अंजली कुमारी, सुदेश कुमारी, ममता पाल, अनुज शुक्ला, संजीव कुमार सहित सभी बीएमएम बैठक में मौजूद रहे।

# न्यायालय ने सिपाही व थानाध्यक्ष फतेहगढ़ को किया तलब

- थानाध्यक्ष फतेहगढ़ के उपरोक्त कृत्य से साबित होता है कि वह जानबूझकर गवाह को न्यायालय में नहीं कर रहे प्रेषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

न्यायालय अपर जिला जज सीनियर डिवीजन फतेहगढ़ ने आदेश जारी कर कहा है कि राज्य बनाम नागेंद्र सिह राठौर के मामले में कांस्टेबिल यतेन्द्र सिंह तथा थानाध्यक्ष फतेहगढ़ के उपरोक्त कृत्य से साबित होता है कि वह जानबूझकर गवाह को न्यायालय में प्रेषित नहीं कर रहे हैं और त्रुटिपूर्ण आख्या न्यायालय के समक्ष प्रेषित की जा रही है। जो भारतीय दण्ड संहिता की धारा 217 और 219 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। धारा 217, दो वर्ष के कारावास अथवा जुर्माना अथवा दोनों तथा धारा 219, सात वर्ष के कारावास से अथवा जुर्माने अथवा दोनों से दण्डनीय है। न्यायालय ने कहा कि संबंधित थाने द्वारा गवाह के विरुद्ध प्रेषित सम्मन को दूरभाष के माध्यम से तामीला गया है। जबकि तामीला व्यक्तिगत रुप से कराया जाना अपेक्षित है। न्यायालय ने कांस्टेबिल यतेन्द्र सिंह तथा थानाध्यक्ष फतेहगढ़ को व्यक्तिगत रुप से दिनांक 06.12.2024 को उपस्थित होकर अवगत करायें कि क्यों उनके विरुद्ध उपरोक्त धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराने हेतु पुलिस अधीक्षक फर्रुखाबाद को सूचना प्रेषित न की जाये।

# छेड़छाड़-मारपीट एवं जातिसूचक गाली-गलौज करने में डेढ़ वर्ष बाद मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

छेड़छाड़ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने एवं जातिसूचक गाली गलौज करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पति ने मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव पमरखिरिया निवासी प्रदीप पुत्र रोशनलाल तथा पड़ोसी गांव अर्जुनपुर निवासी सुखदेव पुत्र बंशीधर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

तहरीर के अनुसार 28 मई 2023 को 11.00 बजे पीड़ित दंपति खेत पर घास काटने गए थे। मेरी पत्नी घास काट कर वापस घर आ रही थी, तभी रास्ते में घात लगाए बैठे प्रदीप पुत्र रोशन लाल निवासी पमरखिरिया व सुखदेव पुत्र वंशीधर निवासी अर्जुनपुर ने मेरी पत्नी को बुरी नियत से पकड़ लिया और जमीन पर गिरा लिया। अपमानित करने के इरादे से जातिसूचक गालियां देते हुए कहा कि मुकदमे में समझौता नहीं करने दे रही है। इसके बाद दोनों आरोपितों ने पत्नी को तमंचे के बल पर धमका कर मुंह दबाकर गलत काम करने का प्रयास किया और उसका ब्लाउज फाड़ दिया। विरोध करने पर मेरी पत्नी के साथ मारपीट की। चीख पुकार पर होने पर मैं मौके पर पहुंचा तो दोनों लोग मेरी पत्नी के साथ मारपीट कर रहे थ तथा उक्त दोनों आरोपितों ने मेरे साथ भी मारपीट की। मारपीट में मेरी पत्नी के शरीर पर कई जगह चोटें आईं। चोटों का मेडिकल मोहम्मदाबाद सीएचसी पर कराया।

घटना की तहरीर देने के बाद भी मेरापुर थाना पुलिस व पुलिस अधीक्षक स्तर से कोई कार्यवाही आरोपितों के विरुद्ध नहीं की गई। तब जाकर न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर मेरापुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच कायमगंज क्षेत्राधिकारी जय सिंह परिहार के सुपुर्द की गई।

# आमने-सामने बाइकों की भिड़ंत में चालक छात्र सहित दो घायल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**



घटनास्थल पर घायल को उठाती पुलिस

रोशनाबाद-फर्रुखाबाद मुख्य मार्ग पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय इंटर कालेज के सामने दो बाइक सवारों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवार युवक घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी भिजवाया गया।

जानकारी के अनुसार फर्रुखाबाद से शमसाबाद आ रहे साकेब पुत्र मीर खां निवासी शेरवानी टोला शमसाबाद अपनी बुलेट बाइक संख्या यूपी76एक्यू1444 से आ रहा था, तभी कुइयांधीर के एक विद्यालय से पढ़कर बाइक संख्या यू.पी.30 एबी9066 से अपने घर सुतहड़ी जा रहा मैनुद्दीन पुत्र मोहम्मद यासीन साकेब की बाइक से टकरा गया। जिससे दोनों बाइक सवार गिर गये। घटना को देख आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने दोनो बाइक सवार युवकों को उठाया। मैनुद्दीन की हालत गंभीर होने पर उसे ग्रामीणों ने निजी चिकित्सक के यहां भिजवा दिया। तब तक किसी ने डायल 112 पर कॉल कर सूचना दे दी। कुछ ही समय में 112 मौके पर पहुंची और घटनास्थल पर ग्रामीणों से जानकारी की तथा घायल युवक साकेब को इलाज हेतु सीएचसी भिजवाया। समाचार लिखे जाने तक दोनों का इलाज जारी था।

# सूक्ष्म, लघु उद्योग एवं रेशम कैबिनेट मंत्री ने भाजपा जिलाध्यक्ष की मां को दी श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जिलाध्यक्ष के घर पर मौजूद कैबिनेट मंत्री

प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु उद्योग एवं रेशम कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने मंगलवार को फर्रुखाबाद आकर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता के निवास पर उनकी दिवंगत माता की फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने रूपेश गुप्ता तथा उनके परिवारजनों से उनकी माता के बारे में पूछा। जिस पर जिलाध्यक्ष ने अपनी माता के कुछ पुराने संस्मरण बताए। जिलाध्यक्ष अपनी माता को याद कर काफी भाव विभोर हो गए। इस पर मंत्री ने उनको काफी ढांढस बंधाया। इस मौके पर मुख्य रूप से कुलदीप गंगवार अध्यक्ष कोऑपरेटिव, हिमांशु गुप्ता जिला महामंत्री, अमरदीप दीक्षित जिला मंत्री, अजीत पांडे महामंत्री किसान मोर्चा, मुकेश गुप्ता जिला संयोजक चुनाव प्रबंधन, वीरेंद्र कठेरिया जिला उपाध्यक्ष, संजीव गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष, विश्वास गुप्ता, अभिषेक बाजपेई जिला सोशल मीडिया प्रभारी, अश्नील दिवाकर जिला उपाध्यक्ष, कृष्ण कुमार मिश्रा, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी तथा यीशु गुप्ता सहित कई भाजपाई मौजूद रहे।

# एसडीएम के निरीक्षण में अपने बच्चे को खिलाते मिले प्रधानाचार्य

- आसान से सवाल का उत्तर नहीं दे सके कक्षा सात के छात्र-छात्रायें
- एमडीएम में बच्चों को कभी भी नहीं दिया जाता दूध तथा फल

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**



प्रधानाचार्य से पूछताछ करते एसडीएम

शिक्षा व्यवस्था की हकीकत परखने निकले उप जिलाधिकारी को दाल में कुछ काला नहीं, बल्कि पूरी दाल ही काली मिली। जिस पर उप जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य को शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ एमडीएम व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी डॉक्टर वीके सिंह द्वारा बेहतर शिक्षा तथा खाने की गुणवत्ता को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि सभी अधिकारी विद्यालयों में जाकर निरीक्षण कर कमियां दूर करें। जिसको लेकर आज उप जिला अधिकारी अतुल कुमार ने हरसिंहपुर पूर्व माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जब उप जिला अधिकारी अंदर पहुंचे, तो देखा की प्रधानाचार्य गले में गमछा डाले हुए अपने बच्चों को खिलाते हुए मिले।

उप जिला अधिकारी के द्वारा उपस्थिति रजिस्टर मांगा गया, तो प्रधानाचार्य बंगले झांकते नजर आए। जब बच्चों से एक आसान सवाल उप जिलाधिकारी ने ब्लैक बोर्ड पर लिखवाया तो बच्चों ने कहा कि इस तरह का सवाल नहीं पढ़ाया जाता है। हालांकि उप जिला अधिकारी के द्वारा कक्षा 7 की किताब से सवाल दिया गया था। जब बच्चों से खाने के बारे में पूछा तो बच्चों ने गुहार लगाते हुए कहा कि साहब प्रधानाचार्य के द्वारा चावल, तहरी, दाल चावल के अलावा कभी कभार रोटी सब्जी मिलती है। फल व दूध नहीं मिलता व स्कूल रजिस्टर में कुल 57 बच्चे अंकित पाए गए, लेकिन मौके पर हालात कुछ और ही मिले। एमडीएम रजिस्टर में बच्चे अंकित नहीं मिले। वहीं उप जिला अधिकारी के द्वारा शिक्षा व्यवस्था सुधारने को लेकर कहां, तो प्रधानाचार्य से बोले की गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों में बच्चे पढ़ने के लिए जाते हैं। इसीलिए छात्रों की संख्या कम है।

उसके बाद उन्होंने कहा कि पूरे जिले में यही एमडीएम का हाल है। उप जिला अधिकारी के निरीक्षण में 18 बच्चे उपस्थिति मिले। जब प्रधानाचार्य से खाद्यान्न रजिस्टर मांगा, तो देखा कि उसमें राशन नहीं चढ़ा था जिसको लेकर जब पूछा तो प्रधानाचार्य ने बताया कि यह राशन गांव में किसी व्यक्ति के यहां रखा है। कोटेदार सीधे राशन हमें नहीं देता है।

# फतेहगढ़ में दूसरे दिन भी अवैध अतिक्रमण पर चली जेसीबी

- पॉलीथिन बरामद होने पर किया चालान
- कई जगह दुकानदारों से हुई नोकझोंक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

व्यापारियों द्वारा दुकान के बाहर फुटपाथ पर सामान रख लेने से यातायात अवरुद्ध होने पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इससे निजात दिलाने के लिए जिलाधिकारी के आदेश पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार की अगुवाई में फुटपाथ खाली कराये जाने का अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में बुधवार को भी कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र कचहरी पुलिस लाइन मार्ग पर स्थित दुकानदारों को फुटपाथ खाली करने की हिदायत दी और जो अवैध तरीके से अतिक्रमण दिखायी दिया उसे जेसीबी से हटवाया गया। इस दौरान कई व्यापारियों की नगर पालिका कर्मियों से नोकझोंक हुई। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ने साफ तौर पर व्यापारियों से कह दिया कि आपका जो भी व्यापार से संबंधित सामान है वह दुकान के अंदर रखे। फुटपाथ पर न लगाये। इसके लगा देने से यातायात अवरुद्ध हो जाता है कभी-कभी घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस दौरान नगर पालिका कर्मियों से कई जगह कचहरी के निकट पुराने पुलिस आफिस के आसपास अतिक्रमण हटवाते समय दुकानदारों से तीखी नोकझोंक हुई। कोई अपने कागज होने की बात कह रहा है तो कोई कह रहा है कि हमें कोई सूचना दी गई, लेकिन पालिका कर्मियों के आगे किसी की एक नहीं चली। जिन्होंने अतिक्रमण कर रखा था उनका जेसीबी से हटावाया गया। इस दौरान एक दुकान पर प्रतिबंधित पॉलीथिन मिलने पर एक हजार रुपये का चालान काटा गया और दुकानदार को हिदायत दी कि दोबारा पॉलीथि दुकान पर पायी गई तो चालान के साथ-साथ अन्य कार्यवाही भी की जायेगी। इस दौरान नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार, टीएस राजकमल, चीफ विजेन्द्र कुमार, बाबू अमित सक्सेना, विजय आदि नगर पालिका कर्मी अभियान के दौरान मौजूद रहे। किसी प्रकार का कोई वाद-विवाद न हो उसके लिए फतेहगढ़ पुलिस भी मौजूद रही।


अवैध अतिक्रमण हटाती जेसीबी


पॉलीथिन बरामद करते नगर पालिका कर्मी

# मण्डी में आलू की आमद रही 15 हजार पैकेट, भाव 2540 रहा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सातनपुर आलू मण्डी में बुधवार को आमद अच्छी रही। मीडियम आलू भाव 1 हजार रुपये से लेकर 1050 रुपये रहा। वहीं बड़े साइज का बढ़िया आलू का भाव 1200 रुपये से लेकर 1270 रुपये रहा।

आढ़ती ओमप्रकाश सेतिया ने बताया कि बुधवार को मण्डी में लगभग 15 हजार पैकेट आलू की आमद रही। भाव में मामूली गिरावट के साथ निबल आलू एक हजार रुपये से 1050 रुपये पैकेट आलू बिका। वहीं सुपर छट्टा आलू 1200 रुपये से 1270 रुपये पैकेट आलू का भाव रहा। आलू मण्डी में दिन पर दिन आलू की आमद बढ़ती जा रही है, जिससे बाहर के व्यापारी भी आकर ढेरा जमाये है। जनपद के अलावा बाहर के व्यापारियों ने आकर आलू खरीदा। मण्डी में इस सत्र का सबसे अच्छा दिन बुधवार को माना गया है। जिसमें आमद बढ़ी और साथ ही साथ आलू की खरीददारी हुई। शहर के व्यापारियों के अलावा बाहर के व्यापारियों ने आलू खरीदा। कानपुर, इलाहाबाद व बिहार के व्यापारियों ने आलू खरीद कर मोटर लोड कराये। दिनों-दिन आलू की आमद बढ़ रही है और भाव में गिरावट शुरु हो गयी है।

# जनपद में 3183 बच्चों ने एनएएस की दी परीक्षा


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करतीं प्रतिभा मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के 125 केंद्रों पर परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण का आयोजन किया गया। यह सर्वेक्षण ग्रेड-3, 6 व 9 के लिए किया गया।

ग्रेड-3 में 42 विद्यालय, ग्रेड-6 में 39, ग्रेड-9 में 44 विद्यालयों में एनएएस परीक्षा का आयोजन किया गया। ग्रेड-3 में 45 प्रश्नों के लिए 90 मिनट तथा ग्रेड-9 में 60 प्रश्नों के लिए 120 मिनट का समय निर्धारित था। सर्वेक्षण हेतु सभी एफआई को डायट प्रवक्ता डॉ. अनिल सिंह व डॉ. निधि द्वारा प्रशिक्षण दिया गया था। पूरे जिले में कुल 3183 बच्चों का सर्वेक्षण किया गया। परख सर्वेक्षण के जिला प्रभारी उपशिक्षा निदेशक डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी एवं लखनऊ सीटीई से आयीं प्रतिभा मिश्रा ने यूपीएस गुतासी, रोजी पब्लिक स्कूल, केवीएस फतेहगढ़, महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज, रखा बालिका इंटर कालेज आदि का भ्रमण किया। पूरे जिले में परख सर्वेक्षण का कार्य शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी ने आभार जताया। बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद मौजूद रहे।

# गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव ब्राहिमपुर जागीर निवासी रुमादेवी उम्र 24 वर्षीय पत्नी सुखवीर घर के दरवाजे पर बैठी थी, तभी पड़ोसन बसन्ती पत्नी रामनिवास, बेटा रिंकू, बेटी राधिका ने आते ही हमारे साथ गाली-गलौज करने लगी। मेरे द्वारा गाली देने का विरोध करने पर उक्त लोगों ने हमें लाठी-डन्डों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर रुमादेवी का मेडीकल परीक्षण करवाया।

# भाकियू श्रमिक जनशक्ति की युवा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बनी मोनिका त्रिवेदी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह यादव ने युवा महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष मोनिका त्रिवेदी को बनाया। साथ ही अन्य पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी।

भाकियू श्रमिक जनशक्ति की बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए पदाधिकारी बनाये गये और उन्हें मनोनयन पत्र सौंपे गये। जिला उपाध्यक्ष सर्वेश यादव ने मोनिका त्रिवेदी को महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाया। साथ ही मण्डल अध्यक्ष डॉ. ज़ाकिर हुसैन, जिला संगठन मंत्री अब्दुल कुद्दूश, तहसील सदर प्रभारी डॉ. तैजीव खान ने सदस्यता अभियान शुरू किया। खजिना बेगम को जिला सचिव, साहिजाना जिला कार्यकारिणी सदस्य, उमाकांत को तहसील सचिव पद पर नियुक्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। सर्वेश सिंह यादव ने मोनिका त्रिवेदी को युवा जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा पद पर आसीन करते हुए महिला संगठन को आगे बढ़ाने पर जोर दिया और भरोसा दिलाया है और कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव व महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष क्षमा बाजपेयी के निर्देशानुसार मनोनयन किया गया है। सभी लोग भाकियू जन शक्ति संगठन को मजबूत करने व किसानों की समस्याओं का निराकरण कराने का कार्य करेंगे।


महिला जिलाध्यक्ष को नियुक्ति पत्र देते सर्वेश यादव


# आई पीएम ग्राम कीरतपुर में किसान पाठशाला में जैविक फसल करने पर दिया गया जोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आई पीएम ग्राम कीरतपुर में किसान पाठशाला का अयोजन किया गया। किसानों को रबी फसलों की उन्नतशील तकनीकी की जानकारी दी गई। किसानों को जैविक फसलों के बढ़ावा देने पर जोर दिया गया, साथ ही जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत एवं दस्पर्णी अर्क का उपयोग बताते हुए इनको बनाने की विधि पर विस्तृत चर्चा की गई। किसान पाठशाला की अध्यक्षता अशोक कटियार एवं सहजादे लाल ने की।

कृषि विभाग के अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह (एडीओ कृषि रक्षा), निर्मल कुमार (प्राविधिक सहायक), रामप्रकाश (वरिष्ठा प्राविधिक सहायक) उपस्थित रहे। फसल अवशेष प्रबंधन हेतु वेस्ट डी कंपोजर का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर राम सिंह, निर्मल कटियार, घनश्याम, सूरजपाल, राजेंद्र सिंह, अनुज कटियार, सुधीर कुमार, ग्रीश चंद्र, किशोर कुमार, रामतीर्थ, संजय कटियार, शिवानंद आदि मौजूद रहे।


किसानों को किटे वितरित करते अधिकारी


कराटे खिलाड़ी अर्पिता भारद्वाज व आरव

# अर्पिता भारद्वाज का सब जूनियर प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गायत्री इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा अर्पिता भारद्वाज का चयन लखनऊ चौक स्टेडियम में होने वाली दो दिवसीय प्रतियोगिता 7 व 8 नवम्बर को होगी। एसोसिएशन के सचिव व कोच पारस भारद्वाज ने बताया कि गायत्री इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन मनोज अग्रवाल व डायरेक्टर देवांश अग्रवाल ने चयन होने पर अर्पिता को बधाई दी। प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा हम बच्चों की पढ़ाई के साथ खेल के लिए बच्चों का ध्यान रखते हैं और उन्होंने आशिर्वाद दिया। अर्पिता के नेशनल में चयन होने पर जनपद के लिए उपलब्धि है, साथ ही अर्पिता के साथ-साथ पाखी सक्सेना व आरव रस्तोगी का भी चयन हुआ है।

# विद्यालय में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति का दिलाया गया संकल्प

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में नव गठित स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक में बड़े ही उत्साह के साथ भाग लेकर बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति का संकल्प लिया गया। बुधवार को विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदापुर में प्रबंधन समिति के सचिव व प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ला ने एसएमसी गठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी बताई। उन्होंने कहा कि छमाही परीक्षा, द्वितीय सत्र परीक्षा, निपुण एसेसमेंट टेस्ट और मार्च में वार्षिक परीक्षा होगी। अतः सभी बच्चों नियमित स्कूल आना जरूरी है। बच्चों की नियमित उपस्थिति में स्कूल प्रबंधन समिति, ग्राम शिक्षा समिति, पीटीएम, एमटीएम, मां समूह आदि को सक्रिय सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि एसएमसी की बैठक हर माह के पहले बुधवार को होती है। बैठक में खेतल सिंह, जयवीर, राजेन्द्र, नीरज, मोहिनी, नीलम, चंचला, इसरार, मीना, रामदेवी, वर्षा, ऊषा, रागिनी, अंजू, रेनू, नफीसा, रामप्यारी, मानदेवी आदि उपस्थित रहे।


नव गठित स्कूल प्रबंधन समिति को संशोधित करते हुए राजकिशोर शुक्ल

# बीवीडीसी में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ शुभारम्भ

- कई प्रतियोगिताओं में छात्रा माण्डवी सोमवंशी रही अव्वल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बद्री विशाल महाविद्यालय में 60वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पूर्व उप प्राचार्या डॉ. माधुरी दुबे का बैच व कैप लगाकर बुके देकर स्वागत किया गया।

प्राचार्या डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी द्वारा महाविद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि का शाल ओड़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर गुब्बारे उड़ाकर शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाकर किया गया।

पूर्व चैम्पियन मनीष एवं मांडवी द्वारा मशाल जलाकर क्रीड़ा प्रांगण का चक्कर लगाया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने प्रतिभागियों को कार्यक्रम में सहभागिता की शपथ दिलायी।

मुख्य अतिथि डॉ. माधुरी दुबे ने कहा कि छात्रों को जिज्ञासा एवं धैर्य एवं एकाग्र को सफलता के सूत्र के रुप में अपनाने को कहा। तीन दिवसीय कार्यक्रम का आरम्भ आतिशबाजी के साथ हुआ। 100 मीटर छात्र वर्ग दौड़ में अमन यादव प्रथम, सत्यम पाण्डेय द्वितीय, श्रेयांश सिंह तृतीय रहे। 100 मीटर छात्रा वर्ग में मांडवी सोमवंशी प्रथम, स्वाती कठेरिया द्वितीय, चांदनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद प्रतियोगिता में देवेश तिवारी प्रथम, गोपाल द्वितीय, श्रेयांश सिंह तृतीय रहे। 1500 मीटर छात्र वर्ग दौड़ में सोमधीर प्रथम, अमन यादव द्वितीय, देवेश तिवारी तृतीय रहे।

1500 मीटर छात्रा वर्ग में मांडवी सोमवंशी प्रथम, मानसी द्वितीय, मनु वर्मा तृतीय रही। शॉटपुट छात्र वर्ग प्रतियोगिता में गोपाल प्रथम, सत्यम पाण्डेय द्वितीय, दीपांशू पाण्डेय तृतीय रहे। शॉटपुट छात्रा वर्ग में मानसी प्रथम, जूली द्वितीय, स्वेता यादव तृतीय रही। प्रथम दिवस पर 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अमन यादव प्रथम, अभिषेक यादव द्वितीय व अनुराग तृतीय रहे। छात्रा वर्ग में मांडवी सोमवंशी प्रथम, स्वाती कठेरिया द्वितीय, शिवानी तिवारी तृतीय रही। इस अवसर पर प्रो डॉ. जयश्री मिश्रा, डॉ. रंजना सिंह, डॉ. प्रभात सिंह, असिस्टेंट प्रो. अभिषेक शुक्ला, राहुल, डॉ. शशिकांत त्रिपाठी, डॉ. सुरेन्द्र सिंह, डॉ. रजनी रानी, डॉ. अर्चना पाण्डेय, अवधेश सिंह, डॉ. प्राची, मनीष, डॉ. जकील अहमद, डॉ. राजू सिंह, सुरेन्द्र कुमार, डॉ. संतोष कुमार द्विवेदी आदि अध्यापक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।


दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र

# एथलेटिक्स एसो. प्रतियोगिता के संजीव कटियार बने प्रभारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला स्तरीय एथलेटिक्स अंडर-14 से 16 आयु वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में 23 व 24 दिसम्बर को होना है। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार को प्रतियोगिता का प्रभारी नामित किया गया है। समस्त प्रतियोगिता प्रभारी संजीव कटियार के निर्देशन में सम्पन्न होगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी फरवरी माह में गुजरात में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगें। साथ ही अवगत कराया गया है कि अंडर-14 बालक एवं बालिका वर्ग, अंडर 16 बालक एवं बालिका वर्ग की प्रतियोगितायें होगीं। जिसके लिए खिलाड़ी अपने प्रपत्रों के साथ रजिस्ट्रेशन कराये। यह जानकारी एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव योगेश शुक्ला ने दी है।


संजीव कटियार

# अधिवक्ता परिषद काशी इकाई के तत्वावधान में संविधान दिवस पर हुई विधिक गोष्ठी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अधिवक्ता परिषद काशी इकाई के तत्वावधान में तिर्वा कोठी फतेहगढ़ में संविधान दिवस के अवसर पर विधिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में राजेंद्र कुमार त्रिपाठी अध्यक्ष अधिवक्ता परिषद काशी, मुख्य वक्ता श्री किशोर मिश्र अध्यक्ष अधिवक्ता संघ फतेहगढ़ मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला इकाई अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने की। अतिथियों ने भारत माता और डॉ अम्बेडकर के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् गीत के साथ हुआ। उसके पश्चात अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने अधिवक्ता परिषद के लक्ष्य एवं दृष्टि पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि परिषद के प्रत्येक सदस्य राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने के लिए कृत संकल्पित हूँ। काशी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भानु प्रकाश मिश्र ने कहा कि न्याय प्रणाली में सुधार व्यक्तिगत कार्यो में श्रेष्ठता स्वभाव में सरलता एवं राष्ट्र के उत्कर्ष के लिए बड़े पैमाने पर अधिवक्ता परिषद के प्रत्येक सदस्य समर्पित रहते हैं। यही लक्ष्य है। मुख्य अतिथि राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने संविधान के सिद्धांतों को प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश चलाने के लिए एक कानून की आवश्यकता थी। उसके लिए 308 सदस्यों ने बड़ी बारीकी के साथ संविधान को लिखा, जो तीन प्रतियों में तैयार किया गया।

इस मौके पर श्री किशोर मिश्र व संतोष कुमार ने भी संबोधित किया। इस मौके पर सत्येंद्र कुमार पाठक, भानु प्रकाश मिश्र, संतोष कुमार सिंह, हरि प्रकाश मिश्र, अजय कुमार दुबे, गौरव मिश्र, प्रदीप अग्निहोत्री, अभिषेक मिश्र, बादाम सिंह, अखिल पाठक, शहनवाज, हिमांशु कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# मंडी शुल्क की नई व्यवस्था के विरोध में धरने पर बैठे व्यापारी

- जानकारी पर पहुंचे एसडीएम के आश्वासन पर समाप्त किया धरना
- भाकियू स्वराज गुट ने भ्रष्ट जेई के खिलाफ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवीन मन्डी समिति में मण्डी शुल्क की नई व्यवस्था लागू करने के विरोध में व्यापारी सुबह करीब 5 बजे मंडी समिति के गेट पर धरने पर बैठ गये। इस दौरान फल सब्जी लेकर आने वाले किसानों को हड़ताल की बात कहकर वापस लौटा दिया। जिससे मंडी में कामकाज पूरी तरह ठप रहा। हड़ताल की सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी/मंडी सभापति रवेन्द्र सिंह, मन्डी सचिव नागेन्द्र सिंह सहित पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर व्यापारियो से वार्ता कर समस्या का समाधान करने का प्रयास किया। व्यापारियों ने कहा कि हम मन्डी शुल्क देने को तैयार हैं, लेकिन हर माल पर गेट पास शुल्क की पर्ची कटवाना व्यवहारिक नहीं है। इस पर उपजिलाधिकारी सभापति ने पुराने नियमों के तहत काम करने का अश्वासन देकर व्यापारियों की हड़ताल समाप्त करवाई। जिससे करीब चार घंटे मंडी का कामकाज ठप रहा। इस दौरान व्यापार मण्डल के नेता संजय गुप्ता, अमित सेठ, मनोज कौशल मौजद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन देते व्यापारी

**वहीं दूसरी ओर** कायमगंज भारतीय किसान यूनियन स्वराज के जिला अध्यक्ष कुलदीप पांडे ने जिला महामंत्री मंजेश यादव के साथ तहसील परिसर में पहुंचकर विभिन्न समस्याओ को लेकर धरना प्रदर्शन कर मुख्यमन्त्री सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी रवेन्द्र सिंह को सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि दिनांक 04.12.2024 को कासगंज पुलिस की भ्रष्ट कार शैली को देखते हुए तथा नवाबगंज बिजली घर मे तैनात जेई हर्ष कुमार के द्वारा किसानों को तानाशाही दिखाई जाती है तथा अपने चहेते लाइन मैन प्रदीप कुमार से अवैध वसूली कराई जाती है। दिन भर केबिल काटने का दौर चलता है जो शाम को एक केबिल जोड़ने के 500 रुपये लिये जाते हैं। न देने पर जेई के द्वारा हरिजन एक्ट का मुकदमा लगाने की धमकी दी जाती है। जिससे आम जनता में भय व्याप्त है तथा जो संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है। विद्युत अनिधिनियम 200, 3 की धारा 56 के अन्तर्गत किसी व्यक्ति को नोटिस दिए बगैर उसका कनेक्शन नहीं काटा सा सकता है, लेकिन जेई अपनी तानाशाही से जिसका कनेक्शन चाहते है उसका काट देते हैं। उक्त समस्याओं पर 10 दिन के अन्दर कोई कार्यवाही नहीं की गई तो भारतीय किसान यूनियन स्वराज कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा एवं जिला महामंत्री मंजेश यादव, नगर उपाध्यक्ष हिमांशु कौशल, नवाबगंज नगर अध्यक्ष पप्पू राठौर, अमित ठाकुर, आशु ठाकुर, पप्पू राठौर, कुलदीप सक्सेना, रवि शर्मा, विनीत राठौर, विशाल राठौर, संजय शर्मा, संजय, चमन राठौड़ लोग मौजूद रहे।

# नौसेना ने ऑपरेशनल डेमो में दिखाई ताकत

## नौसेना बैंड की मधुर ध्वनि के बीच सलामी के बाद राष्ट्रपति ने परेड का किया निरीक्षण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने बुधवार को 24वें नौसेना दिवस पर ओडिशा में पुरी के ब्लू फ्लैग बीच पर ऑपरेशनल प्रदर्शन (ऑप डेमो) के माध्यम से अपनी ऑपरेशनल शक्ति का प्रदर्शन किया।

भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के समक्ष हुए ऑपरेशन डेमो के लिए 3500 से अधिक कर्मियों को समुद्र में प्लेटफॉर्म पर तैनात किया गया और 350 कर्मी तट पर समन्वय में शामिल हुए। राष्ट्रपति मुर्मु को पहुंचने पर सबसे पहले गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने नौसेना बैंड की मधुर ध्वनि के बीच परेड का निरीक्षण किया, जिसके बाद उन्हें सलामी दी गई। राष्ट्रपति के मंच पर पहुंचने के बाद हवाक एयरक्राफ्ट से बमबारी का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद चेतक हेलीकॉप्टरों ने आसमान में नौसेना का ध्वज फहराकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की।



**एरियल, मार्कोस, एम्फीबियस, डेमो, सबमरीन सेल पास्ट, एरियल और सरफेस फायरिंग का भी प्रदर्शन**

इसके बाद मार्कोस कमांडो ने एडवांस लाइट हेलीकॉप्टरों से समुद्र में उतरकर तट पर दुश्मनों की चौकी को नष्ट करके बंधक को छुड़ाने का प्रदर्शन करके बंधक को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। मरीन कमांडो ऑपरेशन पूरा करने के बाद रस्सी की सहायता से हेलीकॉप्टरों पर सवार होकर लौट गए। इसके बाद एरियल, मार्कोस, एम्फीबियस, डेमो, सबमरीन सेल पास्ट, एरियल और सरफेस फायरिंग का भी प्रदर्शन किया गया। नौसेना के कैप्टन विवेक मधवाल ने बताया कि ऑपरेशन डेमो में 90 हजार टन के संयुक्त भार वाली इकाइयां शामिल हुईं, जिनके पास 300 किलोमीटर के दायरे में सतह, उप-सतह या हवा से आने वाले किसी भी खतरे को बेअसर करने की क्षमता वाले हथियार और सेंसर थे। यह दूसरी बार है, जब किसी बड़े नौसैनिक स्टेशन के अलावा किसी अन्य समुद्री तट पर नौसेना दिवस मनाया गया है।

पिछले साल नौसेना दिवस पर भारत के पश्चिमी समुद्र तट पर सिंधुदुर्ग किले में जहाजों और विमानों के जरिये ऑपरेशनल प्रदर्शन करके भारत के परिचालन कौशल और क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया था। भारतीय नौसेना पाकिस्तान के साथ 1971 के युद्ध के दौरान कराची बंदरगाह पर नौसेना के दुस्साहसिक हमले ऑपरेशन ट्राइडेंट की याद में 04 दिसंबर को नौसेना दिवस मनाती है।

सागर परिक्रमा पर निकलीं आईएनएसवी तारिणी पर सवार लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए ने नौसेना के दक्षिणी प्लेटफॉर्म दक्षिणी महासागर से हर भारतीय को नौसेना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने इस अवसर पर कहा कि नौसेना ओडिशा के साथ ऐतिहासिक और रणनीतिक संबंध साझा करती है। प्राचीन ओडिशा अपने व्यापक समुद्री संबंधों के लिए प्रसिद्ध था, जो इसकी पहचान और समृद्धि के लिए थे। ओडिशा एक प्रमुख समुद्री शक्ति थी, जिसकी बंगाल की खाड़ी में विदेशी व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की समृद्ध परंपरा थी। ओडिशा के व्यापारी और नाविक लंबी यात्राओं पर निकलते थे, जिससे दूर-दूर के देशों के साथ संबंध बनते थे। नौसेना दिवस समारोह में भारतीय नौसेना की स्वदेशी अत्याधुनिक तकनीक का प्रदर्शन किया गया, जो भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का माध्यम था। इसके अलावा नौसेना ने क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (सागर) के दृष्टिकोण से निर्देशित हिंद महासागर क्षेत्र में पसंदीदा सुरक्षा साझेदार और प्रथम प्रतिक्रिया बनने का संकल्प भी लिया।

## चूरू-हनुमानगढ़ मेगा हाई-वे पर सफारी-कैंटर की टक्कर में पांच लोगों की मौत

**चूरू।** राजस्थान में चूरू जिले के सरदारशहर में चूरू-हनुमानगढ़ मेगा हाई-वे पर कैंटर और टाटा सफारी गाड़ी की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। कैंटर ड्राइवर समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । दोनों को बीकानेर रेफर किया गया है। कार सवार लोग गाड़ी में बुरी तरह फंस गए थे। उन्हें निकालने के लिए क्रेन बुलानी पड़ी। दो घंटे की मशक्कत के बाद घायलों को निकाला जा सका। थानाधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि टाटा सफारी गाड़ी में सवार सभी लोग सरदारशहर से हनुमानगढ़ की ओर जा रहे थे। हनुमानगढ़ रोड मेगा हाई-वे पर बुकनसर फांटा के पास तीन दिसंबर की रात हनुमानगढ़ की ओर से आ रहे कैंटर से सफारी की आमने-सामने की टक्कर हो गई। सूचना मिलने पर डीएसपी रामेश्वर लाल भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को राहगीरों की मदद से सरदारशहर अस्पताल पहुंचाया। हादसे में सफारी गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# पर्थ टेस्ट में जीत से बढ़ा टीम का आत्मविश्वास : लोकेश राहुल

एजेंसी



**एडिलेड।** भारतीय क्रिकेट टीम इस समय पांच मैचों की टेस्ट सीरीज (बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी) के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। सीरीज का पहला टेस्ट पर्थ में खेला जा चुका है। पहले मैच में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया को 295 रनों से हराकर सीरीज में 1-0 से आगे है। अब 06 दिसंबर से एडिलेड में दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट (पिंक बॉल) खेला जाएगा।

मैच से पहले भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा कि पर्थ टेस्ट में जीत से टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है। राहुल ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हम जिस तरह से खेले उससे वाकई बहुत खुश हैं और जब आप ऑस्ट्रेलिया जाते हैं, पहला मैच जीतते हैं और उसे उस तरह से जीतते हैं जैसा हमने पर्थ में जीता, तो इससे आपको बहुत आत्मविश्वास मिलता है। मेरा मतलब है कि पर्थ के बारे में बहुत कुछ कहा जाता है कि यह ऑस्ट्रेलिया का सबसे तेज विकेट है और यहां आने वाली टीमों को वास्तव में यहां संघर्ष करना पड़ता है। तो हां, हमे इससे काफी आत्मविश्वास मिला है। इस सवाल पर कि आप किस स्थान पर बल्लेबाजी करेंगे उन्होंने एक अजीब जवाब दिया। राहुल ने कहा कि मुझे तो बताया गया है, लेकिन मुझे यह भी कहा गया है कि यह किसी से साझा न करूं। आपको पहले दिन (टेस्ट के) या शायद कल (गुरुवार) कप्तान (रोहित शर्मा) के आने का इंतजार करना होगा। राहुल ने इसके बाद कहा कि मैं बस प्लेइंग इलेवन में रहना चाहता हूं और टीम के लिए बल्लेबाजी करना चाहता हूं।

# चीन ने अमेरिका को दिया तगड़ा जवाब दुर्लभ खनिज निर्यात पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी

**बीजिंग/वाशिंगटन।** चीन ने संयुक्त राज्य अमेरिका को जैसे को तैसा शैली में जवाब दिया है। चीन ने अमेरिका को किए जाने वाले दुर्लभ खनिज निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। इससे एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के प्रशासन ने चीन को उन्नत अमेरिकी प्रौद्योगिकी की बिक्री पर प्रतिबंध की अवधि बढ़ा दी थी।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने मंगलवार को कहा कि वह संयुक्त राज्य अमेरिका को दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा रहा है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका को गैलियम, जर्मेनियम, एंटीमोनी और सुपरहार्ड सामग्री की बिक्री तुरंत रोकी जा रही है। अगर ग्रेफाइट का निर्यात किया भी जाएगा तो कड़ी समीक्षा के बाद। दुनिया की दो महाशक्तियों के बीच इस टकराव से वैश्विक परिदृश्य बड़े बदलाव की संभावना बढ़ गई है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने पहले ही अधिक कठोर नीति का वादा कर रखा है। वह चीन से आने वाले सामान पर भारी टैरिफ लगाने की घोषणा कर चुके हैं। अमेरिका और चीन के यह प्रतिबंध ट्रंप के व्हाइट हाउस में प्रवेश के साथ और अधिक आर्थिक संघर्ष का संकेत दे रहे हैं। चीन सेमीकंडक्टर जैसी उन्नत प्रौद्योगिकी को बनाने के लिए आवश्यक दुनिया की लगभग सभी महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति का उत्पादन करता है।



**चीनी दबाव के आगे झुका नेपाल**

**काठमांडू।** नेपाल और चीन के बीच अंततः बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव परियोजनाओं के कार्यान्वयन को लेकर एक फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर हो गए हैं। प्रधानमंत्री केपी ओली के चीन भ्रमण के आखिरी दिन बुधवार को बीजिंग में नेपाल के विदेश सचिव अमृत राई और चीन की तरफ से नेशनल डेवलपमेंट एंड रिफॉर्म कमिशन के उपाध्यक्ष ली सुशे ने बीआरआई फ्रेमवर्क सहयोग नामक दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री ओली के सचिवालय ने बीआरआई समझौते पर हस्ताक्षर होने की जानकारी देते हुए एक फोटो सार्वजनिक किया है। इस तस्वीर में न तो प्रधानमंत्री खुद दिख रहे हैं और न ही विदेश मंत्री डॉ. आरजू देउवा दिख रही हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता कृष्ण प्रसाद ढकाल ने बताया कि नेपाल की तरफ से प्रस्तावित अनुदान शब्द को हटाकर उसमें सहयोग शब्द लिखने के बाद हस्ताक्षर हुए हैं।

## गरीबों के लिए सौर ऊर्जा की कई योजनाएं उपलब्ध : सरकार

**नयी दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि गरीबों और आदिवासी क्षेत्रों के अत्यधिक गरीब लोगों को सौर ऊर्जा जैसी कई योजनाएं उपलब्ध हैं और ऐसे लोगों को प्रधानमंत्री सूर्य मुफ्त बिजली जैसी योजना का लाभ लेना चाहिए। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में यह जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने गरीब से गरीब व्यक्ति को बिजली उपलब्ध कराने के लिए पीएम सौर ऊर्जा योजना बनाई हैं और इनका निशुल्क लाभ देश के आदिवासी तथा दूसरे क्षेत्र के सभी गरीबों को दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को पक्के घर दिए जा रहे हैं और उसके तहत हर घर के ऊपर एक किलोवाट अक्षय ऊर्जा पैदा कराने की सुविधा भी दी जा रही हैं। इस योजना से गरीब बिजली पैदा कर सकता है और उसमें जो बिजली बचे, उस ऊर्जा को वह सरकार को बेच कर लाभ कमा सकता है।

# लाइसेंसिंग व सत्यापन प्रक्रिया सरल बनाने को ईमैप विकसित कर रहा केंद्र

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार राज्य विधिक मापविज्ञान विभागों और उनके पोर्टलों को एकीकृत राष्ट्रीय प्रणाली में समायोजित करने के लिए राष्ट्रीय विधिक मापविज्ञान पोर्टल विकसित कर रही है। इस पहल का उद्देश्य लाइसेंस जारी करने, सत्यापन करने और प्रवर्तन और अनुपालन के प्रबंधन की प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना है।

उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि केंद्र सरकार का उपभोक्ता मामले का विभाग ईमैप विकसित कर रहा है। इसका उद्देश्य लाइसेंस जारी करने, सत्यापन करने और प्रवर्तन एवं अनुपालन के प्रबंधन के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। इसके लागू होने पर व्यवसाय और उद्योग जगत ऑनलाइन आवेदन करके कानूनी माप-पद्धति अनुमोदन, लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकते हैं। केंद्रीकृत डेटाबेस होने से ईमैप हितधारकों को कई राज्य पोर्टलों पर पंजीकरण करने की जरूरतें समाप्त हो जाएगी, जिससे व्यापार करने में आसानी होगी और व्यापार नियमों में पारदर्शिता को भी बढ़ावा मिलेगा। पोर्टल के विकास के लिए उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव की अध्यक्षता में एक हाइब्रिड बैठक 28 नवंबर को हुई जिसमें उद्योग और फिक्की, सीआईआई, पीएचडी, एसोचैम जैसे उद्योग संघ, राज्य कानूनी माप विज्ञान विभागों के प्रतिनिधि और एनआईसी की टीम शामिल हुई।

बैठक के दौरान प्राप्त सुझावों की समीक्षा की जा रही है और पोर्टल को कुशल और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने के लिए उन्हें शामिल किया जा रहा है। राज्य सरकारें पैकेज्ड वस्तुओं के पंजीकरण, लाइसेंस जारी करने और तौल एवं माप उपकरणों के सत्यापन एवं मुद्रांकन के लिए स्वयं के पोर्टल का उपयोग कर रही हैं।

# निरीक्षण : सनी लेक आवासीय कॉलोनी में खरीद-फरोख्त पर रोक

समृद्धि न्यूज

**▸ जि. विकास प्राधिकरण से स्वीकृत नक्शों में दर्शाए गए पार्कों की जमीन बेचने का आरोप**

**नैनीताल।** कुमाऊं मंडल के आयुक्त एवं मुख्यमंत्री के सचिव तथा जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक रावत ने बुधवार को जनपद मुख्यालय के निकट शिखर कंस्ट्रक्शन की ओर से डोब ल्वेशाल में सनी लेक प्रोजेक्ट के नाम से बनाई जा रही आवासीय कॉलोनी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला विकास प्राधिकरण से स्वीकृत नक्शों में दर्शाए गए पार्कों की जमीन बेचने के आरोप की सच्चाई परखी और सनी लेक आवासीय कॉलोनी में खरीद-फरोख्त पर रोक लगा दी।

दरअसल, 15-16 लोगों ने उन्हें ई-मेल से शिकायत कर बताया था कि यहां बिल्डर ने जिला विकास प्राधिकरण की ओर से स्वीकृत नक्शे में दर्शाये गये पार्क की जमीन बेच दी है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए आयुक्त ने निरीक्षण किया तो पता चला कि सभी फेज में बने करीब 15 से अधिक पार्क को अवैध तरीकों से बेचा जा चुका है। इस पर आयुक्त ने खरीद फरोख्त पर रोक लगाने और नियमों का पालन नहीं करने वालों पर नियमानुसार आर्थिक दंड या चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नक्शे का बोर्ड लगाने और ठेकेदार का सत्यापन कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त को लोगों ने बताया कि नक्शे के अनुसार एक पार्क की भूमि का नक्शा पहले सिने कलाकार चंद्रचूड़ सिंह के नाम पर था, जो अब शिवम जिंदल को बेच दिया गया है। आयुक्त ने सनी लेक प्रोजेक्ट के फेज 1, 2 और 3 में कई खामियां पाईं। उन्होंने तहसीलदार, वन विभाग और प्राधिकरण के अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए।

## मिशन शक्ति अभियान से लाभान्वित होगा हरिद्वार

**हरिद्वार।** सीडीओ आकांक्षा कोण्डे ने बुधवार को ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस के सुदृढ़ीकरण को लेकर मिशन सशक्त अभियान का शुभारंभ किया। अभियान में जनपद के 10 लाख से अधिक जनमानस लाभान्वित होंगे। इसमें 20 हजार से अधिक गर्भवतियों का पंजीकरण, टीकाकरण, प्रसव पूर्व जांच, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन एवं उनका उपचार, आयरन एवं फोलिक एसिड का वितरण, मातृत्व पोषण पर परामर्श आदि सेवाएं शामिल हैं। सीडीओ ने बताया कि इस कार्यक्रम में एक लाख से अधिक पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को टीकाकरण, कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन एवं उनका उपचार आदि सेवाएं प्रदान की जाएंगी। 20 हजार से अधिक धात्री महिलाओं को स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं प्रदान की जाएंगी। 10 से 19 वर्ष की किशोरी-बालिकाओं को हीमोग्लोबिन की जांच, माहवारी के दौरान स्वच्छता पर परामर्श एवं आयरन फोलिक एसिड का वितरण आदि सेवाएं दी जाएंगी।

# ऋषिकेश में बनेगा आधुनिक राफ्टिंग बेस स्टेशन, 1500 लोगों को मिलेगा रोजगार

**▸ प्रधानमंत्री मोदी के मन में उत्तराखंड के लिए विशेष स्थान : सीएम धामी**

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** केंद्र सरकार ने ऋषिकेश में 100 करोड़ रुपये की लागत से एक आधुनिक राफ्टिंग बेस स्टेशन बनाने की मंजूरी दी है। इस परियोजना से न केवल राफ्टिंग गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा बल्कि लगभग 1500 लोगों को रोजगार भी उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ऋषिकेश राफ्टिंग के लिए प्रमुख डेस्टिनेशन के रूप में अपनी जगह बना चुका है। अब यहां 100 करोड़ की लागत से राफ्टिंग बेस स्टेशन तैयार किए जाने से, राफ्टिंग गतिविधियों के लिए आधारभूत सुविधाएं विकसित हो सकेंगी। इससे ऋषिकेश में राफ्टिंग गतिविधियां तेज होंगी, जिसका लाभ आस पास के क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियां बढ़ने के रूप में मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के तहत राफ्टिंग केंद्रों पर शौचालय, कपड़े बदलने की सुविधा के साथ ही खानपान की सुविधा भी विकसित की जाएंगी। साथ ही तपोवन क्षेत्र में भीड़-भाड़ कम करने के लिए वैकल्पिक मार्गों का भी निर्माण किया जाना है।



इस परियोजना के माध्यम से लगभग 1500 लोगों को रोजगार मिलने का भी अनुमान है। योजना के लिए ज़मीन उपलब्ध कराने में राज्य सरकार पूरा सहयोग देगी। दो वर्ष की तय समय सीमा में इस कार्य को पूरा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन में उत्तराखंड के लिए विशेष स्थान है। यही कारण है कि केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद उत्तराखंड को हर स्तर पर सहयोग मिल रहा है। चारधाम यात्रा मार्ग, कर्णप्रयाग रेल लाइन से लेकर हमारे प्रमुख तीर्थ स्थलों पर हो रहे विकास कार्य इसके उदाहरण है। अब प्रधानमंत्री मोदी ने ऋषिकेश के लिए 100 करोड़ रुपये की विकास परियोजना को मंजूरी प्रदान कर, उत्तराखंड के लोगों को एक और उपहार दिया है। इसके लिए उत्तराखंडवासी उनके हमेशा आभारी रहेंगे।

## एयरोस्पेस मेडिसिन संस्थान की मेजबानी में 63वां वार्षिक सम्मेलन आज से

**नई दिल्ली।** भारतीय एयरोस्पेस मेडिसिन सोसायटी बेंगलुरु के एयरोस्पेस मेडिसिन संस्थान में अपना 63वां वार्षिक सम्मेलन 05 से 07 दिसंबर तक आयोजित कर रही है। सम्मेलन में सौ से अधिक वैज्ञानिक पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इस सम्मेलन का मकसद देश में एयरोस्पेस चिकित्सा अनुसंधान और नीति के भविष्य को आकार देना है। यह संस्थान देश के अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के मानवीय पहलुओं सहित सैन्य और नागरिक एयरोस्पेस चिकित्सा से संबंधित है। भारतीय एयरोस्पेस मेडिसिन सोसायटी को वर्ष 1952 में स्थापित किया गया था, जो भारत में एयरोस्पेस चिकित्सा के ज्ञान और अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए पंजीकृत है। अनुसंधान को आगे बढ़ाने और एयरोमेडिकल चुनौतियों का समाधान खोजने के उद्देश्य से यह सोसायटीवर्ष 1954 से वार्षिक वैज्ञानिक सम्मेलन आयोजित कर रही है। इस सम्मेलन का विषय अनुसंधान के लिए सहयोग है, जो विमानन और अंतरिक्ष चिकित्सा के क्षेत्रों में साझेदारी और नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण पर प्रकाश डालता है।

# महाराष्ट्र चुनाव ने साबित कर दिया एक हैं तो ही सुरक्षित हैं : देवेंद्र फडणवीस

एजेंसी

**मुंबई ।** महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल का नेतृत्व करने के लिए निर्वाचित देवेंद्र फड्णवीस ने बुधवार को विधानसभा चुनावों को ऐतिहासिक्ष् करार दिया और चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक हैं तो सुरक्षित हैं के नारे को दोहराया तथा कहा कि मोदी है तो मुमकिन है।

फडणवीस के कार्यालय से प्राप्त शपथ ग्रहण समारोह के आधिकारिक निमंत्रण पत्र में कहा गया है कि वह 5 दिसंबर को शाम 5.30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में मुंबई के आजाद मैदान में राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। भाजपा विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए भावी मुख्यमंत्री ने बैठक में उपस्थित सभी नेताओं और विधायकों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सर्वसम्मति से उन्हें महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल का नेता चुना। उन्होंने कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार और एनडीए नेता रामदास अठावले का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मैं विधायक दल के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूं कि आप सभी ने सर्वसम्मति से मुझे चुना। इसके अलावा मैं हमारे केंद्रीय पर्यवेक्षकों रूपाणी और निर्मला का भी आभार व्यक्त करता हूं। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि ये ऐतिहासिक चुनाव थे और इन चुनावों ने साबित कर दिया है कि एक हैं तो सुरक्षित हैं और मोदी है तो मुमकिन है। फडणवीस ने कहा कि हमने हरियाणा के साथ अपनी जीत का सिलसिला फिर से शुरू किया है और अब महाराष्ट्र ने इतना प्रचंड जनादेश दिया है कि मैं महाराष्ट्र के मतदाताओं के सामने पूरी तरह से नतमस्तक हूं। मैं सीएम एकनाथ शिंदे जी और डिप्टी सीएम अजीत पवार के साथ-साथ अठावले जी और हमारे अन्य सहयोगियों को भी धन्यवाद देता हूं। हमारे संविधान ने हमें चुनावी प्रक्रिया दी है जिसे बाबा साहेब अंबेडकर ने लिखा था और अब वह 75 साल की उम्र पूरी कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और विजय रूपाणी आज की विधायक दल की बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर मौजूद थे।

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या पर शिव नृत्य दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** कानपुर रोड आशियाना क्षेत्र में स्थित स्मृति उपवन में माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेविका नम्रता पाठक व विशिष्ट अतिथि समाज सेविका शिखा गोयल एवम महोत्सव अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा और सूरज जैसवानी, विनय दुबे, रनवीर सिंह, हेमू चौरसिया दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का आरंभ हुआ।

वरिष्ठ समाजसेवी नम्रता पाठक ने हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की प्रशंसा करते हुए आयोजक अरुण प्रताप सिंह को बधाई देते हुऐ कहा की ऐसे कार्यक्रम होने से हस्तशिल्प को और बढ़ावा मिलता हैं एवम विलुप्त हो रही सभ्यता और संस्कृति को कायम कर सराहनीह कार्य किया हैं। सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने मनोरम नृत्य, गीत, संगीत एवं कविताओं का मनोरम प्रस्तुती दी गई। टैलेंट शो पूजा साहनी के संयोजन में मोहिनी ने मेरे घर राम आए हैं.... गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।




वैष्णवी ने शिव नृत्य कर दर्शकों को घुमाया नचाया इसी क्रम में अनन्या, रिद्धि, ममता, ओम गुप्ता, मोहिनी, वैष्णवी गीता, अमित, जान्हवी, ममता और अनन्या ने प्रस्तुति दी। स्वरांजलि सांस्कृतिक संस्था निर्देशक इंजी. दिनेश कुमार श्रीवास्तव के संयोजन से जुड़े बिभिन्न गायन, नृत्य के कलाकारों ने अपनी कला का बहुत ही मनभावन एवं उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। गायन में इंजी दिनेश कुमार श्रीवास्तव के अलावा फैसल नसीम, अनिल श्रीवास्तव, रज्जन लाल, चंद्र मोहन मिश्रा, संगीता, प्रतिभा रानी,मृदुला भटनागर,अर्चना श्रीवास्तव, सोनिया सक्सेना ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से श्रोताओं का मन मोह लिया। वही मातृभाषा हिंदी संगठन के तत्वाधान में संयोजक कुमार लक्ष्मीकांत एवं अंबुज उषा नंदन, अंकुर पाठक, पीयूष योगी, अशोक, नीतू, कृति शर्मा, वानी और प्रीति सिंह आदि कवियों द्वारा प्रस्तुति पर उपस्थित श्रोता जमकर ठहाके लगाते हुए हास्य कविता के मजे लूटे। अंत में आयोजक अरुण प्रताप सिंह एवं गुंजन वर्मा द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये कलाकारों एवं कवियों को पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र पहना सम्मानित किया गया।

# खबरें एक नजर में

### निजी बस में छापा मारकर 16 किग्रा एमडी ड्रग्स जब्त

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने मुंबई में हैदराबाद से आ रही निजी बस में छापा मारकर 16 किलोग्राम एमडी ड्रग्स और 1.93 करोड़ रुपये कैश जब्त किया है। बरामद ड्रग्स की कीमत 24 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस मामले में डीआरआई ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। डीआरआई टीम इस मामले की गहन छानबीन कर रही है। डीआरआई के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि उनकी टीम को हैदराबाद से मुंबई आ रही निजी बस में ड्रग आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के आधार पर उनकी टीम ने मंगलवार को मुंबई में संदिग्ध बस को रोककर छापा मारा गया। इस बस में सफर कर रहे 3 लोगों के सामान की तलाशी लेने पर तीनों के पास 24 करोड़ का सफेद पाउडर और 1.93 करोड़ रुपये कैश मिले। इस सफेद पाउडर की केमिकल जांच की गई तो इसकी पहचान एमडी ड्रग (मेफेड्रोन) के रुप में की गई। इसके बाद मंगलवार को ही इन तीनों से गहन पूछताछ की गई तो दो और संदिग्धों के नाम सामने आए। डीआरआई की टीम इन दोनों आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया है। डीआरआई की टीम इस मामले में पांचों आरोपितों से गहन छानबीन कर रही है।

### टीम स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए आठ सदस्यीय भारतीय टीम घोषित

**नई दिल्ली।** हांगकांग, चीन में 9 से 15 दिसंबर तक होने वाले डब्ल्यूएसएफ विश्व टीम स्क्वैश चैंपियनशिप में भारत आठ सदस्यीय टीम (पुरुष और महिला) भेजेगा। स्क्वैश इतिहास में पहली बार, पुरुषों और महिलाओं की स्पर्धाएँ एक साथ आयोजित की जाएंगी, जिसमें महिलाओं की स्पर्धा में 23 टीमें और पुरुषों की स्पर्धा में 26 टीमें शामिल होंगी। 9/12 वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष टीम पूल एफ में कोलंबिया और आयरलैंड के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी। 10/12 वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम को अपने पूल में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा, जिसमें बेल्जियम (तीसरी वरीयता), कोलंबिया और इटली शामिल हैं। पूर्व एशियाई खेलों के पदक विजेता और राष्ट्रीय चैंपियन हरिंदर पाल सिंह संधू और जोशना चिनप्पा क्रमशः पुरुष और महिला टीमों के कोच होंगे। संयोग से, 19 बार की राष्ट्रीय चैंपियन जोशना के लिए यह पहला कोचिंग असाइनमेंट होगा।

### राष्ट्रपति मुर्मु ने श्रीजगन्नाथ मंदिर पुरी में पूजा-अर्चना की

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ओडिशा के अपने पांच दिवसीय दौरे के दूसरे दिन बुधवार को पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर के दर्शन किये। श्रीमती मुर्मु ने पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ के दर्शन किये और पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान जगन्नाथ से सभी की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। दर्शन के बाद राष्ट्रपति ने संवाददाताओं से कहा,मैंने भगवान जगन्नाथ के समक्ष राज्य और देश भर के सभी नागरिकों की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उनके यहां पहुंचने पर, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी और उपमुख्यमंत्री पार्वती परीदा उनके साथ ग्रैंड रोड (बड़ा डांडा) से होते हुए श्रीमंदिर तक पैदल गए। राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए सड़क के किनारे बड़ी संख्या में लोग एकत्रित थे। मंदिर में दर्शन करने के बाद श्रीमती मुर्मु पुरी में गोपबंधु आयुर्वेद महाविद्यालय की 75वीं वर्षगांठ के समारोह में शामिल हुईं। उन्होंने विद्यार्थियों से आयुर्वेद के अनछुए पहलुओं पर शोध करने का आग्रह किया और कहा कि शोध से इस प्राचीन चिकित्सा पद्धति की पहचान दुनिया भर में बढ़ेगी। वह अपराह्न में पुरी के ब्लू फ्लैग बीच पर नौसेना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

### मुख्यमंत्री ने किया 'उपनिषदीय दर्शन बोध' पुस्तक का विमोचन

**देहरादून, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में 'उपनिषदीय दर्शन बोध' पुस्तक का विमोचन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय वैदिक दर्शन और सनातन संस्कृति के संभावक के रूप में एक नई पहचान स्थापित कर रहे हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 'उपनिषदीय दर्शन बोध' पुस्तक के लेखक प्रकाश सुमन ध्यानी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इस पुस्तक के माध्यम से उन्होंने उपनिषद के जटिल और गूढ़ रहस्यों को साधारण तरीके से लिखा है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों को सबके समक्ष रखा है। उपनिषद भारतीय संस्कृति और दर्शन की अमूल्य निधि है, जिसने संपूर्ण विश्व को ज्ञान और चेतना का मार्ग दिखाया है। हमारी ज्ञान परंपरा संपूर्ण विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम के रूप में मानती है। उपनिषद आध्यात्मिक चिंतन के स्रोत के साथ ही मानवता को व्यावहाकि जीवन दृष्टि भी प्रदान करते हैं।

### तमिल अभिनेता मंसूर अलीके बेटे ड्रग्स बेचने के आरोप में गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिल सिनेमा के जाने-माने अभिनेता मंसूर अली खान के बेटे अली खान को ड्रग्स रखने और बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से बड़ी मात्रा में अवैध पदार्थ बरामद किया गया है। ड्रग्स मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सैयद साकी, मोहम्मद रियास और फैसल अहमद को भी हिरासत में लिया है। मामले की गहराई से जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस को लंबे समय से अली खान की गतिविधियों पर शक था, जिसके बाद एक विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस छापेमारी में अली खान को रंगे हाथों पकड़ा गया। इस घटना ने मनोरंजन जगत में हड़कंप मचा दिया है। फिलहाल अली खान पुलिस हिरासत में हैं और उनसे पूछताछ जारी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वह इस अवैध कारोबार में अकेले थे या किसी बड़े गिरोह का हिस्सा हैं। इस गिरफ्तारी के बाद अभिनेता मंसूर अली खान और उनके परिवार ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

### रेलवे प्रत्येक टिकट पर 46 प्रतिशत छूट प्रदान करता है : वैष्णव

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि भारतीय रेलवे प्रत्येक टिकट पर 46 प्रतिशत छूट प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे प्रतिवर्ष सभी श्रेणी के यात्रियों को कुल 56,993 करोड़ रुपये की सब्सिडी देता है।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान रेल सेवाओं से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत सरकार रेलवे में यात्रियों को किफायती रखने के लिए 56,993 करोड़ रुपये की सब्सिडी दे रही है। उन्होंने कहा कि यदि किसी पैसेंजर सर्विस को ऑपरेट करने की कॉस्ट सौ रुपये है तो उसमें टिकट का मूल्य मात्र 54 रुपये रखा गया है सभी यात्रियों को 46 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है। वैष्णव ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार गरीबों के प्रति समर्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक नागरिक तक बेहतर रेल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जनरल कोच की संख्या बढ़ा रही है। वैष्णव ने कहा कि आज फर्स्ट एसी, सेकेंड एसी और थर्ड एसी के कोच बढ़ाने पर फोकस नहीं है बल्कि जनरल कोच की संख्या बढ़ाने पर प्राथमिकता दी जा रही है।

### नामीबिया की पहली महिला राष्ट्रपति होंगी नेतुम्बो नंदी-नदैतवा

**विंडहॉक (नामीबिया)।** दक्षिणी अफ्रीका के महत्वपूर्ण देश नामीबिया के पांचवें राष्ट्रपति के चुनाव में स्वैपो पार्टी की उपाध्यक्ष नेतुम्बो नंदी-नदैतवा ने इतिहास रच दिया। वह देश की पहली महिला राष्ट्रपति होंगी।द नामीबियन अखबार के अनुसार, नामीबिया चुनाव आयोग (ईसीएन) के कमिश्नर एल्सी नघिकेमबुआ ने मंगलवार शाम उनके निर्वाचित होने की घोषणा की। उन्होंने 638,560 वोटों के साथ जीत हासिल की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी इंडिपेंडेंट पैट्रियट्स फॉर चेंज (आईपीसी) के नेता पांडुलेनी इटुला को 284,186 मत मिले।